मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35 डि.से. |
| न्यूनतम | 08 डि.से. |
| सूर्योदय | 5:40 |
| सूर्यास्त | 6.20 |

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना | 69,670 |
| चांदी | 84,500 |

प्रातःकालीन संस्करण RNI: UPHIN/2023/86511 लखनऊ से प्रकाशित

# न्यूज़ तंत्र

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



4 आया ऊंट पहाड़ के नीचे | 5 पेड़ से टकराई कार, युवक की मौत, कई घायल | 6 अबकी बार घोड़े पर सवार होकर आएगी मां दुर्गा

• लखनऊ • मंगलवार 9 अप्रैल 2024 • वर्ष : 1 • अंक : 346 • मूल्य : 1.00 रु. • पृष्ठ : 08

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री, सांसद व नागपुर से भाजपा प्रत्याशी नितिन गडकरी के लिए किया प्रचार

# जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे

एजेंसी



» यूपी से व्यापारी, बेटियां पलायन नहीं करतीं, बल्कि अब माफिया व अपराधी पलायन कर गए: योगी

» सीएम योगी के नेतृत्व में अयोध्या को आदर्श शहर के रूप में गिना जाएगा: गडकरी

**नागपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नितिन गडकरी ने देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का नया मॉडल दिया है। राजनीति के अजातशत्रु नितिन गडकरी के मुंह पर ना शब्द नहीं है। कोई भी किसी काम के लिए गया तो गडकरी जी ने कभी मना ही नहीं किया।

अयोध्या, मथुरा, काशी, प्रयागराज, लखनऊ में जितना पैसा मांगा गया, गडकरी जी ने दिया। दिल्ली से मुंबई के बीच में आठ लेन के हाइवे का सपना साकार हुआ है। नितिन गडकरी के बारे में कोई भी नकारात्मक टिप्पणी नहीं करता है। सौभाग्य है कि आपको नितिन गडकरी के रूप में सांसद चुनने का अवसर प्राप्त होता है। नितिन गडकरी की पहचान देश के इंफ्रास्ट्रक्चर मंत्री के रूप में है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री व नागपुर से भाजपा प्रत्याशी नितिन गडकरी के लिए सोमवार को जनसभा की। सीएम योगी ने नितिन गडकरी को पांच लाख से अधिक वोटों से जिताने की अपील की। नागपुर से प्रत्याशी बबिता अवस्थी ने योगी आदित्यनाथ के समक्ष नितिन गडकरी को अपना समर्थन दे दिया।

सीएम योगी ने कहा कि मैं मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की पावन धरा यूपी से आया हूं। महाराष्ट्र में जहां भी गया, एक ही आवाज थी- जो राम को लाएंगे, हम उनको लाएंगे। हमारे यहां एक गाना बजता था-- होली खेले रघुवीरा अवध में, लेकिन 500 वर्षों तक रामलला ने अयोध्या में होली नहीं खेली। यह सौभाग्य इस बार आया है, जब रामलला ने अयोध्या में होली खेली है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम दूरदर्शन, टेलीविजन व स्मार्टफोन में लाइव आपने देखा होगा। यह अवसर कांग्रेस या अन्य दल नहीं दे पाते। यह कार्य इसलिए हो पाया, क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्रवादी व देश के बारे में सोचने वाली सरकार है।

## गडकरी ने की योगी के यूपी राज की तारीफ

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंच से योगी आदित्यनाथ और उनके नेतृत्व में बदले यूपी की जमकर तारीफ की। गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बारे में कहा जाता था कि यह बीमारू प्रदेश है। यहां बिजली-पानी और अच्छी सड़कें नहीं थीं। युवाओं के हाथों को काम नहीं मिलता था। यूपी छोड़कर लोग देश के अनेक भागों में रोजगार के लिए जाते थे। यूपी की बदतर कानून व्यवस्था किसी से छिपी नहीं थी, लेकिन योगी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के बाद यूपी की तस्वीर बदल गई। आज यूपी की कानून व्यवस्था बहुत अच्छी है। आज वहां कोई गुनहगार हिम्मत नहीं कर सकता, योगी जी के नेतृत्व में ऐसे प्रशासन का निर्माण हुआ है। देश की पूरी जनता इस बात के लिए योगी को धन्यवाद देती है। यूपी के विकास की गति बढ़ी है, वहां अब लाखों करोड़ के निवेश आ रहे हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की जनता ने सुशासन व विकास में नए परिवर्तन का अनुभव किया है।

बिजनौर में विपक्ष पर गरजे जेपी नड्डा, बोले-

# इंडी गठबंधन के आधे नेता बेल पर आधे जेल में

संवाददाता

**बिजनौर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते कहा कि इंडी गठबंधन के आधे नेता बेल पर हैं तो आधे नेता जेल में हैं, ये क्या देश का विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के सभी दल भ्रष्टाचारी और सभी पार्टियां परिवार की हैं, उन्हें आम जनता से कोई सरोकार नहीं। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र की 1929 में जिन्ना द्वारा लाए गए मुस्लिम लीग के प्रस्ताव से तुलना की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सोमवार को धामपुर के प्रियंका मॉर्डन स्कूल में नगीना लोकसभा क्षेत्र के भाजपा गठबंधन प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की केवल दो विशेषताएं हैं, पहली इसके सभी दल भ्रष्टाचारी हैं, इसलिए यह भ्रष्टाचार बचाओ गठबंधन भी है। दूसरे ये सभी दल परिवार की पार्टियां हैं, इनका आम जनता से कोई वास्ता नहीं है।

> *उस समय यूपी के यू का मतलब था उत्पीड़न और पी का मतलब था पक्षपात जबकि आज यू का मतलब है उम्मीद और पी का मतलब है प्रगति। अब प्रदेश में हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है, रोड बन रही है, रेल लाइन बिछ रही है।*
>
> **जेपी नड्डा**



राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश की अर्थव्यवस्था की सराहना करते हुए कहा, वतर्मान सबको साथ लेकर चलने का काम कर रही है। पिछले 10 सालों में देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कोरोना के दौरान सरकार के कुशल प्रबंधन की सराहना करते हुए कि कोरोना के बाद जहां अमेरिका, जापान, चीन की अर्थव्यवस्था डगमगा गई।

# आज से धार्मिक स्थलों के लिए चलेंगी अतिरिक्त बसें

संवाददाता



**लखनऊ।** नौ अप्रैल से नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु नवरात्र के दौरान माता के दर्शन करने जाते हैं। श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई समस्या न होने पाए, इसके लिए उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम पूरे महीने धार्मिक स्थलों के लिए विशेष बस सेवाएं चलाएगा। ये बसें कैसरबाग, आलमबाग और अवध बस स्टेशन से चलाई जाएंगी।

चैत्र नवरात्र पर आदि शक्ति मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ ने परिवहन निगम से विशेष बसें चलाने का आग्रह किया था। परिवहन निगम प्रधान प्रबंधक ने बताया कि नवरात्रि में देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का बड़ी संख्या में आवागमन होगा। प्रधान प्रबंधक (संचालन) की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि नवरात्र पर श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों की भीड़ देखते हुए अतिरिक्त सेवाएं चलेंगी। लंबी दूरी की धार्मिक स्थलों की बसों के लिए तत्काल, एडवांस में बुकिंग वेबसाइट पर शुरू हो गई है।

# जहां सत्ता पाओ खूब मलाई खाओ

» महाराष्ट्र में विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी, कहा- समस्याओं की जननी है कांग्रेस

एजेंसी



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में महज कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों में एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका एक ही मंत्र है, जहां भी सत्ता पाओ खूब मलाई खाओ।


प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के सांसद भारत के एक और विभाजन की बात कर रहे हैं। इंडी अलायंस के लोग दक्षिण भारत को अलग करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक में शामिल डीएमके द्वारा सनातन धर्म को को डेंगू-मलेरिया कहा जाता है और इसके खात्मे की बात की जाती है। उधर नकली शिवसेना वाले डीएमके पार्टी के उन्हीं लोगों को महाराष्ट्र में रैली करवाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जब इंडी गठबंधन की केंद्र में सरकार रही उन्होंने हमेशा देश को अस्थिरता में झोंका और महाराष्ट्र की लगातार उपेक्षा होती रही।

> *कड़वे करेले को घी में तलें या शक्कर में घोलें, वो फिर भी कड़वा का कड़वा ही रहता है। यह कहावत कांग्रेस पर सटीक लागू होती है। कांग्रेस कभी नहीं बदल सकती।*
>
> **नरेन्द्र मोदी**

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कड़वे करेले को घी मे तले या शक्कर मे घोले, वो फिर भी कड़वा का कड़वा ही रहता है। यह कहावत कांग्रेस पर सटीक लागू होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी नहीं बदल सकती। प्रधानमंत्री के अनुसार राजनीतिक पार्टियों का दायित्व होता है कि वो जनता की समस्याओं का समाधान करे, लेकिन कांग्रेस खुद ही समस्याओं की जननी है। प्रधानमंत्री के अनुसार राजनीतिक पार्टियों का दायित्व होता है कि वो जनता की समस्याओं का समाधान करे, लेकिन कांग्रेस खुद ही समस्याओं की जननी है। पीएम मोदी ने कहा कि जब नीयत सही होती है तो नतीजे भी सही होती है। आज देश का दलित, पिछड़ा, आदिवासी और गरीब मोदी सरकार को अपनी सरकार मानता है।

# राहुल गांधी ने जीतने के लिए आतंकवादी संगठन से ली है मदद

संवाददाता



**रायबरेली।** अमेठी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गाँधी पर जोरदार हमला बोला। अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की राहुल गांधी ने वायनाड चुनाव जीतने के लिए आतंकवादी संगठन पीएफआई से मदद ली है।

उन्होंने कहा की कांग्रेस का एक गुट चाहता है कि राहुल गाँधी को राजनीति से मुक्त कर दिया जाए।केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने राहुल गाँधी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने राहुल गाँधी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने वायनाड का चुनाव जीतने के लिए आतंकी संगठन पीएफआई से समर्थन लिया है। उन्होंने कहा कि पीएफआई की चार्जशीट को देखने पर पता चलता है कि यह वही संगठन है जिसने हर जिले में कितने हिंदुओं को मारना है इसकी लिस्ट बना रखी है। स्मृति इरानी ने सवाल पूछा है कि राहुल गाँधी ने ऐसे आतंकी संगठन का सहयोग क्यों लिया। अमेठी संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाली रायबरेली जिले की सलोन विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक करने पहुंची स्मृति इरानी।

## कविता को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को अंतरिम जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह उन्हें अंतरिम जमानत देने का उचित समय नहीं है। कविता ने अदालत से अंतरिम जमानत दिए जाने का आग्रह करते हुए कहा था कि उनके 16 वर्षीय बेटे की परीक्षाएं हैं और उसे अपनी मां के ''नैतिक और भावनात्मक समर्थन'' की जरूरत है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस दलील का विरोध करते हुए दावा किया कि कविता ने मामले में सबूत नष्ट किए।

# केशव मौर्या को गुंडा माफिया कहने पर मचा सियासी घमासान

संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव व मुख्तार अंसारी के सांसद भाई अफजाल अंसारी द्वारा गाजीपुर में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को गुंडा बताए जाने पर सियासत गर्मा गई है। भाजपा ने इस पर पलटवार किया है, वहीं कोईरी समाज (कुशवाहा मौर्या आदि) ने अखिलेश यादव व अफजाल अंसारी के बयान पर गहरा आक्रोश जताया है। समाज के लोगों को इस बयान के खिलाफ लामबंद करने की कोशिशें की जा रही हैं।



रविवार को गाजीपुर में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा था कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से बड़ा गुंडा कौन हो सकता है। उनकी भी लगा दो एक तस्वीर। उप मुख्यमंत्री की भाषा यह नहीं हो सकती है। लोकतंत्र खतरे में है। यह तानाशाह सरकार हटेगी। वहीं अफजाल अंसारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि केशव प्रसाद मौर्य पर 16 मुकदमें रहे हैं। 302 जैसे मुकदमें हैं। केशव खुद माफिया हैं। विधायक का चुनाव भी हार गए। हारने के बाद भी पद स्वीकार हैं। ऐसे लोग लंबी-लंबी बातें कर रहे हैं। भाजपा सरकार का तिलिस्म टूट गया है जनता के सामने।

दूसरी ओर भाजपा काशी क्षेत्र की उपाध्यक्ष व मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र की प्रभारी सरोज कुशवाहा जो कि मूलतः गाजीपुर जिले की हैं, उन्होंने अफजाल अंसारी के इस बयान का ना सिर्फ विरोध किया है बल्कि नाराजगी भी जताई है।

## केंद्रीय मंत्री की कार से टकराया बाइक सवार, मौके पर मौत

**नई दिल्ली।** सोमवार को केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे की कार से टकराकर एक बाइक सवार की मौत हो गई। यह घटना केआर पुरम के गणेश मंदिर के पास हुई थी।


केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे की कार के गेट से टकराकर सोमवार को एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों की मानें तो सुबह केंद्रीय मंत्री चुनाव प्रचार के लिए जा रही थीं, जैसी ही उनकी कार का दरवाजा खुला, एक बाइक सवार उससे टकराकर गिर गया। पीछे से आ रहा एक ट्रक उस पर चढ़ गया। जिससे उसकी तुरंत मौत हो गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक बाइक सवार की पहचान हो गई है।

# किसी की नागरिकता नहीं जाएगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पी रामलिंगम के समर्थन में यहां एक रोड शो करने के बाद कहा कि भाजपा ने जो वादा किया, उसे हमेशा पूरा किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करना और धारा 370 एवं सीएए को निरस्त करना ऐसे ही वादे थे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के लागू होने से किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं जाएगी, भले ही वह किसी भी धर्म से संबंध रखता हो। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर इस मुद्दे को लेकर ''भ्रम पैदा करने'' का आरोप लगाया।



राजनाथ ने लोकसभा चुनाव में नामक्कल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पी रामलिंगम के समर्थन में यहां एक रोड शो करने के बाद कहा कि भाजपा ने जो वादा किया, उसे हमेशा पूरा किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करना और धारा 370 एवं सीएए को निरस्त करना ऐसे ही वादे थे।

उन्होंने कहा, ''हमने नागरिकता अधिनियम का वादा किया था और हमने इसे पूरा किया। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत के किसी भी नागरिक की नागरिकता नहीं जाएगी - चाहे वह हिंदू हो, मुसलमान हो, ईसाई हो, पारसी हो या यहूदी हो।'' उन्होंने कहा, ''द्रमुक और कांग्रेस इस मामले पर भ्रम पैदा कर रहे हैं।''

तीन तलाक को समाप्त किए जाने पर उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म की ''माताएं और बहनें हमारी माताएं और बहनें'' हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, ''किसी भी धर्म की हमारी माताओं और बहनों पर हर अत्याचार के खिलाफ हम उनके साथ खड़े हैं और हमने तीन तलाक को खत्म करके यह साबित कर दिया है।

# जेल का जवाब वोट से

» आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए शुरू किया अभियान

एजेंसी




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सोमवार को जेल का जवाब वोट से अभियान लॉन्च किया। इस मौके पर सांसद संदीप पाठक ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने साजिश करके सीएम केजरीवाल को जेल में डाल दिया। दिल्ली की जनता से अनुरोध है कि वे अपने सीने में इसे रखें और जेल का जवाब वोट से दें।

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सोमवार को जेल का जवाब वोट से अभियान लॉन्च किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद संजय सिंह, सांसद संदीप पाठक, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय और आप नेता पंकज गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान संदीप पाठक ने इस दौरान बीजेपी पर जमकर हमला बोला।

# पब्लिसिटी स्टंट

» केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की मांग वाली याचिका पर नाराज हुआ दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली याचिका को पब्लिसिटी स्टंट करार दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह याचिका केवल प्रचार के लिए दायर की गई थी।

एकल न्यायाधीश ने इस याचिका को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की पीठ के समक्ष स्थानांतरित करने का निर्देश दिया और साथ ही कहा कि याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाया जाए। न्यायाधीश सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि इस तरह के मामलों पर मुख्य न्यायाधीश द्वारा विचार और निपटारा किया जाता है। अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली याचिका आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने दायर की थी। संदीप कुमार ने दावा किया था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के मतदाता होने के नाते वह व्यक्तिगत रूप से इस बात से व्यथित हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### रिटायर्ड फौजी को बंधक बना कर पीटा,चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जगदीशपुर,अमेठी।** कमरौली थाना क्षेत्र के बनभरिया के चांद गढ़ गाँव में शुक्रवार को एक रिटायर्ड फौजी को चार लोगों ने बंधक बना कर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी ,पिटाई से फौजी घायल हो गया।पुलिस ने घायल फौजी को इलाज के लिए सी एच सी जगदीशपुर भेजा और पीड़ित की तहरीर पर बनभरिया ग्राम प्रधान के पति समेत चार के मुकदमा दर्ज कर दो का शांति भंग में चालान किया है। पूरे गरवर के रहने वाले रिटायर्ड फौजी कलीम अख्तर ने थाने पर दी तहरीर में कहा है कि शुक्रवार शाम मो अकरम निवासी जियापुर थाना इन्हौना ने पांच ट्राली मौरंग के हिसाब के लिए चांदगढ़ के मो लईक अहमद के घर बुलाया जहां पहले से ही मौजूद लईक अहमद व बनभरिया प्रधान पति अतीक अहमद तथा मो अकरम और मो नफीस ने घर अंदर घसीटते हुए बंधक बना लिया और मारा पीटा और गाली गलौज की और घटना का किसी से जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी दी।थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि रिटायर्ड फौजी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मो अकरम व बनभरिया के प्रधान पति अतीक अहमद का शांति भंग में चालान कर उपजिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया गया।जहां से उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

### गोष्ठी का आयोजन कर स्वास्थ्य कर्मियों को दिए दिशा निर्देश

**जगदीशपुर,अमेठी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार के विषय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप तिवारी के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए और कहा कि एक उत्तम स्वास्थ्य प्रत्येक मनुष्य का मौलिक अधिकार है।और एक स्वास्थ्य कर्मी होने के नाते हम सभी का यह दायित्व है कि हम हर परिस्थिति में अपने यहां आने वाले प्रत्येक रोगियों को उसके इस स्वास्थ्य के अधिकार के प्रति जागरूक करें।और अपनी सेवाएं निस्वार्थ भाव से देते रहें।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जन आरोग्य मेंले का आयोजन किया गया-जिसमे कुल 308 रोगियों को मुफ्त दवाई एवं जांच सुविधा प्रदान की गई।अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप तिवारी ने बताया कि उक्त मेले में कुल पुरुष रोगी 107 महिला रोगी 159 बच्चे 42 को जन आरोग्य मेंले का लाभ प्रदान किया गया साथ ही अधीक्षक डॉ प्रदीप तिवारी ने मेंले का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

### श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत कलश यात्रा के साथ

**बाजार शुक्ल अमेठी (राजेश पाल)।** ग्राम सभा माझगांव अंतर्गत पन्ही मां कामाख्या मंदिर परिसर में आचार्य सुरेंद्र जी महाराज के आयोजन व श्री श्री 108 संत श्री सुरेंद्रनाथ दास हरचंदपुर धाम अयोध्या के सानिध्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 51 कन्याओं और 5 पुरुष व महिलाओं के द्वारा कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। मां कामाख्या मंदिर प्रांगण में 9 अप्रैल से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलशयात्रा एवं विशाल शोभायात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा कथा स्थल मां कामाख्या मंदिर पन्ही गांव से आरंभ होकर पावन तट गोमती घाट तट से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर गांव का भ्रमण कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची। यात्रा में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने पीले वस्त्र धारण किए। कलशयात्रा के साथ साथ विशाल शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। मंगल कलशयात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमद्भागवत महापुराण के पूजन के पश्चात वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ इस कथा के प्रथम दिन का शुभारंभ किया गया।

### सोमवती अमावस्या पर सुहागिनों ने की परम्परागत पूजन अर्चन

**बहराइच।** सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने परम्परागत तरीके से पीपल वृक्ष की 108 बार परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधा,और अपने पति की दीर्घायु व सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवार को सुबह से ही सुहागिन महिलाओं की भीड़ शहर के संघारिणी मंदिर परिसर तथा मरी माता मंदिर परिसर में लगे पीपल के वृक्ष तथा बख्शीपुरा, बशीरगंज, सिविल लाइंस तथा अन्य पीपल वृक्ष की ओर चल पड़ी। इस दौरान महिलाओं ने परम्परागत पूजन अर्चन कर पति के दीर्घायु की कामना की। इसके अतिरिक्त बाबागंज इलाके के चरदा, बाबागंज, शंकर पुर,गड़रहवा, वीरपुर, पंडित पुरवा सहित अनेक गांवों में सुबह से ही महिलाएं पूजन की तैयारी में जुट गई। पीपल वृक्ष के पास पहुंचकर महिलाओं ने फल-फूल, नैवेद्य आदि चढ़ाकर विधिवत पूजन किया। साथ ही पीपल वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करते हुए अपने पति की दीर्घायु होने की कामना व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पंडित अशोक पाठक ने बताया कि धार्मिक मान्यतानुसार सोमवती अमावस्या के दिन पीपल के पेड़ की परिक्रमा करने का भी विशेष महत्व होता है।पीपल के पेड़ की परिक्रमा करने से वैवाहिक जीवन खुशियां बनी रहती हैं।

### लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लंघन बड़ी कार्रवाई को आमंत्रित करेगा

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं 2ाान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पुस्तिकाओं, पोस्टरों, पम्पलेट इत्यादि प्रचार सामग्री के मुद्रण कार्य के अनुवीक्षण के सम्बन्ध में भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त हुए दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए समस्त मुद्रणालयों को निर्देशित किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127''क'' की अपेक्षाओं का उल्लंघन राज्य के संगत कानूनों के अन्तर्गत मुद्रणालयों के लाइसेंस के प्रतिहस्ताक्षर सहित बड़ी कार्यवाही को आमंत्रित करेगा।वरिष्ठ कोषाधिकारी/प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा नरोत्तम 2ारण ने दी। उन्होंने बताया कि समस्त मुद्रणालयों को निर्देशित किया गया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रत्याशियों के चुनावी प्रचार से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर, पुस्तिकाओं इत्यादि के मुद्रण कार्य करने से पूर्व अभ्यर्थियों से सभी अपेक्षित अभिलेख अवश्य प्राप्त करें तथा प्रकाशन के पश्चात आयोग द्वारा नामित किये गये अधिकारियों को सुस्पष्ट सूचनाएं निर्धारित प्रपत्र पर उपलब्ध करायेंगे। मुद्रणालयों को यह भी जानकारी दी गयी कि लोक प्रतिनिधत्व अधिनियम 1951 की धारा 127''क'' के अनुसार निर्वाचन पोस्टर, पैम्पलेट इत्यादि के प्रकाशक को परिशिष्ट-क में घोषणा पत्र देना होगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार प्रकाशक की व्यक्तिगत पहचान दो व्यक्तियों द्वारा की जायेगी। मुद्रित सामग्री के मुख्य पृष्ठ पर प्रकाशक और मुद्रक का पूरा नाम व पता अंकित होना चाहिए। मुद्रित सामग्री की चार प्रतियों को मुद्रक परिशिष्ट-ख, परिशिष्ट-क के साथ निर्वाचन कार्यालय में जमा करायेंगे। कोई व्यक्ति जो उक्त प्रक्रिया का उल्लघंन करता है, वह 06 (छः) महीने तक कारावास अथवा जुर्माना जिसे 02 (दो) हजार रूपये तक बढ़ाया जा सकता है अथवा दोनो से दण्डनीय होगा।

### प्रथम दिन प्रशिक्षित किये गये मतदान कार्मिक

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए स्व. ठाकुर हुकुम किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में आयोजित 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन दो पालियों में प्रथम पाली में कोड संख्या 1 से 1250 तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 1250 से 2500 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने प्रशिक्षण स्थल के उन सभी कक्षों का विधिवत् निरीक्षण किया जहॉ पर कार्मिकों को सैद्धान्तिक एवं ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने मतदान कार्मिकों को इस बात के निर्देश दिये कि मतदान के दौरान ईवीएम मशीन में एरर आने पर उसे दूर करने के तरीकों को भली प्रकार से सीख लें। इसके अलावा एसएमएस और पंजिका को भरने के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त की जाय। सभी कार्मिकों को सुझाव दिया गया कि प्रशिक्षण के दौरान आप में इतनी परिपक्वता आ जाए कि मतदान के दिन यदि कोई दिक्कत आती है तो आपको पता होना चाहिए कि आपको क्या करना है। रम्या आर ने मतदान कार्मिकों का आहवान्ह किया कि पूरे मनोयोग के साथ ईवीएम संचालन तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि पोलिंग डे पर आपको को किसी प्रकार असुविधा न हो।

# आज से चैत्र नवरात्र शुरू

**सज गए मंदिर**

संवाददाता



**बाजार शुक्ल अमेठी।** चैत्र नवरात्रि को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज से शुरू हो रहे नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर पर विशेष साफ-सफाई पर भी जोर दिया गया है। आज क्षेत्र के देवी मंदिरों पर माता के जयकारों से गुंजायमान होंगे। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर दुकानों में पूजा सामग्रियों की बिक्री जोरों पर है। लोग चुनरी, नारियल सहित अन्य चीजों की जमकर खरीदारी करते देखे गए। नवरात्रि में घरों में पूजा कराने के लिए पुरोहितों की मांग बढ़ गई है। व्रत रखने के लिए बाजारों में बिक रहे फल व मेवा के दामों में भी उछाल देखने को मिल रहा है। पंडित हरिशंकर तिवारी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। नवरात्रि का महापर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मां दुर्गा को सुख, समृद्धि व धन की देवी कहा जाता है। नवरात्रि में मां अम्बे को प्रसन्न करना आसान होता है। मां दुर्गा का लाल रंग सबसे खास माना जाता है। इसलिए पूजा में आसन के तौर पर लाल रंग के कपड़े का प्रयोग किया जाता है। श्रद्धालुगण फूल की माला, आम पत्ते, पान, सुपारी, लौंग, बतासा, हल्दी गांठ, पिसी हल्दी, मौली, रोली, कमल गट्टा, शहद, चीनी, पंचमेवा गंगाजल जावित्री जाता नारियल सूखा नारियल दूध वस्त्र दीपक घी वह अगरबत्ती याद पूजा समितियां से मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जानी चाहिए जिसे माता दुर्गा की कृपा भक्तों पर होती है युक्तियां व महिलाएं 16 श्रृंगार अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करती हैं।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**बहराइच।** जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार की देर रात वाहन की टक्कर से एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

देहात कोतवाली के बहराइच- बलरामपुर हाईवे के डीहा के पास रविवार रात 9:15 बजे तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी मे टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार श्रावस्ती जिले के गिलौला थाने के औरय्या निदान निवासी अरविन्द कुमार पुत्र मिश्री लाल की मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना कोतवाली देहात की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना पाकर मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस



संवाददाता

**कमरौली अमेठी।** जनपद के 184 जगदीशपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम सभा सिंदुरवा में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बूथ संख्या 137 व बूथ अध्यक्ष मदन वाजपेई के द्वारा सिंदुरवा बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का 45 वा स्थापना दिवस मनाया गया। डॉक्टर बब्बन श्रीवास्तव, दयाशंकर मिश्र, आशुतोष सिंह, शिव मोहन जायसवाल, आशीष तिवारी, अश्वनी तिवारी, गीता पासी, जस करण नाई,बूथ पर पन्ना प्रमुख समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# बलिदान दिवस पर याद किए गए अमर शहीद मंगल पाण्डेय

संवाददाता

**बहराइच।** प्रथम स्वाधीनता आंदोलन के सूत्रधार मंगल पाण्डेय का बलिदान दिवस सोमवार को सेनानी भवन के सभागार में आयोजित किया गया। स्वाधीनता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने शहीद मंगल पाण्डेय की वीरता तथा उनके स्वाभिमान की विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संरक्षक अनिल त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि मंगल पांडे 1857 में हुए पहले स्वतंत्रता संग्राम के जनक थे। उनके द्वारा सर्व प्रथम सिपाही विद्रोह किया गया उन्होंने चर्बी वाले कारतूस को मुंह से खोलने से मना किया था जिस वजह से उन्हें गिरफ्तार किया गया, उनके ऊपर ब्रिटिश अधिकारियों पर हमला करने का आरोप था। संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि मेरठ की धरती पर शुरू हुआ प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का यह आन्दोलन क्रमशः पूरे देश में फैला, मंगल पांडे के छोटे से प्रयास ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी, हालांकि ये 1857 की क्रांति को संगठित संघर्ष नहीं कहा जा सकता है लेकिन इस घटना ने अंग्रेजी साम्राज्य को भारत के बारे में नये तरीके से सोचने को विवश किया।

संगठन महामंत्री आदित्य भान सिंह ने कहा कि उन्होंने मारो फिरंगी को नारे के साथ अंग्रेजों पर हमला तक कर दिया यह जानते हुए कि ब्रिटिश शासन का सूरज न डूबने वाला शासन है, इसके बावजूद वह विद्रोह का साहस कर सके उनकी हिम्मत से प्रभावित और आशान्वित होकर पूरे देश में अंग्रेजों के विरुद्ध लोग खड़े हुए,29 मार्च 1857 को बैरकपुर में फौजी छावनी में उन्हें गिरफ्तार किया गया और उन्हें सार्वजनिक तौर पर फांसी दी गई। अन्त में सेनानी उत्तराधिकारियों ने कहा कि मंगल पांडे भारतीय स्वतंत्रता समर में ध्रुव तारे की तरह स्थापित हैं और वे आज भी भारतीय नौजवानों के प्रेरणास्रोत हैं उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम समाप्त किया गया।

# बिजली के तारों से निकली चिंगारी से किसानों के सपने स्वाहा

**विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता या फील्ड अफसरों की जिम्मेदारी भुगत रहे अन्नदाता घटनास्थल पर पहुंची राजस्व व पुलिस टीम कड़ी मसककत के बाद ग्रामीणों द्वारा आग पर पाया गया काबू**



संवाददाता

**बाजार शुक्ल,अमेठी।** कभी ओलावृष्टि बारिश तो कभी आगजनी अन्नदाताओं को एक साथ कई तरह की परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है।बिजली के तारों से निकली चिंगारी से विकासखंड अंतर्गत भिटवा वाग मीरा मे विद्युत तार आपस में टकराने से निकली चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लग गई। देखते ही देखते किसान जब तक समझ पाते चिंगारी गेहूं के खेतों में फैल गयी। जानकारी के अनुसार भिटवा वागमीरा गांव के दर्जनों से ज्यादा अन्नदाताओं के सपने आग की भेंट चढ़ गए। अपने परिवार के पालन पोषण के लिए बोई गई करीब 40 से 45 बीघा भूमि की में खड़ी गेहूं की फसल आग से जलकर राख हो गई।सत्थिन गांव निवासी किसान श्यामलाल,
मोहम्मद,अनीस,आसीन,इरशाद,
ध्रुपता,सत्यदेव,लीलावती,निजाम,रईस,माना मन्ना आदि के खेतों में 33000 लाइन से हुई शॉर्ट सर्किट के कारण निकली चिंगारी से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। तेज हवा के कारण आग की लपटों ने कुछ ही समय में प्रचंड रूप धारण कर लिया।आसपास काम कर रहें किसानों ने आग पर काबू पाने के लिए दौड़ पड़े।घटना की सूचना पाकर स्थानीय चौकी प्रभारी सत्थिन प्रेमचंद दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा फायर ब्रिगेड व राजस्व टीम को घटना की जानकारी दी गई। फायर ब्रिगेड व राजस्व टीम घटनास्थल मौके पर पहुंची।

करीब तीन घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन उस समय तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। आग से किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

# कंपोजित विद्यालय बेहमा में मनाया गया स्कूल चलो अभियान





संवाददाता

**पहला सीतापुर।** विकास खंड पहला अंतर्गत कंपोजित विद्यालय बेहमा में नैतिक शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना शत प्रतिशत नामांकन स्कूल चलो अभियान का बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर अखिलेश प्रताप सिंह के निर्देश व खंड शिक्षा अधिकारी पहला श्री सुरेन्द्र प्रताप के कुशल निर्देशन में कंपोजित विद्यालय बेहमा में एक उत्सव के रूप में मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाक्टर हरिनाम सिंह यादव ए आर पी पहला तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने अपने बच्चो का शत प्रतिशत नामांकन बेसिक स्कूलों में करवाए उन्होंने बताया कि बेसिक विभाग के शिक्षक योग्य एवं प्रशिक्षित हे तथा गुणवत्ता परक शिक्षा हेतु प्रतिबद्ध है सरकार द्वारा मुफ्त शिक्षा भोजन की व्यवस्था किताबे यूनिफार्म स्वेटर जूता मोजा तथा समय समय पर चिकित्सीय परीक्षण भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा करवाया जाता है इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाचार्य श्रीमती स्नेह लता भार्गव ने भी बच्चो के नामांकन की अपील की इस मौके पर सहायक अध्यापक मधुवाला अरविंद अनुदेशक एवं एस एम सी अध्यक्ष रमजान अली तथा समस्त अभिभावक मौजूद रहे।

### श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ में आज से मनेगा वासंतिक नवरात्र पर्व

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के आस्था और विश्वास का प्रतीक श्री अध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज में वासंतिक नवरात्र पर्व नौ अप्रैल से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पीठ परिसर में विराजमान भगवती तारा मां पीतांबरा स्वामी जी महाराज तथा पीठ के संस्थापक गुरुदेव रामकृष्ण पांडेय आमिल के विग्रह की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। मुख्य अर्चक सुधीर पांडेय ने बताया कि आचार्य गिरिजा प्रसाद मिश्र के मार्गदर्शन में वैदिक आचार्य दुर्गा सप्तशती का सामूहिक पाठ करेंगे। पीठ परिसर में विराजमान सभी देवी देवताओं के विग्रहों की दतिया पीठ की परंपरा के अनुरूप विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। आगामी 16 अप्रैल को दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी जबकि 17 अप्रैल को महानवमी के अवसर पर कन्याओं का सामूहिक पूजन किया जाएगा। 18 अप्रैल को सामूहिक हवन और भंडारा संपन्न होगा। कार्यक्रम में पीठ से जुड़े विभिन्न जिलों के साधक व श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इस बाबत तैयारी पूरी कर ली गई है।

# समाजसेवी ने 17 अग्निपीड़ितों को दी मदद



संवाददाता

**अयोध्या।** गर्मी की शुरुआत में ही आग ने कहर ढाना शुरू कर दिया है। रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की घटना सामने आ रही है। इसी को लेकर हर साल गर्मी में अग्निपीड़ितों की मदद करने वाले समाजसेवी भी आगे आ रहे हैं। समाजसेवी राजन पांडेय द्वारा द्वारा अब तक तीन ब्लाकों के विभिन्न गांवों के 17 से अधिक अग्नि पीड़ितों को मदद पहुंचाई गई है। समाजसेवी राजन पांडेय द्वारा विगत दिनों विधानसभा मिल्कीपुर के ग्राम सभा मटेरा में एक अग्नि पीड़ित परिवार, ग्राम सभा बिसाही में एक, मल्थू बुजुर्ग में पांच और ग्राम सभा तिंदौली के बाईसा का पुरवा में 6 अग्नि पीड़ित परिवार को मदद दी गई है। इसके अलावा सोहावल ब्लॉक के तिरखौली में एक, मवई ब्लॉक के दिगंबरपुर में तीन अग्नि पीड़ित परिवारों को सहायता प्रदान की गई है। उनके जिला पंचायत सदस्य पुत्र अंकित पांडेय द्वारा परिवारों को दरी, चद्दर महिलाओं को वस्त्र व प्रत्येक परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# बीमार और प्रसूति महिला कर्मियों की चुनाव में लगी ड्यूटी

**कर्मचारियों ने किया प्रभारी डीएम/ सीडीओ का घेराव कर ज्ञापन सौंपा, सीडीओ ने दिया आश्वासन**

संवाददाता

**बहराइच।** लोकसभा चुनाव में कई बीमार और प्रसूतिका महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इन सभी का लोकसभा चुनाव में प्रशिक्षण भी सोमवार से शुरू हो गया है। इसको लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्रा की अगुवाई में सोमवार को शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के ऐसे शिक्षामित्र, शिक्षक और अनुदेशक हैं। जिनके पति और पत्नी दोनों की ड्यूटी लगा दी गई है। जिलाध्यक्ष ने सीडीओ रम्या आर को अवगत कराते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जिला प्रशासन की ओर से शिक्षक, शिक्षिकाओ, शिक्षामित्र, अनुदेशकों तथा अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जनपद में ऐसे शिक्षक/शिक्षिकाएं/शिक्षामित्र/अनुदेशक/ कर्मचारी दम्पत्ति (पति व पत्नी) जो सरकारी सेवा में है, एवं जहां एक ही चरण या तिथि में निर्वाचन है दोनों की ड्यूटी लग गई है उनमें से एक कार्मिक को (यथासम्भव महिला) को छोटे बच्चों, बुजुर्ग मातापिता की देखभाल के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देश के क्रम में प्रार्थना पत्र प्राप्त करते हुए ड्यूटी से मुक्त रखा जाय। इसके अलावा जिन विकलांग/गंभीर रूप से बीमार कर्मचारी, एकल अभिभावक या बुजुर्ग माता-पिता, प्रसूता, गर्भवती, महिला कार्मिक, जिनके पाल्य एक साल से कम हैं, की ड्यूटी मतदान कार्मिक के रूप में लगी है उन कार्मिकों से प्रार्थना पत्र के आधार पर उचित साक्ष्य प्राप्त करके ड्यूटी से मुक्त किया जाय। जिला महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने पोलिंग बूथ पर रात्रि निवास से महिला कार्मिकों को यथासंभव छूट प्रदान करने की कृपा करें। वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहाकि प्राप्त हुए सभी प्रार्थना पत्रों का परीक्षण कराकर वास्तविक रूप से समस्याग्रस्त कार्मिक को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने की कार्यवाही की जाएगी। वार्ता के समय शैक्षिक महासंघ के जनपदीय प्रतिनिधि मंडल पदाधिकारी जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी तथा उपाध्यक्ष घनश्याम मिश्र, शामिल रहे।

# सूर्य तिलक की तैयारी में रात भर मन्दिर में जुटा रहा वैज्ञानिक दल

संवाददाता



**अयोध्या।** सूर्यवंश में जन्मे प्रभु राम के बाल स्वरूप का सूर्य तिलक जन्मोत्सव यानी रामनवमी को स्वयं सूर्य की किरणें करेंगी। सूर्य तिलक की अवधि 4 मिनट का होगा। सूर्य तिलक की तैयारी में रात भर कई वैज्ञानिक काम में जुटे रहे। राममंदिर में उपकरण लगाए जा रहे जिसका जल्द ट्रॉयल होगा। यह तैयारी पूर्व घोषणा के अनुसार ही हो रही है। तैयारी में ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम के लिए उपकरण लगाए जा रहे हैं। बीती रात रामलला के शयन कराने के बाद उनके माथे का सटीक स्थान सुनिश्चित करने के लिए स्टिकर लगा कर तब श्रीविग्रह को चद्दर उढ़ाया गया जिससे वैज्ञानिक दल अपना उपकरण लगाने के लिए सटीक नाप जोख कर सकें।

बताया जा रहा है कि 75 मिमी का गोलाकार सूर्य अभिषेक होगा। दोपहर 12 बजे सूर्य किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। निरंतर चार मिनट तक किरणें रामलला के मुख मंडल को दैदीप्तिमान करेंगी। मुख्य रूप से रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च संस्थान के वैज्ञानिकों का दल इस काम में लगा है। जानकारी के मुताबिक मंदिर के भूतल पर दो मिरर और एक लेंस लगाया जा चुका है।सूर्य की रोशनी तीसरे तल पर लगे दर्पण से तीन लेंस 2 दर्पणों से होते हुए भूतल पर लगाए गए आखिरी दर्पण पर पड़ेगी। इससे परावर्तित होने वाली किरणों से मस्तक पर तिलक बनेगा।

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि श्रीराम लला का सूर्य तिलक करने की तैयारी संपूर्ण परिश्रम से हो रही है। संभव है कि राम नवमी पर वैज्ञानिकों का प्रयास फलीभूत हो जाए। तकरीबन सौ एलईडी स्क्रीन के माध्यम से इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि भीड़ की परेशानियों से बचने के लिए अपने स्थान पर ही नवमी का पूजन, दर्शन करें।

संक्षिप्त खबरें

## यूपी के पूर्व डीजीपी समेत कई दलों के नेता बीजेपी में शामिल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विजय कुमार अपनी पत्नी के साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के भी कई नेता भाजपा में शामिल हुए। लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व डीजीपी विजय कुमार और उनकी पत्नी समेत कई दलों के नेताओं को भाजपा की सदस्यता दी लाई गई। इसके साथ ही बीजेपी में शामिल होने वालों में बीएसपी के प्रवक्ता रहे धर्मवीर चौधरी, मनोज अग्रवाल, सचिन शर्मा समेत कांग्रेस और अन्य दलों के नेताओं ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा की यूपी में सभी 80 सीट जीतने का लक्ष्य हमने रखा है और उसी दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैंद्य

## अब तक कुल 77,37,344 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 77,37,344 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 46,74,954 तथा निजी स्थानों से 30,62,390 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 5,00,283, पोस्टर के 21,94,185, बैनर के 13,39,062 एवं अन्य 6,41,424 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 3,97,258, पोस्टर के 13,98,112, बैनर के 7,55,137 एवं अन्य 5,11,883 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1087 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2006 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 38 एफआईआर दर्ज, 04 एनसीआर सहित कुल 42 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

## अवैध कब्जा कराया गया मुक्त



**लखनऊ।** ग्राम-औरंगाबाद जागीर, तहसील-सरोजनी नगर व जिला-लखनऊ की खसरा संख्या-1418सं0 क्षेत्रफल 0.2020 हे0 व खसरा संख्या-1422 क्षेत्रफल 0.0750 हे0 राजस्व अभिलेखों में बंजर के खाते में दर्ज है, जो नगर निगम में निहित सम्पत्ति है। उक्त खसरा संख्या में प्रापर्टी डीलरों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था तथा कतिपय लागों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर मकान भी बना लिये गये है। उक्त अवैध कब्जों को सोमवार के दिन संजय यादव, प्रभारी अधिकारी( सम्पत्ति ) के आदेश के क्रम में तहसीलदार संजय सिंह कनौजिया, नायब तहसीलदार, नीरज कटियार, लेखपाल मनोज कुमार आर्या, संदीप यादव (द्वितीय), राहुल यादव, मृदुल मिश्रा, लेखपाल व थानाध्यक्ष थाना-बिजनौर के द्वारा उपलब्ध करायी गयी पर्याप्त पुलिस बल व नगर निगम की ई0टी0एफ0 टीम के सहयोग से उक्त अवैध कब्जे को शांतिपूर्ण ढंग से हटवा दिया गया है। खसरा संख्या-1418सं0, व 1422 की शेष भूमि शीघ्र ही रिक्त करा ली जायेगी। उक्त अवैध कब्जों सें 15285 वर्गफुट भूमि रिक्त कराई गई, जिसकी बाजारू कीमत रू0 3,82,00,000 है।

## चिनहट में बाइक टकराने पर सराफ को पीटा, लूट का आरोप

**लखनऊ।** चिनहट में रविवार रात दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। बुलेट सवार युवक सराफ की पिटाई कर सोने की चेन और अंगूठी लूटकर भाग निकले। यह आरोप लगाते हुए सराफ ने चिनहट थाने में तहरीर दी है। पुलिस की शुरुआती जांच में मारपीट होने की पुष्टि हुई है, लूट के साक्ष्य नहीं मिले हैं। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। मूलरूप से बाराबंकी निवासी निखिल सोनी की इंदिरानगर में सोने-चांदी की दुकान है। निखिल चिनहट की बुद्ध विहार कालोनी में अपने चाचा नीरज सोनी के घर पर रहते हैं। निखिल के मुताबिक रविवार रात नौ बजे दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। उनके पास सोने-चांदी व रुपयों से भरा एक बैग था। वह कमता स्थित शराब ठेके के पास पहुंचे ही थे, तभी बुलेट सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद बुलेट आगे निकल गई। जब वह वहां से चलकर चिनहट तिराहे के पास पहुंचे तो बुलेट सवार तीनों युवकों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया की युवकों ने उनकी गले से सोने की चेन व एक अंगूठी छीन ली। बैग लूटने की कोशिश की लेकिन पर किसी तरह उन्होंने बैग बचा लिया। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया है कि बाइक की बुलेट से टक्कर हो गई थी। जिसके बाद मारपीट हुई। लूट के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। जो बुलेट नंबर बताया गया है वह किसी फरहीन सईद के नाम पर पंजीकृत है। उसकी तलाश की जा रही है।

## इंडेन गैस की गाड़ी में आग लगने से हड़कंप

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ ऑफिस के पास स्थित चार नंबर पार्किंग में खड़ी इंडेन गैस की गाड़ी में रविवार देर रात आग लग गई। आग की लपटें देख अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची दो दमकल ने एक घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। एफएसओ सरोजनीनगर सुमित प्रताप सिंह ने बताया की रविवार देर रात 3÷30 बजे आरटीओ ऑफिस के पास पार्किंग नंबर चार में खड़ी इंडेन गैस की गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली। कुछ ही देर में दो दमकल के साथ टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे तो गाड़ी से लपटे निकल रही थी। दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक गाड़ी काफी हद तक जल चुकी थी। एफएसओ ने बताया कि गाड़ी में सिलेंडर नहीं थे। सिलेंडर होते तो बड़ा हादसा हो हो सकता था।

## ओमेक्स रेजीडेंसी के 13वें माले पर लगी आग,मां-बेटा बचे

**लखनऊ।** शहीद पथ स्थित ओमेक्स रेजिडेंसी-टू के टॉवर नंबर 16 के 13वें माले पर बने फ्लैट में सोमवार सुबह आग लग गई। आग की लपटें देख हड़कंप मच गया। आग देख घर में मौजूद मां अपने बच्चे को लेकर चीख पुकार मचाते हुए किसी तरह भाग कर बाहर आई। आस पास के फ्लैट में रह रहे लोग भी भागकर बाहर आ गए। दमकल कर्मियों ने सोसाइटी में लगे फायर उपकरण की मदद से आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक आग पूरे घर में फैल चुकी थी। आग से घर का काफी सामान जल चुका था।फ्लैट नंबर 1301 में नमता खान परिवार के साथ रहती हैं। सोमवार सुबह आठ बजे कमरे से आग की लपटें निकलती देख उनके होश उड़ गए। वह बच्चे को लेकर बाहर भागी। चीख पुकार सुन सोसाइटी के कर्मचारियों ने फायर उपकरण की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तब तक आग पूरे घर में फैल गई थी। आग बढ़ती देख फायर ब्रिगेड को फोन किया। कुछ ही देर में एफएसओ गोमतीनगर और एफएसओ पीजीआई चार दमकल के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसओ गोमतीनगर ने बताया की दमकल कर्मियों ने सोसाइटी में लगे फायर उपकरण की मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक घर में रखा काफी सामान जल चुका था। शुरुआती जांच में एसी में हुए शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है।

# यूपी में कोई किया तो उल्टा टांग देंगे

- सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र में भाजपा के पक्ष में किया चुनाव प्रचार
- सीएम योगी ने वर्धा से भाजपा प्रत्याशी रामदास चंद्रभांजी ताड़स के लिए मांगा जनसमर्थन




संवाददाता

**लखनऊ/ वर्धा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम हर ओर पूरे देश में एक ही भाव है। आजादी के बाद संभवतः यह पहला आम चुनाव है, जिसके परिणाम के बारे में जनता अवगत है कि आएंगे तो मोदी ही। 10 वर्ष में मोदी जी ने भारत को पहचान, सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि दी है, गरीब कल्याण के अनेक कार्यक्रम किए हैं। इन्हें ध्यान में रखकर विश्वास से कह सकता हूं कि फिर से आएंगे तो मोदी ही।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को महाराष्ट्र दौरे पर रहे। यहां उन्होंने कमल खिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली जनसभा वर्धा से सांसद व भाजपा प्रत्याशी रामदास चंद्रभांजी तड़स के लिए की। सीएम ने महाराष्ट्रवासियों को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। सीएम ने कहा कि आजादी का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने वर्धा की इस पावन धरा को अपनी कर्मभूमि बनाया था। यहां के जरिए उस समय देश के अंदर विदेशी हुकुमूत के चूलों को हिलाने के लिए जो अभियान प्रारंभ किया गया था, महाराष्ट्र की जनता ने उसके जरिए भारत की स्वाधीनता को नई ऊंचाइयां प्रदान करने में योगदान दिया।

**मुंबई पर हमला करने वाले आतंकी अब पाकिस्तान में भी सुरक्षित नहीं :** सीएम ने कहा कि लोग गर्व से मानते हैं कि भारत दुनिया का सिरमौर है, लेकिन 2014 के पहले ऐसा नहीं था। पहले दुश्मन देश भारत की सीमाओं में घुसते थे। सीमाओं का अतिक्रमण होता था। सरकारें आंखें बंद कर लेती थीं पर अब ऐसा नहीं होता। चार दिन पहले ब्रिटेन का प्रतिष्ठित समाचार पत्र %द गार्डियन% पढ़ रहा था। इसमें बताया कि पाकिस्तान के अंदर चुन-चुनकर20 दुर्दांत आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तान इसका शक भारत पर जता रहा है। इसका आशय जिस पाकिस्तान में मुंबई विस्फोट के अपराधी व आतंकवादी छिपे हों, उस पाकिस्तान में भी अब आतंकी सुरक्षित नहीं हैं। यह बात दुनिया भी स्वीकार कर ली है। भारत की लड़ाई में दुनिया साथ खड़ी है।

सीएम योगी ने कहा कि देश के अंदर आतंकी गिरोह अब दुस्साहस भी नहीं कर सकता है। स्थानीय स्तर पर यदि पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमारा हाथ नहीं है, जबकि पहले वह सीना तानकर बोलता था। अब उसे पता है कि मोदी जी की सरकार पाकिस्तान में घुसकर काम तमाम कर देगी। भारत में आतंकवाद की सबसे बड़ी जड़ कश्मीर से धारा-370 समाप्त हो गई। जो काम 1952 से 2014 तक नहीं हुआ, वह मोदी जी ने एक झटके में कर दिया। मोदी जी ने तीन तलाक की कुप्रथा पर रोक लगा दी। बाबा साहेब के पंच तीर्थ का निर्माण भी करा दिया।

## राजाजीपुरम में महिला सिपाही से सरेराह छेड़छाड़, दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजाजीपुरम में रविवार रात स्कूटी से घर लौट रही महिला सिपाही के साथ बाइक सवार दो युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपित धमकाते हुए भागने लगे। राहगीरों की मदद से उन्हें पकड़ लिया और पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान महिला सिपाही वर्दी में नहीं थी। पीड़िता की तहरीर पर तालकटोरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया।

**पुलिसकर्मी सुनते ही भागने लगे शोहदे:** बाजारखाला थाने में तैनात महिला सिपाही रविवार रात सिविल ड्रेस में स्कूटी से राजाजीपुरम स्थित घर जा रही थी। वह एमआईएस चौराहे के पास पहुंची ही थी तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवक अश्लील टिप्पणी करने लगे। वह कुछ दूर आगे बढ़ी ही थी तभी शोहदे ओवरटेक कर छेड़छाड़ करने लगे। पीड़िता ने विरोध जताया तो वह धमकाने लगे। पीड़िता ने खुद को सिपाही बताकर थाने पर शिकायत करने की बात कही तो वह डरकर भागने लगे।

## छात्रा से छेड़छाड़, विरोध पर तमाचा जड़ा

**लखनऊ।** इन्दिरानगर में शुक्रवार को बीए की छात्रा के साथ कॉलेज के ही एक छात्र ने सरेराह छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपित छात्र ने तमाचा जड़ दिया। बीच बचाव के लिए आए पीड़िता के भाई की भी साथियों के साथ मिलकर पिटाई कर दी। आरोपित छात्र अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों को बुलाकर धमकाते हुए भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर गाजीपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पीड़िता के मुताबिक वह इन्दिरानगर स्थित डिग्री कॉलेज से बीए कर रही है। बीते शुक्रवार को वह कॉलेज के पास ही एक फार्म भर रही थी। इतने में कॉलेज का ही बीए तृतीय वर्ष का छात्रा कृष्ण रावत आया और अश्लील टिप्पणी कर छेड़छाड़ करने लगा। उसने विरोध जताया तो आरोपित ने तमाचा जड़ दिया। खुद को बचाने के लिए उसने अपने भाई को फोन किया। इसपर उसने फोन छीन कर पटक दिया। भाई के आने पर आरोपित कृष्ण ने अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों को बुलाकर उसकी भी पिटाई कर दी।

## बिना लाईसेंस दो रेस्टोरेंट परोस रहे थे शराब

- गिरफ्तार किए गए प्रबंधक, आबकारी विभाग ने की छापेमारी

संवाददाता



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए आबकारी विभाग की टीम अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में रविवार रात में अलीगंज सेक्टर सी स्थित दो रेस्टोरेंट में टीम ने छापा मारा। इस दौरान चिकी चिक रेस्टोरेंट और द ग्रिल चिल रेस्टोरेंट में बिना बार लाईसेंस के शराब परोसा जा रहा था। आबकारी विभाग की टीम ने दोनों रेस्टोरेंटों के प्रबंधकों व मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मौके पर मिले प्रबंधकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

745 आजाद महल, सदर कैंट निवासी चिकी चिक रेस्टोरेंट के प्रबंधक ऋषि खन्ना ने पूछताछ में बताया कि रेस्टोरेंट के मालिक सी 19 सेक्टर जी अलीगंज में रहने वाले रोविंद्र सिंह के निर्देश पर अधिक धनार्जन के उद्देश्य से रेस्टोरेंट परिसर के भीतर मदिरापान कराया जा रहा था।

आबकारी विभाग ने रेस्टोरेंट से विदेशी मदिरा की एक भरी हुई व पांच खाली बोतल तथा बियर के 10 खाली केन बरामद किए। रेस्टोरेंट मालिक को मौके पर बुलाया गया लेकिन वह फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने फर्जीवाड़े के आरोप में प्रबंधक ऋषि खन्ना को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, द ग्रिल चिल रेस्टोरेंट में छापेमारी की गई तो यहां भी अवैध ढंग से मदिरा पान कराया जा रहा था। इस रेस्टोरेंट के प्रबंधक भटपुरा ग्राम सिधौली जनपद शाहजहांपुर निवासी सेजल गुप्ता से पूछताछ की गई।

सेजल गुप्ता ने बताया कि रेस्टोरेंट के मालिक मुंशीपुलिया निवासी प्रियंक श्रीवास्तव रुपये कमाने की लालच में फर्जीवाड़ा कर रहा था। रेस्टोरेंट से विदेशी मदिरा की 6 खाली बोतल तथा बियर के 10 उपयोग की गई केन बरामद की गई।

आबकारी विभाग ने रेस्टोरेंट मालिक को बुलाया, लेकिन वह नहीं पहुंचा। इसके बाद प्रबंधक सेजल गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी का कहना है कि शराब के अवैध अड्डों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## नवविवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ के पारा के हंसखेड़ा 19वीं मंजिल कालोनी निवासी नवविवाहित गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार देर रात मौत हो गई। वहीं, मृतका के परिजनों ने उसके पति समेत सास ससुर सहित कुछ अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। बंथरा के लोनहा पिपरसंड निवासी आकाश के मुताबिक चार माह पहले सेल टैक्स विभाग लखनऊ में स्टेनो के पद पर तैनात बहन रचना रावत (32) की शादी हिन्दू रीति रिवाजों से बड़े धूमधाम से उन्नाव बांगरमऊ के जगतपुर गांव निवासी देवेश कटियार के साथ की गई थी।

रविवार रात बहन रचना से 9 बजे फोन से बातचीत भी हुई थी। बहन ने घर में सभी का हालचाल भी लिया था। भाई ने बताया कि बहनोई बहन के साथ आये दिन मारपीट करते रहते थे और 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रविवार देर रात 1:30 बजे फोन कर जानकारी दी कि रचना ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है जिसके बाद परिजनों के साथ देर रात लोकबंधु अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने बताया कि रचना की मौत हो चुकी है। घटना की जानकारी पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा के मुताबिक पति पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। मृतका रचना रावत दो महीने की गर्भवती बताई जा रही है। मृतका के भाई आकाश ने बहनोई देवेश, ससुर सतीश चंद्र कटियार, सास सुषमा, जेठ मुरारी, जेठानी दीक्षा, बहन प्रगति और जीजा हिमांशु पर हत्या की आशंका जताते हुए केस दर्ज कराया है।

## नगर निगम में मनाया गया होली मिलन समारोह



संवाददाता

**लखनऊ।** नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह नगर निगम लखनऊ स्थित त्रिलोक नाथ हाल में बड़े धूमधाम से मनायीं गई।

मुख्य अतिथि के रूप में डा.दिनेश शर्मा पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्य सभा सदस्य एवं महापौर, पार्षद सर्व भृगुनाथ शुक्ल, राकेश मिश्रा,दीपक तिवारी, पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी,अपर नगर आयुक्त सर्व डा.अरविन्द राव, अरूण गुप्ता,मुख्य वित्त अधिकारी नन्द राम कुरील सहित कर्मचारी नेता सर्व वीपी मिश्र, सतीशपान्डे, गिरीश मिश्र,राम कुमार धानुक,सुनील यादव, घनश्याम यादव आदि के साथ साथ कैसर रजा, नितिन त्रिवेदी, शैलेन्द्र तिवारी, शैलेश धानुक, विजय यादव, आन्नद मिश्र, चन्द्र मोहन, गोमती त्रिवेदी, प्रदीप सिंह, आरपी सिंह,रूपेश कुमार, सुमित बाल्मीकि,अनिल दुबे,आकाश गुप्ता अमरेन्द्र दीक्षित, रिशी कुमार, विभा यादव, सुनीता भट्ट, विनोद कुमार, सतेन्द्र कुमार, कुलदीप, राकेश तिवारी, कुंवर जय सिंह, अमित सिंह आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रतिनिधि, सैकड़ों कर्मचारी, अधिकारी, जनप्रतिनिधि गण उपस्थित होकर होली मिलन समारोह मनाया गया। होली मिलन समारोह में विष्णु तिवारी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा द्वारा भजन, होली के गीत एवं फूलों की होली की प्रस्तुति कर सभी कर्मचारियों को डांस करने को मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर संगठन द्वारा पुष्प गुच्छ,माला,फूल, अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी मुख्य अतिथियों एवं सभी अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## बीजेपी चुनाव प्रबंधन समिति की अहम बैठक, वोट प्रतिशत बढ़ाने का दिया फॉर्मूला



संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभाओ की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में वोट प्रतिशत बढ़ाने के फार्मूले पर हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में बैठक आयोजित की जिसमे लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, लखनऊ चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, उत्तर विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, एमएलसी अवनीश सिंह, उपविजेता रजनीश गुप्ता, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, विधानसभा संयोजक , सह संयोजक एवम प्रभारीगण उपस्थित रहे।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ नियति और नीति भी हैं, इसलिए जनता भाजपा से सहमत है अब सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति के माध्यम से सामूहिक रूप से एक माह में लोकसभा चुनाव को गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा करने के साथ हर कार्य क्षेत्र में कार्य करना है हर काम को आगे बढ़कर करना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना है।


भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि अब समय कम है बूथ प्रबंधन को मजबूत रखना हमारी जिम्मेदारी है इसमें विधानसभा संयोजकों की महत्वपूर्ण दायित्व है बूथ मजबूत होगा तो ही मत प्रतिशत बढ़ेगा, बूथ मजबूत तो, वोट प्रतिशत बढ़ेगा।

## ट्रांसपोर्टनगर में शॉर्ट सर्किट से जली सिटी बस, ड्राइवर झुलसा

**लखनऊ।** लखनऊ की सड़कों पर दौड़ रहीं नगर बसें दैनिक यात्रियों के लिए सफर में आफत बन गई हैं। जिन सीएनजी सिटी बसों को कंडम घोषित करते हुए नीलामी की सूची में डाल दिया गया है उन बसों से यात्री ढोए जा रहे हैं। सोमवार को ऐसे ही घटना का सामना यात्रियों को करना पड़ा। जहां स्कूटर इंडिया से सवारी लेकर शहीद पथ के रास्ते कमता बस अड्डे जा रही सीएनजी सिटी बस में शार्ट सर्किट से पहले इंजन में आग लगी, फिर अचानक पूरी बस आग के चपेट में आकर जलने लगी। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित उतार लिए गए। वहीं, इंजन में लगी आग को देखने के दौरान बस चालक झुलस गया, जिसे लोक बंधु हास्पिटल में भर्ती कराया गया।

# 1,10,345.96 करोड़ रुपये का योगदान

संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य को प्राप्त होने वाले राजस्व में सबसे बड़ा योगदान राज्य कर विभाग का है। 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा राज्य सरकार के राजकोष में कुल रु0 1,10,345.96 करोड़ का योगदान दिया गया है। राजस्व की इस राशि में जीएसटी से रु0 75,157.85 करोड़, जीएसटी प्रतिपूर्ति से रु0 4070.32 करोड़ वैट से रु0 31,113.97 करोड़ की प्राप्त राशि निहित है।

यह जानकारी प्रदेश की राज्यकर आयुक्त श्रीमती मिनिस्ती एस0 ने देते हुए बताया कि राजस्व प्राप्ति का यह कार्य पूर्व के अन्य वर्षों की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कठिनाईयों भरा रहा है। भारतीय संविधान के जीएसटी से संबंधित प्रावधानों के अधीन जीएसटी प्रतिपूर्ति का प्रावधान जून, 2022 में समाप्त हो चुका है। गत वर्ष जीएसटी प्रतिपूर्ति के मद में उत्तर प्रदेश राज्य को रु0 11,290.98 करोड़ की राशि प्राप्त हुई थी। वर्ष 2023-24 में इस मद में पूर्व की अवशेष देयता के रूप में रु0 4070.32 करोड़ की ही राशि प्राप्त हुई है, इस प्रकार राज्य पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में रु0 7220.66 करोड़ की राशि कम प्राप्त हुई थी।

इसी प्रकार भारत सरकार द्वारा अनसेटल्ड आईजीएसटी का राज्यों के मध्य वितरण एक पूर्व निश्चित अनुपात में किया जाता रहा है, विगत वर्ष में उत्तर प्रदेश राज्य को इस मद में रु0 2,172.19 करोड़ प्राप्त हुआ, जिसके सापेक्ष इस वर्ष में प्राप्त धनराशि शून्य रही है । इस प्रकार पूर्व में राज्य को नियमित रूप से प्राप्त हो रही राशि में से कुल रु0 9392.85 करोड़ (रु0 7220.66+रु0 2172.19 करोड़) की राशि विभाग को नहीं प्राप्त हुई, जिसकी भरपाई विभाग द्वारा राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में की जानी थी। इसी प्रकार वैट राजस्व में गत वर्ष माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के उपरांत पूर्ववर्ती प्रवेश कर की पी0एल0ए0 में जमा धनराशि रु0 2455.05 करोड़ वैट खाते में स्थानांतरित कराई गई थी, जो नियमित संग्रह का भाग नहीं थी। वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु नियमित वैट संग्रह वास्तव में रु0 29,531.30 करोड़ था।

अपर मुख्य सचिव राज्य कर एवं आयुक्त राज्य कर के कुशल मार्गदर्शन में राज्य कर विभाग द्वारा इस चुनौती को राज्य सरकार को विकास एवं जन कल्याणकारी कार्यों हेतु अतिरिक्त राजस्व प्रदान करने के अवसर के रूप में लिया गया तथा इस दिशा में पूर्ण मनोयोग से योजनाबद्ध तरीके से रणनीति बनाते हुए कार्य प्रारंभ किया गया। पार्दर्शितापूर्ण तरीके से अधिकतम राजस्व संग्रह हेतु तकनीकि का सहारा लिया गया, आई0टी0 टूल्स से विभिन्न पैरामीटर पर कार्यवाही कराते हुये मार्च, 24 में रु0 26.04 करोड़ तथा माह तक रु0 1333.05 करोड़ जमा कराया गया। ए0आई0आधारित नोटिस माडयूल की सहायता से वर्ष 2017-18 के लिए रू0 424 करोड़, वर्ष 2018-19 के लिए रू0 327 करोड़ जमा, वर्ष 2019-20 के लिए रु0 61 करोड़ की धनराशि जमा कराई गयी है है। बीफा एवं ए0आई0 आधारित नोटिस से वर्ष 23-24 में मार्च तक रू0 2145.74 करोड़ जमा हुआ है। कार्यदायी सरकारी संस्थाओं को टी0डी0एस0के संबंध में विभिन्न बैठकों के माध्यम से जागरुक किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप वर्ष 2023-24 में मार्च तक टीडीएस राजस्व रु0 4227.97 करोड़ जमा हुआ है, जो मार्च, 2023 तक के टीडीएस राजस्व रु0 3489.14 करोड़ से 738.83 करोड़ अर्थात् 21.2 प्रतिशत अधिक है। विभाग द्वारा राजस्व वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित कराए गए हैं।

# 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1825 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 07 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3921 लाइसेंसी शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 20,18,344 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिसमें से 12,85,871 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 4756 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 5008 कारतूस, 2066.5 किलोग्राम विस्फोटक व 256 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 1513 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 82 केन्द्रों को सीज किया गया।

आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 07 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा 05 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 49,947 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। साथ ही 327 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 324 कारतूस व 14 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 121 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 05 केन्द्रों को सीज किया गया।

## सम्पादकीय

# उत्सव का उमंग

भारतीय नववर्ष के साथ अनेक त्यौहार आते हैं। इनमें चैत्र शुक्लादि, नवरेह, गुड़ी पड़वा, उगादि, साजिबु नोंगमा पांबा अथवा साजिबु चेराओबा एवं चेटीचंड आदि सम्मिलित हैं। चैत्र शुक्लादि विक्रम संवत के नववर्ष के प्रारम्भ का प्रतीक है। इसे वैदिक अथवा हिन्दू कैलेंडर के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन से नवरात्रि का प्रारम्भ होता है। भारतीय नववर्ष के साथ वसंत ऋतु का भी आगमन होता है। इसलिए ये सब त्यौहार वसंत के उत्सव हैं। जम्मू-कश्मीर में नवरेह का त्यौहार हर्ष एवं उल्लास से मनाया जाता है। नव चंद्रवर्ष के रूप में मनाया जाने वाला यह त्यौहार उत्साह एवं रंगों का उत्सव है। यह कश्मीरी पंडितों का विशेष त्यौहार माना जाता है। त्यौहार से एक दिन पूर्व वे पवित्र विचर नाग के झरने की यात्रा करते हैं। इसके पश्चात वे पवित्र जल में स्नान करके अपनी समस्त मलिनताओं का त्याग करते हैं। इसके पश्चात् वे पूजा-अर्चना करके प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह प्रसाद चावल एवं विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों से बनाया जाता है। नवरेह के प्रातःकाल में वे लोग सर्वप्रथम चावल से भरे पात्र को देखते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से घर में समृद्धि आती है, क्योंकि चावल धन-धान्य एवं समृद्धि का प्रतीक है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाता है। गुड़ी का अर्थ है विजय पताका तथा पड़वा का अर्थ है चंद्रमा का प्रथम दिवस। इस दिन लोग बांस के ऊपर चांदी, तांबे अथवा पीतल के कलश को उलटा रखते हैं। कलश पर स्वास्तिक का चिह्न बनाया जाता है। बांस पर केसरिया रंग का पताका लगाया जाता है। तदुपरान्त इसे नीम एवं आम की पत्तियां और पुष्पों से सुसज्जित किया जाता है। इसे घर के सबसे उच्च स्थान पर लगाया जाता है। गृह द्वारों पर आम के पत्तों का तोरण लगाया जाता है। मान्यता है कि आम के पत्ते पवित्र होते हैं। इसके लगाने से नकारात्मक शक्तियां घर में प्रवेश नहीं कर पाती हैं तथा घर इनसे सुरक्षित रहता है। इस दिन भोजन में गुड़ एवं नीम परोसा जाता है। गुड़ की मिठास सुख एवं नीम की कड़वाहट दुःख का प्रतीक है अर्थात जीवन के सुख- दुःख को समान भाव से अपनाना चाहिए, क्योंकि मानव की परीक्षा दुःख में ही होती है। देश के विभिन्न भागों में इसे भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है। गुड़ी पड़वा गोवा में संवत्सर पड़वा के रूप में मनाया जाता है। केरल में इसे संवत्सर पड़वो के रूप में मनाया जाता है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक एवं तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के कई क्षेत्रों में इसे उगादी के रूप में मनाया जाता है। राजस्थान में इसे थापना एवं मणिपुर में साजिबु चेराओबा अथवा साजिबु नोंगमा पांबा के रूप में मनाया जाता है। सिंधी समुदाय के लोग चेटीचंड का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाते हैं। यह त्यौहार भगवान झूलेलाल के जन्म दिवस के रूप में जाना जाता है। उनका जन्म पाकिस्तान के सिंध प्रांत के ग्राम नसरपुर में हुआ था। उनका वास्तविक नाम उदयचंद था। वे वरुण देव के अवतार माने जाते हैं। उन्हें उदेरोलाल, घोड़ेवारो, जिन्दपीर, लालसाँई, पल्लेवारो, ज्योतिनवारो, अमरलाल आदि नामों से भी जाना जाता है। वह सद्भावना के प्रतीक माने जाते हैं। 09 अप्रैल से विक्रम सम्वत् 2081 का प्रारम्भ होगा। विक्रम सम्वत को नव संवत्सर भी कहा जाता है। संवत्सर पांच प्रकार के होते हैं, जिनमें सौर, चन्द्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास सम्मिलित हैं। मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ एवं मीन नामक बारह राशियां सूर्य वर्ष के महीने हैं। सूर्य का वर्ष 365 दिन का होता है। इसका प्रारम्भ सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने से होता है। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहायण, पौष, माघ और फाल्गुन चन्द्र वर्ष के महीने हैं। चन्द्र वर्ष 355 दिन का होता है। इस प्रकार इन दोनों वर्षों में दस दिन का अंतर हो जाता है। चन्द्र माह के बढ़े हुए दिनों को ही अधिमास या मलमास कहा जाता है। नक्षत्र माह 27 दिन का होता है, जिन्हें अश्विन नक्षत्र, भरणी नक्षत्र, कृत्तिका नक्षत्र, रोहिणी नक्षत्र, मृगशिरा नक्षत्र, आर्द्रा नक्षत्र, पुनर्वसु नक्षत्र, पुष्य नक्षत्र, आश्लेषा नक्षत्र, मघा नक्षत्र, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, हस्त नक्षत्र, चित्रा नक्षत्र, स्वाति नक्षत्र, विशाखा नक्षत्र, अनुराधा नक्षत्र, ज्येष्ठा नक्षत्र, मूल नक्षत्र, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, श्रवण नक्षत्र, घनिष्ठा नक्षत्र, शतभिषा नक्षत्र, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, रेवती नक्षत्र कहा जाता है। सावन वर्ष में 360 दिन होते हैं। इसका एक महीना 30 दिन का होता है। भारतीय संस्कृति में विक्रम सम्वत् का बहुत महत्व है। चैत्र का महीना भारतीय कैलेंडर के हिसाब से वर्ष का प्रथम महीना है। नवीन संवत्सर के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। वैदिक पुराण एवं शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि को आदिशक्ति प्रकट हुई थीं। आदिशक्ति के आदेश पर ब्रह्मा ने सृष्टि की प्रारम्भ की थी। इसीलिए इस दिन को अनादिकाल से नववर्ष के रूप में जाना जाता है। मान्यता यह भी है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। इसी दिन सतयुग का प्रारम्भ हुआ था।

# भाजपा से ज्यादा तो प्रशांत किशोर कर रहे ममता पर हमले

**कहा जाता है कि पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा इतिहास रचने को तैयार थी पर पीएम नरेंद्र मोदी का ममता बनर्जी पर व्यक्तिगत आक्षेप भारी पड़ गया था और अंतिम समय में बाजी पलट गई थी । ममता के लिए पीएम मोदी का कहा गया संबोधन 'दीदी ओ दीदी' को टीएमसी ने मां -माटी और मानुष के अपमान का मामला बना दिया और देखते ही देखते भाजपा पर भारी पड़ गई टीएमसी। इस बार भाजपा ने रणनीति बदल दी है। ममता बनर्जी पर व्यक्तिगत आक्षेप नहीं किया जा रहा है। हर बात के लिए टीएमसी को जिम्मेदार माना जा रहा है।**

अशोक भाटिया

लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो चुका है। एक तरफ अगर प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटने की बात कर रहे हैं तो दूसरी तरफ विपक्ष भी कड़ी टक्कर देने की कोशिश में है। इस बार बंगाल में भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए ममता ने पूरी तरह से घेराबंदी कर रखी है । इस बीच रणनीतिकार प्रशांत किशोर का एक बयान चर्चा का विषय बन गया है। कहने को समय-समय पर उनकी तरफ से विपक्ष को सुझाव दिए जाते हैं लेकिन इस बार जिस अंदाज में उन्होंने बंगाल में ममता को घेरा है, उसके अलग ही मायने निकाले जा रहे हैं कि क्या वे ममता से अपना बदला निकाल रहे है या भाजपा का प्रचार। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही प्रशांत किशोर ने बयान दिया था कि पश्चिम बंगाल में भाजपा राज्य की सत्ता में बैठी टीएमसी से बेहतर परफॉर्म करेगी। भाजपा पश्चिम बंगाल में सबसे बड़े दल के तौर पर उभरेगी, चौंकाने वाले रिजल्ट के लिए तैयार रहिए। ज्ञात हो कि प्रशांत किशोर विधानसभा चुनाव के दौरान टीएमसी के रणनीतिकार रहे। तब उन्होंने ऐलान किया था कि भाजपा बंगाल में 100 विधानसभा सीट नहीं जीत पाएगी और उनकी भविष्यवाणी सही निकली। दावों के बावजूद भाजपा 77 सीट ही जीत सकी और टीएमसी ने 212 सीटों जीतकर पश्चिम बंगाल की सत्ता पर दोबारा कब्जा कर लिया। लोकसभा चुनाव से पहले प्रशांत किशोर की भविष्यवाणी चुनावी पंडितों को भी चकरा रही है। गरीबों को मुफ्त राशन, चुनाव से पहले सीएए लागू होना और बंगाल में इंडिया गठबंधन में दरार के कारण बंगाल में चुनावी उलट-पुलट भी संभव है हालांकि टीएमसी का दावा है कि इस बार भाजपा 2019 से कम सीटें जीतेंगी। सवाल यह उठता है कि आखिर प्रशांत किशोर ये बातें किस आधार पर कह रहे हैं क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद बंगाल में भाजपा के लिए परिस्थितियां ठीक नहीं रही हैं। चाहे विधानसभा



चुनाव हों या स्थानीय निकाय चुनाव सभी में भाजपा की दुर्गति हुई है। उपचुनावों में भी भाजपा को टीएमसी ने पस्त कर दिया। भाजपा के तमाम कद्दावर नेता ,मंत्री तक पार्टी छोड़कर टीएमसी शामिल हो चुके हैं। तो आखिर किशोर को उम्मीद की किरण कहां से दिख रही है? आइए जानते हैं कि क्यों प्रशांत किशोर की बातें सच हो सकती हैं ?

कहा जाता है कि पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा इतिहास रचने को तैयार थी पर पीएम नरेंद्र मोदी का ममता बनर्जी पर व्यक्तिगत आक्षेप भारी पड़ गया था और अंतिम समय में बाजी पलट गई थी । ममता के लिए पीएम मोदी का कहा गया संबोधन 'दीदी ओ दीदी' को टीएमसी ने मां -माटी और मानुष के अपमान का मामला बना दिया और देखते ही देखते भाजपा पर भारी पड़ गई टीएमसी। इस बार भाजपा ने रणनीति बदल दी है। ममता बनर्जी पर व्यक्तिगत आक्षेप नहीं किया जा रहा है। हर बात के लिए टीएमसी को जिम्मेदार माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी रैलियों में ममता बनर्जी को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतते दिख रहे हैं। भाजपा के अन्य नेता भी ममता के खिलाफ अपमानजनक चुटकुले और संवेदनशील आरोप लगाने से बच रहे हैं । अनंत राय राजबंशी समुदाय से आते हैं। मतुआ के बाद ये पश्चिम बंगाल का दूसरा सबसे बड़ा अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय है। अनंत राय को उम्मीदवार बनाने से भाजपा की उत्तरी बंगाल में अच्छी-खासी पकड़ बन गई है क्योंकि वहां राजबंशी समुदाय का अच्छा-खासा दबदबा है।

उत्तरी बंगाल की आठ में से चार लोकसभा सीटों पर राजबंशी ही जीतते रहे हैं। 2019 में भाजपा ने इनमें से सात सीटें जीती थीं। पार्टी को उम्मीद है कि इस बार आठों सीट भाजपा जीत सकेगी। राज्य में इंडिया गठबंधन से अलग होकर चुनाव लड़ रही टीएमसी ने अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा को मजबूत होने का एक और अवसर दे दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ने के टीएमसी के फैसले के चलते टीएमसी विरोधी वोट भाजपा को मिलेंगे। इसके अलावा वोट बंटने का भी फायदा भाजपा को मिल सकता है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ टीएमसी के युसूफ पठान ताल ठोंक रहे हैं। पठान सेलेब्रेटी क्रिकेटर भी हैं और मुसलमान भी हैं। ऐसे में अगर वोट बंटता है तो किसका फायदा होगा।

जाहिर है दोनों की लड़ाई में भाजपा अगर मजबूत कैंडिडेट उतारती है तो यहां से जीत भी सकती है। सीएए बंगाल में भाजपा का चुनावी वादा रहा है। अमित शाह से लेकर पीएम मोदी तक ने बंगाल में सीएए लागू करने की बात करते रहे हैं । शायद यही कारण है कि भाजपा ने कानून को लागू करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सीएए लागू होने का सबसे बड़ा फायदा बंगाल में मतुआ समुदाय को मिलेगा। मतुआ समुदाय के बारे में कहा जाता है कि मतुआ वोट जहां भी जाता है उसका पलड़ा भारी पड़ जाता है। बंगाल में लगभग एक करोड़ अस्सी लाख मतुआ समुदाय के मतदाता हैं, जो किसी भी दल का खेल बनाने और बिगाड़ने की ताकत रखते हैं। पश्चिम बंगाल के नादिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों की कम से कम चार लोकसभा सीट में यह समुदाय निर्णायक है। मतुआ समुदाय की तरह राजवंशी समुदाय को भी सीएए का लाभ मिलने वाला है। राजवंशी भी हिंदू हैं। 1971 के बाद से इन लोगों को अब तक नागरिकता नहीं मिली है।

इस तरह करीब 10 से 12 सीटों पर सीधे भाजपा बढ़त बनाती दिख रही है। हिंदुओं में अनुसूचित जाति के राजबंशी, मतुआ और बाउड़ी, जो राज्य की जनसंख्या के करीब 23 फीसदी हैं ,इस बार और बड़े पैमाने पर भाजपा के पक्ष में वोट कर सकते हैं। 2019 में चाय श्रमिक और जंगलमहल के आदिवासी ने भी भाजपा को वोट दिए। उम्मीद की जा रही है कि सीएए के तहत मतुआ और राजवंशियों को होने वाले फायदे का भावनात्मक असर दूसरी अनुसूचित जातियों पर भी पड़ेगा । भाजपा के पक्ष में थोक के भाव में एससी वोट पड़ने की उम्मीद की जा रही है। अनंत महाराज को राज्यसभा भेजना,राजबंशी समुदाय के नेता और भाजपा के वर्तमान लोकसभा एमपी निशिथ प्रमाणिक को मंत्री बनाने आदि से इस वर्ग में भाजपा को लेकर अपनापन बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल में लगातार यात्राएं कर रहे हैं और संदेशखाली को लेकर जिस तरह हमलावर हैं, उससे यही लगता है कि बंगाल में इस बार यह मुद्दा बड़ा बनने वाला है। स्थानीय भाजपा नेता संदेशखाली को उसी तरह ले रहे हैं जिस तरह कभी टीएमसी ने सिंगूर और नंदीग्राम को आंदोलन बना दिया था। संदेशखाली पर आंदोलन तेज़ करने की अपनी रणनीति के तहत ही पार्टी ने द बिग रिवील-द संदेशखाली शॉकर शीर्षक से एक डॉक्यूमेंट्री भी जारी की थी। यह सभी जानते हैं कि नंदीग्राम में जबरन ज़मीन अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के सहारे ही ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के लिए सत्ता में पहुंचने का रास्ता साफ़ हुआ था। नंदीग्राम से भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी कहते हैं कि संदेशखाली की परिस्थिति नंदीग्राम जैसी है। नंदीग्राम में लोगों ने ज़मीन के अधिग्रहण के ख़िलाफ़ लड़ाई की थी और यहां ज़मीन पर जबरन कब्ज़े के ख़िलाफ़ लड़ रहे हैं।

## सरोकार

# आया ऊंट पहाड़ के नीचे

राज सक्सेना

दिल्ली शराब घोटाले में आप प्रवक्ताओं और नेताओं के आक्रामक रुख को देख कर अब से 25-30 साल पहले पढे हुए आर्थर कानन डायल के क्राइम थिलर्स की याद आ रही है जिसमें अपराधी अपराध करने से पहले एक सुव्यवस्थित और दोषरहित योजना बनाता है और ठीक उसी के अनुसार एक एक कदम रख कर अपराध को अंजाम देता है। पुलिस हैरान और परेशान होकर कोई छोटा सा सूत्र पाकर जब उस तक पंहुचती है तो वह बिलकुल नादान और दूध का धुला बन कर पूरा केस लड़ता है और पूरे न्यायतंत्र तक को हिला कर रख देता है मगर अपराध तो सर चढ़ कर बोलता है। अचानक कोई ऐसा लूप होल(सूत्र) पकड़ में आ जाता है जो पूरी दोषरहित योजना को तार तार कर देता है और अपराधी अपने किये की सजा पा जाता है। वही स्थिति धीरे धीरे इस शराब प्रकरण में भी होती जा रही है।

चवन्नी तक की मनी ट्रेल नहीं पकड़ी गयी% को बार बार अपनी निर्दोषिता? का पैमाना बनाने वाली दिल्ली सरकार आखिर यह क्यों नहीं बताती कि जब उसकी नीयत साफ थी तो उसने शराब विक्रेताओं का कमीशन बढ़ाने और दिल्ली सरकार की दुकानों से बिक्री हटाकर बिक्री के आदेश क्यों दिए और बिक्री में रियायतों का पिटारा क्या दिल्लीवासियों को सस्ती शराब पिलाने के लिए किया था?, शराब बिक्री का समय क्यों बढाया गया तथा शराब पीने की उम्र में कमी क्यों की गयी? और अगर यह इतनी ही जनकल्याणकारी योजना थी तो फिर इसे आनन फानन में वापस क्यों लिया गया?।

बात निकली है तो फिर दूर तलक तो जायेगी ही। क्या केजरीवाल यह जवाब देंगे कि उन्होंने सरकारी नौकरी में रहते 'इण्डिया अगेंस्ट करप्शन' किसलिए बनाया था। उसको किस किस विदेशी संस्था से सहायता मिली और कितनी कितनी मिली? आपने ऐसा कौन सा तीर मार लिया था कि आपको अपने सेवा काल में ही तथाकथित प्रतिष्ठित 'मैग्सेसे' सम्मान की प्राप्ति हुयी थी जबकि इस सम्मान का रिकार्ड रहा है कि यह भारत की नीतियों और सरकार तथा हिन्दू सांस्कृतिक परम्पराओं के विरोधी, अराजकता में विश्वास रखने वाले लोगों को ही दिया जाता रहा है। आपने ऐसा कौन सा तीर मार लिया था कि इस तथाकथित प्रतिष्ठित सम्मान की सद्गति आपके माध्यम से हुयी थी। 'आप' की दीदादिलेरी देखकर अब से करीब 25 साल पहले आयी 'मशाल' फिल्म की याद आ रही है जिसमें एक ईमानदार पत्रकार एक माफिया के खिलाफ जब काफी लिखता है तो वह माफिया पत्र के मालिक से कहकर जब पत्रकार (दिलीपकुमार) को नौकरी से निकलवा देता है और जब वह पत्रकार अपना एक छोटा सा पत्र खुद निकालने लगता है तो मजाक उड़ाने के लिए जब माफिया (अम्बरीश पूरी) उसके छोटे से कमरे मैं पंहुच कर उसकी मजाक बनाता है तो परेशान होकर पत्रकार कहता है कि मैं बुद्धिजीवी हूँ। अगर मैं माफिया बन गया तो बिना कोई सुराग(सूत्र) छोड़े तुझे बरबाद कर सकता हूँ और सचमुच उसने ऐसा किया भी, बिना कोई सूत्र छोड़े. तो क्या केजरीवाल माफिया बन कर जेल से सरकार चलाने की योजना बना रहे हैं? अगर ऐसा होता है तो यह भारत की पहले से ही बदनाम राजनीति के घोर पतन के लिए एक नया रास्ता खोलने का घृणित कार्य करने में अगुआ बनेगी। अगर हर अपराधी जेल से अपना व्यापार, पेशा और नौकरी चलाने की मांग करने लगा तो देश में अराजकता फ़ैल जायगी? चारों और अव्यवस्था फ़ैल जायगी और देश की जनता शायद यह चाहेगी भी नहीं?। यहाँ प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर केजरीवाल यह चाहते क्यों है कि वे जेल से सरकार चलायें? इसका एक मात्र कारण शायद यही है कि मोदी को डरपोक और कायर कहते नहीं थकने वाले केजरीवाल अपने हाथ से किसी अन्य के हाथ में सत्ता जाने नहीं देना चाहते क्योंकि वे अंदर से स्वयं डरे हुए हैं कि उनके समानांतर कोई अन्य आप नेता सत्ता का केंद्र बन कर पार्टी पर अपने पकड़ बना कर उन्हें बाहर का रास्ता न दिखा दे?। अगर ऐसा हो गया तो फिर सत्ता की मलाई नहीं मिलेगी और शीशमहल भी हाथ से निकल जाएगा। जीवन भर दिल्ली पर राज करने और कभी न कभी भारत का प्रधानमंत्री बनने का सपना भी टूट जाएगा। सच बात तो यह है कि गलतियों पर गलतियाँ करते जा रहे केजरीवाल इस प्रकरण में अपनी साख तो गंवा ही चुके हैं, अब सर्वस्व गंवाने के तिराहे पर खड़े हैं। अगर दूसरे को मुख्यमंत्री बनाते हैं तो सत्ता और शीशमहल जाने का डर, अगर सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाते हैं तो परिवारवाद का कलंक लगने का पक्का डर और अगर जेल से सरकार चलाने का प्रयास करते हैं तो भाजपा, एलजी और मोदी जो इस बात के लिए आमादा हैं कि जेल से सरकार नहीं चलाने देंगे, की कड़ी कार्यवाही के बाद सत्ता सुख जाने का डर? तीसरे विकल्प में भाजपा पहले शोर मचाएगी क्योंकि हाईकोर्ट पहले ही एक याचिका खारिज करते हुए कह चुका है कि इस विषय में एलजी और केंद्र सरकार कार्यवाही करे कि जेल से सरकार चले या न चले। सही मायनों में आप के नेता कितने ही खुश हो लें कि उन्हें कोर्ट ने जेल से सरकार चलाने का लाइन क्लियर दे दिया है मगर वे यह नहीं सोच रहे या सोचना भी नहीं चाहते कि कोर्ट ने एलजी और केंद्र को भी लाइन क्लियर दे दिया है कि वे अपने स्तर से कार्यवाही करें, उसे कोई एतराज नहीं है?

# रह टूटती-बिखरती रहेगी कांग्रेस

गौतम चौधरी

कांग्रेस टूटती-बिखरती रही है और आगे भी ऐसा ही होता रहेगा लेकिन खत्म नहीं होगी। उसकी कम सीटों पर हंसने वाली भारतीय जनता पार्टी को यह समझना चाहिए कि किसी समय उसके पास मात्र दो सीटें थी।

अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के घोषणापत्र पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह मुस्लिम लीग का घोषणापत्र जैसा लगता है। इसमें कितनी सत्यता है, यह तो शोध का विषय है लेकिन प्रधानमंत्री जिस पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के मुखिया हैं, उसने इस बार के लोकसभा चुनाव में उन तमाम नेताओं का टिकट काट दिया है जो हिंदुत्व की मुख्यधारा का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उसके स्थान पर पार्टी ने कांग्रेस से आयातित नेताओं को तरजीह दी है और उसमें से तो कई को राज्यसभा तक भेज दिया। यदि हम झारखंड की बात करें तो भाजपा कोटे से कुल 13 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए गए हैं जिसमें से 11 उम्मीदवार दूसरी पार्टी से आए हुए हैं और एक पलामू लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदसार वीडी राम किसी जमाने में विचारधारा के खिलाफ काम करने में माहिर थे। बिहार में भी उसी प्रकार का माहौल है। जिस अधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी के मूल चिंतन को भगवा आतंकवाद से जोड़ा, आज वे पार्टी के प्रभावशाली नेता हैं। बिहार हो या उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश हो या राजस्थान, गुजरात हो या महराष्ट्र भारतीय जनता पार्टी ने अधिकतर कांग्रेस के उन नेताओं को अपनी पार्टी में लाकर उन्हें महत्वपूर्ण भूमिका में खड़ा किया है जो किसी समय भाजपा चिंतन के खांटी आलोचक रहे हैं। उत्तर प्रदेश के एक चाकलेटी नेता ने कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा की सदस्यता ली, तब कुछ लोगों को शायद लगा होगा कि भारत तेजी से कांग्रेस-मुक्त हो रहा है। 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का मुख्य नारा था- 'गरीबी हटाओ'। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्य नारा है- कांग्रेस हटाओ जिसे वे अपने खास अंदाज में 'कांग्रेस-मुक्त भारत' कहते हैं। यह सही है कि कांग्रेस के लिए रोज-रोज बुरी खबरें आ रही हैं। यह भी सही है कि कांग्रेस अपने सबसे संकट काल से गुजर रही है। 2014 से वह केंद्रीय स्तर पर सत्ता से तो बाहर है ही, प्रांतों में भी उसकी सरकारें एक-एक कर टूट-बिखर रही हैं। ऐसे में यह प्रश्न तो है कि क्या कांग्रेस धीरे-धीरे सचमुच विनष्ट हो जाएगी? यदि मुझसे कोई सवाल पूछे तो मैं कहूंगा, ऐसा नहीं हो सकता है। मैंने इस पर अपने तरीके से सोचा है। कांग्रेस के इतिहास पर एक विहंगम दृष्टि डालें तो 1883 में एक अंग्रेज अधिकारी, एओ ह्यूम ने कोलकाता के स्नातकों के नाम एक खुला पत्र लिखा था, जिसमें वह एक ऐसे संगठन की जरूरत बताया जो अंग्रेजी राज और भारत के प्रतिनिधि तबके के बीच संवाद का माध्यम बन सके। दो वर्ष बाद 28-31 दिसंबर 1885 को मुंबई में कुल 72 प्रतिनिधियों की एक सभा में इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना हुई। उमेश चंद्र बनर्जी इसके प्रथम अध्यक्ष चुने गए। दादा भाई नवरोजी और दिनेश वाचा जैसे लोग इसके संस्थापक सदस्य थे। अगली दफा के सालाना अधिवेशन में बाल गंगाधर तिलक और महादेव गोविन्द रानाडे भी इस संगठन से जुड़ गए।

दस साल के भीतर ही इस संगठन में वर्चस्व को लेकर गतिरोध प्रारंभ हो गया। कांग्रेस में विभाजन के कई बीज उसी समय अंकुरित हो चुके थे। ऐसा इसलिए भी हुआ कि खुद फिरंगी कांग्रेस को मजबूत नहीं होने देना चाहते थे। उस वक्त उन्होंने डा. अंबेडकर को आगे कर संगठन को कमजोर करने की कोशिश की। इसके बाद गरम दल और नरम दल में कांग्रेस विभाजित हो गयी। धर्म और संप्रदाय के आधार पर भी कांग्रेस में मतभेद उभरे जिसके कारण इंडियन मुस्लिम लीग की स्थापना हुई। उसकी प्रतिक्रिया में पहले हिन्दू महासभा और बाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। कांग्रेस के अंदर खुद जवाहर लाल नेहरू आदि नेताओं ने एक समाजवादी धड़ा खड़ा कर दिया। इस प्रकार कांग्रेस कई भागों में विभाजित होती चली गयी लेकिन भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन की धुरी बनी रही। 1915 में गांधी दक्षिण अफ्रीका से लौटकर भारत आते हैं और सर्वप्रथम उन दिनों के कद्दावर नेता गोपाल कृष्ण गोखले के निजी सचिव बनाए गए। 1909 में लिखी उनकी किताब ÷हिन्द स्वराज÷ में उस समय के भारतीय लोकमानस की एक झलक मिलती है। 1917 में गांधी चम्पारण के किसान आंदोलन को व्यवस्थित करने लगे।

इसके बाद वे राष्ट्रीय नेता हो गए और वर्ष 1920 से कांग्रेस उनके नेतृत्व में आ गयी। गांधी के नेतृत्व में ही कांग्रेस किसानों, कामगारों और छोटे व्यापारियों की पार्टी बनी। इसके पहले कांग्रेस केवल प्रभावशाली वकीलों की पार्टी थी, नख-दंत विहीन थी और फिरंगी हुकूमत के लिए सेफ्टी वाल्व का काम कर रही थी। कांग्रेस मुख्यतः वकीलों और जमींदारों की एक महासभा थी जिसके सालाना अधिवेशन बड़े लोगों की पिकनिक पार्टियों की तरह होते थे। इसका अनुभव जवाहरलाल नेहरू ने 1912 के बांकीपुर (पटना) अधिवेशन में किया था। अपनी आत्मकथा में इस अनुभव को उन्होंने तसल्ली से व्यक्त किया है। गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कायांतरित चट्टान की तरह मजबूत और प्रभावशाली बन गयी। कांग्रेस को उन्होंने जमीन पर उतारने की हर संभव कोशिश की। इस कोशिश में कुछ दकियानूसी फैसले भी लिए गए। खिलाफत आंदोलन का समर्थन कुछ ऐसे ही फैसले थे लेकिन ने कांग्रेस को एक धारदार संगठन बना दिया था। कांग्रेस सदस्यों के लिए सूत कातना आवश्यक कर गांधी ने कांग्रेस में शामिल बड़े लोगों को भी आंशिक ही सही, मेहनतकश बना दिया था।

## नजरिया

# जम्मू-कश्मीर को विवादों में रखना चाहती है कांग्रेस

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जम्मू-कश्मीर से जुड़े अनुच्छेद 370 पर की गई टिप्पणी के बाद लगता है कि कांग्रेस इस विषय को लेकर सदैव विवाद की स्थिति बनाए रखना चाहती है। जब सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाना वैध माना है, तब बार-बार इसे लेकर कांग्रेस क्यों बचकाने बयान दे रही है, जो विवाद का कारण बन रहे हैं।

देखा जाए तो यह भारत के आम नागरिकों के बीच विभेद पैदा करने वाला अनुच्छेद था, जिसे समाप्त किए जाने की मांग इसके लागू हुए समय से लगातार की जा रही थी। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी से लेकर अनेक देशभक्तों ने इसकी समाप्ति के लिए अपना बलिदान किया है। यह बहुत ही दुखद है कि कांग्रेस किसी न किसी बहाने से तुष्टिकरण की राजनीति में लगी रहना चाहती है। कांग्रेस के कई नेताओं को लगता है कि भारत का मुसलमान 370 के पक्ष में है, ऐसे में यदि कांग्रेस भी यहां आर्टिकल 370 के बने रहने का समर्थन करती है तो उसे मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत फायदा पहुंचेगा। जब 370 कश्मीर से हटाया गया था तब घाटी में फारुख अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और कई हुर्रियत नेताओं ने इसका विरोध किया था। लेकिन अब जब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस विषय को फिर से उठाया है, तब इससे साफ जाहिर है कि वह इस मुद्दे के बहाने मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं।

वस्तुत÷नए विवाद की शुरुआत होती है कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राजस्थान में दिए गए भाषण के दौरान यह कहने से कि %जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने से क्या फर्क पड़ता है।% निश्चित ही कांग्रेस के अध्यक्ष का यह बयान संपूर्ण कांग्रेस की बौद्धिकता और संविधानिक योग्यताओं पर प्रश्न खड़े करता है। क्योंकि एक तरफ लोकसभा और विधानसभाओं में कांग्रेस के नेता संविधान और कानून पर लम्बे-लम्बे भाषण देते हैं और यह बताते हुए नहीं थकते कि किस नियम के हटने या जोड़ने से देश की जनता को लाभ कितना लाभ या हानि होती है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस जनता के बीच अनुच्छेद 370 को लेकर भ्रम पैदा करने का



काम करती है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज यह अच्छी तरह से समझें कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने से बहुत फर्क पड़ा है।% इस एक अर्टिकल 370 की समाप्ति के कारण से ही देश में अनेक बदलाव देखने को मिले हैं। जैसे कि अब जम्मू-कश्मीर में देश के अन्य राज्यों के लोग भी जमीन ले रहे हैं, जबकि इससे पहले नहीं ले सकते थे। भारत का कोई भी नागरिक अब जम्मू-कश्मीर राज्य में नौकरी भी कर सकता है, वहां स्थायी तौर पर निवास कर सकता है। इससे पहले तक सिर्फ स्थानीय लोगों को ही नौकरी का अधिकार था। अन्य राज्यों से जम्मू-कश्मीर जाकर रहने वाले लोगों को भी वहां मतदान करने का अधिकार मिल गया है। अब अन्य राज्यों के लोग भी यहां से चुनाव लड़ सकते हैं। जम्मू-कश्मीर व लद्दाख में भी सुप्रीम कोर्ट का हर फैसला लागू होगा। पहले जनहित में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले वहां लागू नहीं होते थे। क्या कांग्रेस को नहीं लगता कि यह सभी विषय देश भर के लोगों से जुड़े हुए हैं?

आज कश्मीर का अलग झंडा नहीं रहा, यहां तिरंगा शान से लहराता है। जम्मू-कश्मीर का अलग संविधान भी इतिहास बन गया है। जम्मू-कश्मीर में स्थानीय लोगों की दोहरी नागरिकता समाप्त हो गई है । आर्टिकल 370 की समाप्ति से सबसे बड़ी राहत महिलाओं पर पर्सनल कानून तभी बेअसर हो सका जब यह अनुच्छेद समाप्त हुआ। जम्मू-कश्मीर की लड़कियों को अब दूसरे राज्य के लोगों से भी शादी करने की स्वतंत्रता है। बहुतायत में जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के लोग भी शिक्षा के अधिकार, सूचना के अधिकार जैसे भारत के हर कानून का लाभ उठा रहे हैं । केंद्र सरकार की कैग जैसी संस्था अब जम्मू-कश्मीर में भी भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए ऑडिट कर रही है, इससे यहां पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगना शुरू हो गया है।

आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री विकास पैकेज के अंतर्गत अभी तक हजारों कश्मीरी पंडित घाटी में वापस पहुंचे हैं। केंद्र सरकार के विकास पैकेज के माध्यम से लोगों को नौकरियां और रहने जैसी कई सुविधाएं दी जा रही हैं। वास्तव में यह नरेन्द्र मोदी सरकार की दीर्घकालिक सोच का ही नतीजा है कि कश्मीर भी देश के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। चाइल्ड मैरिज एक्ट, शिक्षा का अधिकार और भूमि सुधार जैसे कानून अब यहां भी प्रभावी है। वाल्मीकि, दलित और गोरखा जो राज्य में दशकों से रह रहे हैं, उन्हें भी राज्य के अन्य निवासियों की तरह समान अधिकार मिल रहे हैं।÷ (एक देश, एक विधान, एक निशान का सपना साकार अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री, संसद में बहस के दौरान दिया गया वक्तव्य, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पिछले माह जम्मू-कश्मीर के प्रवास पर थे तब उन्होंने एक सभा में जो कहा, वही आज इस राज्य की सच्चाई है। उन्होंने कहा था, अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद, कश्मीर में सभी के लिए समान अधिकार और समान अवसर हैं। जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह खुलकर सांस ले रहा है।...दशकों तक, राजनीतिक लाभ के लिए, कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर के लोगों को गुमराह किया ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक निशी तिवारी द्वारा स्टार प्रिन्टर्स, बी/37 अबरार नगर पिकनिक स्पॉटरोड, खुर्रमनगर, लखनऊ से मुद्रित करवाकर 536/158 सीतापुर रोड मदेहगंज, खदरा, निरालानगर लखनऊ, 30प्र0 226020 से प्रकाशित किया गया।
*सम्पादक : निशी तिवारी, RNI: UPHIN/2023/86511, मो0-9455076636, 8808890036 *email id- info.newstantra@gmail.com। पी.आर.बी. अधिनियम की 1867 की धारा 7 के अन्तर्गत समाचार पत्र में प्रकाशित सभी लेखों/समाचारों की जिमेदारी सपादक की होगी। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दो बाइको की भिडंत में चार लोग जख्मी

**बांदा।** दो बाइको में आमने सामने भिडंत हो जाने से चार लोग ष्घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के कताई 60 रामऔतार अपने 22 वर्षीय भाजे बृजेंद्रपुत्र रामभवन निवासी बेलगांव, 22 वर्षीय जितेंद्र पुत्र रामपाल निवासी शुकुल कुआ के साथ इलाज करवाकर बाइक से ष्घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से आमने सामने भिडंत हो गई। जिससे दूसरा बाइक सवार चटगन गांव निवासी 53 वर्षीय गंगासागर पुत्र भाऊ घायल हो गया।चारो घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### दो लोगो ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव निवासी 15 वर्षीय पूजा ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह शहर के परशुराम तालाब निवासी 26 आरती पत्नी बिंदू ने सोमवार की दोपहर घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवती ने फांसी लगाई भर्ती

**बांदा।** बदौसा थाना क्षेत्र के नादन मऊ गांव निवासी 24वर्षीय रूबी पत्नी राजेद्र ने रविवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर घुस गई। रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकली तो मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो वह फंदे पर लटक रही थी। आनन फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### चारपाई पर मिला मेडिकल स्टोर संचालक का शव

**बांदा।** मेडिकल स्टोर संचालक का शव सोमवार की सुबह चार पाई में पड़ा गया । शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। ष्घरवालो का कहना है उसका शरीर नीला पड़ा था। अशंका है कि उसकी सर्प दंश से मौत हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के पारा बिहारी गांव निवासी 45 वर्षीय विमलेश पुत्र अर्जुन सिंह बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरवल गांव में रहता था। मेडिकल स्टोर संचालक था। रात को वह खाना खाने के बाद चार पाई में सो गया। सुबह पत्नी मालती जगाने गई शव देखा तो वह चीख पड़ी। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के दामाद अशोक निवासी दतरौली ने बताया कि विमलेश के चार पुत्रिया एक पुत्र है। दामाद ने बताया कि विमलेश का शरीर नीला पड़ा था। इससे यह आशंका जताई है कि उसकी सर्प दंश मौत हुई है।

### शार्ट शर्किट से दुकान में लगी आग, बहन भाई झुलसे

**बदौसा।** बिजली की शाट शर्किट से कपड़े की दुकान में आग लग गई। आग की लपटे देख आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। आग बुझाने में भाई बहन झुलस गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझने के बाद दमकल मौके पर पहुंची। दोनो ष्घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदौसा कस्बा निवासी 24 वर्षीय सोहन पुत्र राजकुमार कपड़े की दुकान किए है। सोमवार की दोपहर बिजली की शार्ट शर्किट से दुकान में आग लग गई। आग की लपटे देख सोहन और उसकी 35 वर्षीय बहन सुनीता पत्नी सत्यम निवासी चकला झुलस गए। मौके पर पहुंचे लोगो ने दमकल को सूचना दी। लेकिन दमकल नही पहुंची। ग्रमीणो ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक दुकान में रखा सामान जल कर खाक हो गया। सोहन का कहना है कि उसका तीन लाख का नुकसान हुआ है। समय से दमकल पहुंच जाती तो इतना नुकसान नही होता । आधा ष्घंटा बाद दमकल मौके पर पहुची।

### चूल्हे की चिंगारी से चार घर जल कर राख



**कुशीनगर।** चौरा खास के रहसूजनूबी पट्टी के पुरैना घाट मुसहर बस्ती में सोमवार की दोपहर चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई।देखते ही देखते चार रिहायसी झोपडिया जलकर राख हो गईं।ग्रामीण बाल्टी, लोटा,मग से पानी डालकर आग बुझाए।गनीमत रहा कि आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया नही तो सैकडों घर जलकर राख हो गए होते। सत्यनारायण,नंदू,भोला, शर्मा,छोटेलाल,घरभरन के घर में रखे अनाज,कपड़े आदि सामान जलकर राख हो गए।ग्रामीणों के मुताबिक मुसहर बस्ती में कच्ची दारू बनता है। नाम नही छापने की शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि दोपहर में मुसहर बस्ती में कच्ची शराब बन रहा था। जिसके वजह से आग लग गई और आग लगते ही दारू बनाने वाले भाग गए।

### प्रधान के पिता गायब, दर्ज कराई गुमशुदगी

**कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ी बावन निवासी तथा ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह ने अपने पिता निर्मल सिंह के गायब होने की सूचना पुलिस को चार अप्रैल को दी थी जिसके बाद पुलिस ने इस संबंध में गुमशुदगी दर्ज करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया था। ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह ने बताया कि मेरे पिताजी साइकिल से 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे घर से निकले लेकिन अब तक उनका कोई पता नहीं चल सका है जबकि मैं अपने स्तर से भी पता कर रहा हूं। पिता के गायब होने से ग्राम प्रधान काफी दुखी और निराश नजर आ रहे हैं तथा यह खबर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### बासंतिक नवरात्र आज से




**कुशीनगर।** जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में माता खन्हवार देवी का प्रमुख स्थान है। मंदिर में मां खन्हवार देवी की लेटी हुई पिंडी भक्तों की अभिष्ट मनोकामना पूर्ण करती हैं। पूरे वर्ष माता के दरबार में भक्तों का तांता लगा रहता है। चैत्र व शारदीय नवरात्र में देवी के दर्शन के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ता है। काफी संख्या में लोग माता के दरबार में पहुंचकर पूजन अर्चन करते हैं ।सभी मुरादे पूरी कर मां भक्तों की कष्ट दूर करती हैं। प्राचीन शिव शक्ति धाम कुबेरनाथ धाम से 5 किमी पूरब उत्तर एवं गुप्तकालीन सूर्य मंदिर तुर्कपट्टी से 6 किमी उत्तर स्थित मा खन्हवार का सिद्ध पीठ स्थित है। मंदिर के पुजारी गिरीश चंद उर्फ मुन्ना पांडे ने बताया कि आसाम के गुवाहाटी शहर के पहाड़ियों में स्थित कामाख्या देवी की खन्हवार पहुंचने का प्रसंग काफी रोचक व चमत्कृत है। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में यह पूरा क्षेत्र घना जंगल था अत्यधिक मात्रा में हिंसक पशु रहा करते थे ।रहसू गुरु के चमत्कारिक शक्तियों से प्रभावित मदनपुर राजा राजा मदन पाल सिंह ने रहसुगुरु से देवी दर्शन कराने के जिद पर अड़ गए और लाख मना करने के बावजूद भी राजा अपनी जिद से नहीं हटे राजा के जिद पर रहसु गुरु ने मां भगवती का आवाहन किया और मां भगवती प्रगट हुई। तब से यह स्थान शक्तिपीठो में गिना जाता है। मंदिर मे भंक्तों के भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर कमेटी सहित ,प्रशासन भी मुस्तैद है।थानाध्यक्ष कुबेरस्थान अजय मौर्या ने कहा कि हरहाल मे भक्तिमय माहौल बना रहे।इसके लिए प्रशासन कटिब्ध है।

# लोकगीत लोक, नृत्य और हास्य कविताओं के बरसे रंग

## लोकगीतों एवं लोक परंपराओं के संरक्षण के लिए ऐतिहासिक है यह कार्यक्रमः विजय दुबे

▸▸ शानदार आयोजन के लिए रेडियो प्रज्ञा, सिटी क्लब, विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था एवं श्री पिंजरापोल गौशाला को बहुत-बहुत बधाई- मनीष जायसवाल

संवाददाता



**कुशीनगर।** पडरौना नगर की एक मैरिज हॉल में बसंतोत्सव-दो 2024 का शानदार आयोजन सिटी क्लब पडरौना, रेडियो प्रज्ञा पडरौना,विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था पडरौना एवं श्री पिंजरापोल गौशाला पडरौना के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन वर्तमान सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे सदर विधायक मनीष जायसवाल उत्तर प्रदेश संगीत एवं नाट्य कला अकादमी के मनोनीत सदस्य, एवं भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय लोकगीत गायक राकेश श्रीवास्तव, यू एन पी जी कॉलेज के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ प्रेमचंद सिंह, डॉ रामनरेश दुबे, शिवेंद्र पांडे,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक मनीष भाई जी, रेडियो प्रज्ञा के प्रबंध निदेशक परशुराम श्रीवास्तव, श्री पिंजरापोल गौशाला के अध्यक्ष सावर गोयल, सिटी क्लब के अध्यक्ष रवि लोहिया के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन से हुआ। कार्यक्रम का समापन और कलाकारों का सम्मान पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय, चिकित्सक डॉक्टर अरुण कुमार गौतम, डॉ संदीप अरुण श्रीवास्तव,भाजपा जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ला और मीडिया प्रभारी विश्व रंजन कुमार आनंद के द्वारा किया गया।

शुभारंभ अश्वनी द्विवेदी के सरस्वती वंदना से हुआ, स्वागत गीत पूजा लकी पांडे ने प्रस्तुत किया। शब्द सुमन से आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के संयोजक एवं विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था के अध्यक्ष आर के भट्ट ÷ बावरा %के द्वारा किया गया। तत्पश्चात विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था के उपाध्यक्ष ज्ञानवर्धन गोविंदराव, सचिव जय कृष्णा शुक्ला,उप सचिव आफताब आलम,श्री पिंजरापोल गौशाला के मंत्री अखिलेश गोयल के द्वारा अंग वस्त्र,स्मृति चिन्ह, बुके और फूल मालाओं से सभी आगंतुक अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत अभिनंदन किया गया।

उद्घाटन के उपरांत अपने उद्बोधन में निवर्तमान सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि लोकगीतों और लोक परंपराओं के संरक्षण के लिए यह कार्यक्रम ऐतिहासिक है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से हमारी लोक परंपराए,लोकगीत, लोक नृत्य से हमारी नई पीढ़ी भी परिचित होती रहती है। विधायक सदर मनीष जायसवाल मंटू ने रेडियो प्रज्ञा, सिटी क्लब,विमर्श साहित्यिक सामाजिक सेवा संस्था एवं श्री पिंजरापोल गौशाला को इस कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत बधाई दी। कार्यक्रम में दर्जनों कलाकारों ने पारंपरिक होली गीत, चैता के साथ शानदार लोक नृत्य प्रस्तुत किया। लोकगीत, लोक नृत्य और हास्य कविताओं के विविध रंगों में उपस्थित दर्शक सराबोर और भीगते रहे और तालियां बजाते रहे। जबकि जनपद के सुप्रसिद्ध हास्य कवि अवध किशोर अवधू ने अपनी हास्य कविताओं से सभी को लोटपोट कर दिया।

राकेश श्रीवास्तव, अनीस सोनी,पवन पंछी, स्वीटी सिंह,अर्पिता पूजा लकी पांडे,काजल पांडे,तनु गुप्ता, दिनेश पाठक, दीपक मिश्रा,अश्विनी द्विवेदी, विजय दास अनमोल, दीपक यादव,के द्वारा होली चैता एवं पारंपरिक लोकगीत प्रस्तुत किए गए।

अपने समापन भाषण में पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि लोकगीत और लोक नृत्य लोक की आत्मा की अभिव्यक्ति हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि कलाएं मनुष्य की कोमल भावनाओं की वाह्यअभिव्यक्ति है। अंतर्राष्ट्रीय लोकगीत गायक राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि लोकगीतों के संरक्षण के लिए जीवन समर्पित है। इस तरह का जब भी आयोजन होगा मैं सदैव उपस्थित रहूंगा।विमर्श के संरक्षक तथा सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर संदीप अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि अपनी मिट्टी के महत्व को अपनी अगली पीढ़ी को सपना हमारा कर्तव्य है।शिवेंद्र पांडे ने अपने संबोधन में भोजपुरिया लोक संस्कृति को दुनिया की सबसे समृद्ध लोक संस्कृति बताया।कार्यक्रम सुंदर का संचालन अनूप मिश्रा के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन में मैनेजर रेडियो प्रज्ञा तेज नारायण श्रीवास्तव, सागर पांडे, नवनीत पांडे, और दीपक का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, धनंजय तिवारी, प्रवीण कुमार गुंजन, रितिक सिंह गौतम, रामानुज मिश्रा, अनुसूचित जनजाति संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन गोड़, समाजवादी पार्टी के शाहिद लारी, चिकित्सा डॉ संजय गुप्ता, व्यापारी अजय गुप्ता, डॉ केपी गौड़, श्रीमती डॉक्टर सुनीता पांडे, श्रीमति मीनू जिंदल , श्रीमती कालिंदी त्रिपाठी,डॉ धनंजय मिश्रा, अनुराग अनुराग अग्रवाल,सागर पांडेय,अंशुल जायसवाल, डॉक्टर अनवर, डी के पाण्डेय, नव्या, कार्तिकेय सिंह, आलोक पाठक,मोनिका,सवेरा सेवा संस्थान से प्रबंधक साज्जन रैना, दुर्गेश, सुश्री सुनीता कुशवाहा, संतोष कुमार,संदीप त्रिपाठी, विनय उपाध्याय,संजय चाणक्य, ज्योतिभान मिश्रा, पवन मिश्रा, मोहम्मद नईम, कृष्ण मोहन पांडे, आदित्य श्रीवास्तव,अर्जुन वेदांत,गौरव, आकाश महेशपुरी, महेंद्र पांडे,सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पेड़ से टकराई कार, युवक की मौत, कई घायल

▸▸ शहर के अतर्रा रोड़ स्थित एक ढाबा के पास हुआ हादसा

संवाददाता

**बांदा।** तेज रफ्तार कार आनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। इसमें सवार एक युवक की मौत हो गई। चार अन्य लोग घायल हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के चाचा ने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हमीरपुर जिला के मौदहा थाना क्षेत्र के भमरौली गांव के मजरा ढियाडेरा निवासी 21 वर्षीय दीपक पुत्र रामस्वरूप शहर के एक ढाबा में काम करता था। रविवार को वह चार पहिया कार से कामत गिरी के परिक्रमा लगाने गया था। रात में ही वह वापस लौट रहा था। तभी अतर्रा रोड़ स्थित एक ढाबा के पास तेज रफ्तार कार आनियंत्रित हो कर पेड़ से टकरा गई। इसमें सवार दीपक के अलावा दो महिलाएं तीन पुरूष घायल हो गए। दीपक को गंभीर हालत मे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने दीपक को देखने के बाद मृत ष्घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए।

मृतक के चाचा संतोष ने बताया कि दीपक शहर के एक ढावा में काम करता था। वह चार पहिया की बीच वाली सीट में बैठा था। इसमे अन्य लोगो को मामूली चोटे आई थी। चाचा का आरोप है कि उसकी हत्या करने के बाद वाहन को पेड़ से भिड़ाया। जिससे दीपक मौत हो गई।

चालक भी बाल बाल बच गया। मृतक तीन भाईयो में सबसे छोटा था। अचानक हुई इस ष्घटना से मां गंगा जली समेत परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

# अवैध वसूली का स्क्रीनशाट हो रहा वायरल

▸▸ बाले भरे ट्रकों से की जा रही है अवैध वसूली

संवाददाता

**बांदा।** अतर्रा तहसील के एक अधिकारी द्वारा आए दिन बालू भरे ओवरलोड ट्रैकों से अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आ रहा है। ताजा मामला 6 अप्रैल को ओवर लोड़ मौरंग भरे ट्रकों को पकड़ना और सुविधा शुल्क ले कर छोड़ देने का चर्चा में है। ट्रक संचालक द्वारा फोन-पे के माध्यम से दी गयी मोटी रकम का स्क्रीन शाट वायरल हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल 2024 को तहसील का अधिकारी बताते हुए एक व्यक्ति ने मौरंग भरे 3 ओवर लोड ट्रक पकड़े और घंटों बात चीत के बाद 50 हजार रुपये प्रति ट्रक के हिसाब से मामला को रफा दफा करने का निश्चित हुआ। ट्रक संचालक से रुपये मिलने के उपरान्त ट्रकों को चलता कर दिया गया। वसूली की रकम कारखास के पास जरिए फोन पे जमा करा दी गई । जिसका पता जांच के बाद ही लगाया जा सकता है। पे की गई रकम का स्क्रीनशाट वायरल हो रहा है जो इन दिनों जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। ट्रक संचालक नें सरकारी जुर्माना इस लिए दे दिया कि गुरुवार को आरटीओ सचल दल नें बदौसा के पास नेशनल हाईबे 35 में दो डंपर महुटा खदान से ओवरलोड बालू भर कर प्रयागराज की ओर जाते समय पकड़ा। जुर्माना जमा करने के बाद रवन्ना, सेल टैक्स आदि के चक्कर में बदौसा पुलिस के चंगुल में फंस गये थे और अभी बदौसा थाने के सामने खड़े हैं।

# अग्निकांड से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

▸▸ पराली जलाने से बचें किसान- जिलाधिकारी/ अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

संवाददाता



**कुशीनगर।** तेजी से बढ़ रही गर्मी के दृष्टिगत संभावित अग्नि काण्डों से बचाव को लेकर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जनपदवासियों से बचाव हेतु अपील करते हुए सचेत किया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही अग्निकाण्ड की घटनाएं भी प्रारम्भ हो गई हैं। गर्मी के दिनों में जब तेज पछुआ हवा चलती है तो गांवों में अग्निकांड की घटनाएं बड़े पैमाने पर घटित होती हैं जिसके फलस्वरूप हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है।

उन्होंने इस सम्बन्ध में बताया कि बहुत छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर हम अग्निकांड की घटनाओं को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में लगने वाली आग से गांव अत्यधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर लें। शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें एवं उनकी निगरानी अवश्य करते रहें। गर्मी के दिनों में दिन में तेज व गर्म हवाएं चलती हैं इसलिए जहां तक सम्भव हो गर्मियों में दिन का खाना 09 बजे सुबह से पूर्व बना लें तथा रात का खाना शाम 06 बजे के बाद बनाएं। बिजली के ढीले तारों से निकली चिंगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है। इसलिए जहां कहीं भी ढीले तार दिखें उसकी सूचना बिना देर किए बिजली विभाग को दें। आग लगने पर सर्वप्रथम समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें। आवश्यकता होने पर आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड न0- 101/100 एवं प्रशासन को तुरंत सूचित करें।

# पुलिस की संयुक्त टीम ने चार गांजा तस्करों को दबोचा

▸▸ एसओजी व अतर्रा पुलिस को मिली कामयाबी

संवाददाता




**बांदा।** अतर्रा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर गांजा बिक्री करने जा रहे दो वाहनों को रोककर उनसे करीब आधा कुंतल सूखा गांजा एवं चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने भागने के चक्कर में एसओजी की गाड़ी को अपने वाहन से टक्कर भी मारी, जिससे टीम के कई लोग घायल हुए है।

प्रभारी निरीक्षक अतर्रा पंकज कुमार सिंह ने खुद वादी मुकदमा बनते हुए दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया है कि मुखबिर ने सूचना दिया कि सतना की तरफ से चलकर नरैनी रोड होते हुए दो गाड़ियों में बिक्री के लिए सूखा गांजा ले जाया जा रहा है जिस पर एसओजी टीम के साथ संयुक्त रूप से पलटू पुरवा अंश पचोखर थाना अतर्रा के पास नरैनी की तरफ से आ रही कार और उसके पीछे मारुति कार को रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन कार के चालक ने एसओजी टीम की सरकारी गाड़ी में जान से मारने की नियत से भागने के चक्कर में जोरदार टक्कर मार दी।

जिसके चलते एसओजी प्रभारी अनिल कुमार साहू, कांस्टेबल अश्वनी प्रताप, संदीप, सूर्यांश और अमित त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बाद भी सभी लोगों ने संभलते हुए गाड़ी से उतरकर दोनों वाहनों को रोक लिया और जब उनकी तलाशी ली गई तो उनसे दो-दो बोरी सूखा गांजा बरामद हुआ। जिसकी तौल कुल 60 किग्रा, 15- 15 किलो प्रति बोरी है और पहली गाड़ी से गांजा बिक्री के 69000 रुपए भी मिले। वही चार गांजा तस्कर अरुण कुमार शिवहरे पुत्र शिव नरेश निवासी राजनगर अतर्रा बांदा ,पदमधर उर्फ यस उर्फ अमन सिंह पुत्र ललई सिंह निवासी गढ़ीतोला उचेहरा सतना मप्र, ओमकार शुक्ला पुत्र चक्रपाणि शुक्ला निवासी अतरौली सीधी मप्र व विक्रांत उर्फ गुड्डू सिंह पुत्र भगवत प्रसाद ग्राम भंवर सिंहपुर सतना मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया।

सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व जान से मारने की नियत सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई है।

# ईद उल फितर के लिए मजिस्ट्रेट नामित

▸▸ 11 अप्रैल को समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में रहेंगे भ्रमणशील

संवाददाता

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने ईद उल फितर दिनांक 11 अप्रैल को चंद्रदर्शन के अनुसार मनाए जाने के दृष्टिगत उक्त त्योहार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु 11 अप्रैल के लिए पर्यवेक्षक अधिकारी, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट /जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार/ तहसील / पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं।

जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण नगर क्षेत्र कसया, नगर क्षेत्र फाजिलनगर, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, व नगर क्षेत्र तमकुही, दुदही व सेवरही,सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा,पडरौना, संपूर्ण नगर क्षेत्र सुकरौली, मथौली, हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में वरून सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, को नामित किया है। इसी प्रकार संपूर्ण तहसील व नगर क्षेत्र पड़रौना, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तांगनगंज, नगर क्षेत्र कप्तानगंज, सम्पूर्ण नगर क्षेत्र रामकोला, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा, नगर क्षेत्र छितौनी, हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में अनिल कुमार डिप्टी कलेक्टर को पर्यवेक्षक अधिकारी नामित किया गया है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में 19 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया, उप जिलाधिकारी गण तहसीलवार व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी नामित किए हैं। जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में कुल 13 अधिकारियों को नामित किया है, जिसके अंतर्गत तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है।

जिलाधिकारी ने इसके अलावे 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित किये हैं जो जनपद स्तरीय/विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी हैं।

*रिजर्व में 03 जोनल व 05 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किये है।*

जिलाधिकारी ने समस्त कार्यक्रम के दृष्टिगत कानून व्यवस्था के नोडल अधिकारी के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट को नामित किया है। उन्होंने मजिस्ट्रेट गण को निर्देशित किया है कि अपने अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे की सार्वजनिक स्थल पर अत्यधिक भीड़ के दृष्टि गत वहां कोई विवाद ना हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे यदि कोई शांति व्यवस्था में बाधा आती है तो उसके संबंध में पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को तत्काल अवगत कराएं तथा उक्त के संबंध में उप जिला मजिस्ट्रेट व थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वस्तु स्थिति से भी अवगत कराएंगे तथा संबंधित चौकी क्षेत्र/थाना क्षेत्र में ही उपस्थित रहेंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि जनपद में वर्तमान समय में धारा 144 लागू है सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। उन्होने सभी को निर्देशित किया है कि दिनांक 11 अप्रैल को समस्त मजिस्ट्रेट अपने चौकी क्षेत्र थाना क्षेत्र में भ्रमण सील रहेंगे, तथा आवश्यकतानुसार संबंधित एवं थाना प्रभारी को सूचना देते रहेंगे। यदि कोई समस्या होती है तो तत्काल पुलिस अधीक्षक /जिलाधिकारी को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जिसका न0 05564-240590 है, कंट्रोल रूम के प्रभारी विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी मो0न0 7518024041 व आलोक प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी मो0न0 7834948507 को बनाया गया है जो अपने अपने स्टाफ के साथ कंट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे तथा प्रत्येक अधिकारियों को फोन कर उनकी लोकेशन प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराएंगे।

# कार्यशाला में शामिल हुए सभी 214 बीएलओ व सुपरवाइजर

▸▸ मतदाता सूची सबसे जरुरी हैः अनिल कुमार

संवाददाता



**कुशीनगर।** फाजिलनगर ब्लाक के सभागार मे फाजिलनगर विधानसभा के सभी 214 बीएलओ व सुपरवाइजर की प्रशिक्षण कार्यशाला हुई जिसमें मतदाता सूची में सुधार के बारे में जरुरी निर्देश दिए गए।कार्यशाला 11 से 12 व एक से दो बजे के दो सत्रों में हुई।

सोमवार को तमकुही राज के एसडीएम न्यायिक अनिल कुमार ने कहा कि मतदाता सूची चुनाव का महत्त्वपूर्ण अंग है। इसमें गड़बड़ी असंतोष को बढ़ाती है। इसमें नाम शामिल करने,जोड़ने या सुधारने में सावधानी जरुरी है।सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) व एसडीएम न्यायिक कसया पारितोष मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र पंचायत कार्यालय परिसर में देवरिया लोकसभा के फाजिलनगर विधानसभा के लिए कार्यालय खोला गया है। यहां लोकसभा के सामान्य निर्वाचन से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।मतदाता सूची में सुधार या किसी गड़बडी के लिए संपर्क करें। 80 साल से अधिक उम्र के मतदाता की सुविधा का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बीएलओ घर घर जाकर इससे संबंधित जानकारी इकट्ठा करें।संचालन तमकुही राज के तहसीलदार चंदन शर्मा ने किया। इस दौरान पेशकर राहुल चतुर्वेदी, शमी हैदर, प्रियांक पांडेय,आदित्य कुमार, राजनाथ सिंह, विनय प्रताप, दशरथ कुमार, अमीरुल्लाह अंसारी, मोहम्मद शमी, सत्य प्रकाश मिश्रा, व्यास प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### परिजनों के मोबाइल छीनने से क्षुब्ध किशोरी ने लगाई फांसी

**छिबरामऊ।** ग्राम उधरनपुर निवासी मोबाइल फोन चला रही किशोरी से परिजनों ने फोन छीन लिया, जिसे क्षुब्ध हुई किशोरी ने फांसी लगा ली। आनन फानन में परिजनों ने उसे उतार कर उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उधरनपुर निवासी मनोज कुमार चतुर्वेदी की 13 वर्षीय पुत्री पलक सोमवार सुबह कमरे में जाकर फांसी के फंदे पर झूल गई। जानकारी होते ही आनन फानन में परिजन उसे फंदे से उतर कर उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया, जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार 13 वर्षीय किशोरी पलक मोबाइल फोन चला रही थी। परिजनों द्वारा फोन छीन लेने से क्षुब्ध हुई किशोरी ने खुद को फांसी के फंदे पर लटका लिया। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### प्रचार सामग्री मिलने पर सपा प्रत्याशी सहित दो पर मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ।** फर्रुखाबाद चौराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान फर्रुखाबाद के सपा प्रत्याशी के वाहन में मिली चुनाव सामग्री के बाद आचार संहिता उल्लंघन के तहत प्रत्याशी सहित दो लोगों के खिलाफ कोतवाल द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार की देर रात नगर के फर्रुखाबाद चौराहे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान एक वाहन में चुनाव प्रचार सामग्री पाई गई, जोकि फर्रुखाबाद से सपा प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य की है, जिसके चलते आचार संहिता उल्लंघन के तहत सपा प्रत्याशी नवल किशोर तथा वाहन स्वामी राधा मोहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

### बालक से दुष्कर्म कर इंसानियत को किया शर्मसार


**छिबरामऊ।** नगर के एक 8 वर्षीय बालक के साथ उसी के मोहल्ले के निवासी हैवान ने हैवानियत करते हुए इंसानियत को शर्मसार कर दिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने बालक को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि बालक अपने घर के पास खेल रहा था। तभी मोहल्ले का ही निवासी एक व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म करके फरार हो गया। खून से लथपथ बालक जब घर पहुंचा तो परिजन उसे देखकर सन्न रह गए। बालक द्वारा घटना की जानकारी देने पर परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की और पुलिस ने बालक को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।

### मेधावी छात्र छात्राओं को किया पुरस्कृत



**छिबरामऊ।** विमला देवी इंटर कॉलेज में आयोजित शिक्षक अभिभावक बैठक में हर कक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से आयुष व समर्थ, कक्षा 2 से जानवी, कक्षा 3 से काव्या, कक्षा 4 से अंशिका, कक्षा 5 से खुशी, कक्षा 6 से रिया व अनुष्का शर्मा, कक्षा 7 से लक्ष्मी व तान्या, कक्षा 8 से अंकित उन्नति व कार्तिक, कक्षा 9 से मुस्कान एवं कक्षा 11 से गौरव आदि मेधावी छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक अनिल यादव ने कहा सफलता हासिल करने के लिए हर बच्चे को सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। निदेशक डॉ रजनेश यादव ने कहा आज के युग में बच्चों का बहुमुखी विकास होना भी आवश्यक है। निदेशक डॉ उषा यादव ने कहा शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का संस्कारित होना भी जरूरी है क्योंकि संस्कारित बच्चों से ही देश का भविष्य उज्जवल बनेगा। प्रधानाचार्य रीता पाल ने कहा पुरस्कार से अन्य बच्चों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान डॉ राजेश यादव, श्याम बाबू, अवधेश कुमार, दमयंती, अमृता श्रीवास्तव, रीना पाल, शिवानी, फरहीन, सीता, जगमोहन, रोहित, मोहित एवं प्रदीप सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### आलू खरीदने गया व्यापारी चार दिन से लापता



**छिबरामऊ।** चार दिन पहले मंडी समिति स्थित अपनी दुकान पर आलू की खरीदारी के लिए निकला आढ़ती अचानक कहीं लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद कोई जानकारी हाथ न लगने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करने के लिए कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम छछौनापुर तथा हाल पता नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित नॉर्मल रोड सराय गूजरमल निवासी दिनेश सिंह पुत्र भरत सिंह ने बताया कि उनके भाई रजनेश कुमार उर्फ सिल्लू की मंडी समिति में आढ़त की दुकान नंबर डी 2-16 मेसर्स शंकरलाल गुप्ता के नाम से है। वह बीते शुक्रवार की सुबह 8 बजे आलू खरीदने की बात कहकर अपनी दुकान मण्डी समिति की ओर निकला था। शाम 8 बजे के बाद मोबाइल से सम्पर्क होना बन्द हो गया, जिसके बाद उसके परिचित लोगों व रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला है। दिनेश सिंह ने अपने भाई रजनीश की गुमशुदगी की दर्ज कराने को लेकर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है।

### निर्जन आश्रम में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ



**छिबरामऊ।** ग्राम पृथ्वीपुर के प्राचीन निर्जन आश्रम में राष्ट्रीय सनातनी विचारधारा संगठन के संस्थापक अरुण दुबे के सानिध्य में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। राष्ट्रीय सनातनी विचार धारा संगठन के नगर पदाधिकारी ब्रज मोहन श्रीवास्तव व प्रिया श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ने अपने बड़े बेटे का जन्म दिन सनातनी विचारों के द्वारा हनुमान चालीसा पाठ के साथ निर्जन आश्रम में मनाया। इस दौरान प्रदेश नियुक्ति प्रभारी रोहित मिश्रा, नगर अध्यक्ष छिबरामऊ संध्या श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सरिता पांडेय व नेहा गुप्ता सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

### गठबंधन से सपा प्रत्याशी घोषित न होने से कांग्रेसियों में असमंजस



**छिबरामऊ।** कन्नौज लोकसभा सीट पर अब तक इंडिक गठबंधन से सपा प्रत्याशी घोषित नहीं होने पर कांग्रेसियों में असमंजस व्याप्त है। पुराने सौरिख बस स्टॉप स्थित कार्यालय में हुई कांग्रेस विचार मंच की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे ने कहा कांग्रेस से गठबंधन के तहत कन्नौज लोकसभा सीट सपा को दी गई थी जो अब तक असमंजस में पड़ी है। अभी तक यहां प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है। इसका सीधा-सीधा मतलब सपा हिम्मत हारकर पीछे हटने का मन बना रही है। अगर ऐसा है तो यह सीट कांग्रेस के खाते में दे देना चाहिए जिससे कांग्रेस अपना प्रत्याशी तय कर सके और दिए गए आवेदनों में से अपने किसी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतर सके। उन्होंने कहा चुनाव की तैयारी के लिए प्रत्याशी के पास मात्र एक माह का समय बचा है। भाजपा प्रत्याशी का चुनाव प्रचार तूफानी गति से चल रहा है जबकि गठबंधन प्रत्याशी का अभी तक कोई अता-पता नहीं है। इस दौरान आसाराम यादव, अजय दुबे, भैया लाल दुबे, राजेश कुमार, दिनेश पांडेय व मुन्ना दुबे आदि मौजूद रहे।

# अनुपस्थित वोटर डाक मतपत्र से डाल सकेंगे मतदान

» कलेक्ट्रेट में दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता



**कन्नौज।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लोक सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत अनुपस्थित मतदाताओ को डाक मतपत्र के द्वारा मतदान कराए जाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

उन्होने कहा कि अनुपस्थित वोटर्स जो डायरेक्ट बूथ में नही पहुंच सकते हैं उनके लिये यह सुविधा दी गयी है। ऐसे वोटर्स के लिये फार्म 12डी भरने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। जनपद में 85 वर्ष से अधिक मतदाताओ की संख्या विधान सभा छिबरामऊ में 3476, तिर्वा में 3163 और कन्नौज में 2594 कुल वरिष्ठ मतदाता 9233 है। इसी प्रकार जनपद में दिव्यांगजन मतदाताओं की संख्या विधान सभा छिबरामऊ में 5990, तिर्वा में 5164 और कन्नौज में 4000, कुल दिव्यांग मतदाता 15154 है। उन्होंने कहा कि बी0एल0ओ0 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दिये विवरण के अनुसार 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांग मतदाता जो आने-जाने में असहाय है। ऐसे मतदाताओ के घरों का दौरा कर प्रारुप-12डी भरकर एकत्रित करेंगे। निर्वाचक मतपत्र पर अपना मत अंकित कर उसे छोटे लिफाफे (फार्म-13बी) में रखेगा। अधिकृत मतदान अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रारुप-13क मे विधिवत भरी हुई और हस्ताक्षरित घोषणा, चिन्हित मतपत्र वाला बन्द लिफाफा (फार्म-13बी) के साथ बडे लिफाफे (फार्म-13सी) के अन्दर रखी जायेगी। उन्होने कहा कि डाक मतपत्र की प्रक्रिया का शतप्रतिशत पालन किया जाये। लिफाफे को मतदान सुविधा केन्द्र में बने मतदाता सुविधा केन्द्र पर बनें मतपेटी में डाल देगे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, समस्त उप जिलाधिकारी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 140 सेक्टर मजिस्ट्रेटो की रिपोर्ट से कन्नौज के विकास की पोल खुली

» 197 बूथों तक जाने का रास्ता खराव

» कहीं पानी भरा तो कहीं सड़क जर्जर

**कन्नौज।** कन्नौज का विकास सात सालो से ठप्प है। यह तब है जव प्रदेश और देश मे भाजपा की सरकार है जिसे डबल इंजन की सरकार कहा जाता है। अभी दो दिन पूर्व यूथ इण्डिया ने कन्नौज की सडको की दुर्दशा पर रिर्पोट छापी थी जिसके बाद जनता ने अपने अपने क्षेत्रो की खराब सडको का ब्योरा देना शुरू कर दिया।

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां जोर शोर से शुरू हैं। चौथे चरण के लिए 18 अप्रैल से नामांकन की प्रकिया शुरू होगी। इधर पोलिग स्टेशन का भौतिक सत्यापन सेक्टर मजिस्टेट्रो द्वारा किया गया जिसमे चौकाने वाले तथ्य प्रकाश मे आये है।

140 सेक्टर मजिस्ट्रेटो ने रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को सौपी है उसमे कहा गया है कि 197 पोलिंग बूथों को जाने का रास्ता सही नही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटो के माध्यम से सडक, विजली, पानी, शौचालय, दिव्याग रैम्प, की व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया जिसमे कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ विधानसभा मे 197 बूथ ऐसे पाये गये जिनके रास्ते मे जल भराव के साथ रास्ता कच्चा जर्जर हालत में है।

प्रश्न यह है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग विकास ठप्प होने से कितना नारकीय जीवन जी रहे है लेकिन कोई सुनने वाला नही है। आहत ग्रामीणों का कहना है चुनाव के वक्त नेता आते है लम्बे, चौडे वादे करते हैं लेकिन वोट लेने के बाद कोई झांकने नही आता।

## शिकायतकर्ता और थाने को ऑनलाइन जोड़कर एसपी कर रहे सुनवाई

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शिकायतकर्ता और सम्बंधित थानेदार को ऑनलाइन जोड़ कर मामले के संबंध में हकीकत जानी गई। पूरा मामला सुनने के बाद एसपी ने कार्रवाई के निर्देश दिए।

सुनवाई के लिए मौजूद एसपी श्री आनंद ने आये हुये ज्यादातर फरियादियो की समस्याओं का निपटारा किया। जनसुनवाई को प्रभावी बनाने के लिये एसपी ने ऑनलाइन मीटिंग की जिसमे प्रातः 10 से 12 बजे तक थानेदारों को ऑनलाइन रखने के निर्देश दिए गए। एसपी ने फरियादी की शिकायत सुनकर थानेदार से उसी वक्त डायरेक्ट बात कर मामले को लेकर पड़ताल की। एसपी की इस पहल से फरियादियों को त्वरित न्याय मिल रहा है। एसपी की पहल से ज्यादातर फरियादियों की थाने में ही सुनवायी होने लगी जिससे जनता त्वरित न्याय मिलने से काफी प्रभावित है।

## हमारी भावनाओं को बल प्रदान करती है मानव सेवाः महात्मा योगेंद्र सिंह

संवाददाता



**छिबरामऊ।** संत निरंकारी भवन में आयोजित सतसंग में सैफई से आए मुखी महात्मा योगेंद्र सिंह यादव ने कहा किसी भी तरह की मानव सेवा हमारी भावनाओं को बल प्रदान करती है लेकिन आज हम चारों ओर भयंकर स्थितियां देख रहे हैं।

उन्होंने कहा लोग आपस में जाति, वर्ग, धर्म आदि के नाम पर लड़ रहे हैं। हम सभी सर्व शक्तिमान प्रभु परमात्मा की ही रचनाएं हैं। परन्तु मानव ने हर तरफ जाति, पाति के बंधन पैदा कर रखे हैं। हर तरफ अत्यधिक हिंसा व नफरतों की दिवालें बना रखी हैं। दूसरी तरफ संत महात्मा पीर पैगम्बर हैं जो चाहते हैं कि लोग सदभाव से रहें। एकत्व में सदभाव मिशन का नारा है। हम चाहते हैं की सभी धर्म जाति के लोग भाईचारा के साथ रहें। सदभाव पूर्ण रिश्ते हों। महात्मा कहते हैं कि मनुष्य और पशुओं में बहुत अंतर होता है। परमात्मा ने हमे सोचने समझने की बुद्धि दी है अतः हमें दूसरों के प्रति सहनशीलता व दया भाव वाला व्यवहार करना चाहिए क्योंकि सभी संत महापुरुषों, पीर पैगम्बरों ने हमेशा दया सहनशीलता और दूसरों से प्यार करने की ही शिक्षा दी है। सभी ने हमें आपस में प्रेम करना भी सिखाया है। संतो महापुरुषो ने कहा भी है दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान, तुलसी दया न छोडिये जब लग घट में प्राण। यही शिक्षा निरंकारी मिशन की समय की सद्गुरु माता सुदिक्षा सविंदर हरदेव सिंह जी महाराज दे रही हैं। इससे पहले सेवा दल संचालक मनीष शाक्य ने सभी स्वयंसेवकों को सुबह 8 बजे पीटी परेड कराई।

### सभी लोग धूमधाम से मनाएं सनातन नव वर्ष



**छिबरामऊ।** विक्रम संवत 2081 चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 9 अप्रैल मंगलवार से सनातन नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है। राष्ट्रीय सनातन संघ ने इसे धूमधाम से मनाने का आवाहन किया है। प्रदेश अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा हिंदू सनातन नव वर्ष के शुभ अवसर पर अपने अपने घरों पर धर्म ध्वजा फहराएं। घर-द्वार पर वंदनवार लगाएं। दिन के भोजन में खीर पूड़ी बनाकर भगवान को भोग लगाएं। सायंकाल में घर के द्वार पर पांच दीपक प्रज्वलित करें। अपने इष्ट मित्रों, परिजनों एवं रिश्तेदारों को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनायें दें और पंडित जी को बुलाकर सामूहिक रूप से बड़े बड़े हवनों का आयोजन करें। 1अरब 96 करोड़ 8 लाख 53 हजार 125 वें वर्ष विक्रम संवत्-2081 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा सनातन नववर्ष का स्वागत पूरे उत्साह से करें।

## अबकी बार घोड़े पर सवार होकर आएगी मां दुर्गा

संवाददाता



**छिबरामऊ।** आचार्य पं अभय त्रिपाठी के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होती है। पंचांग के अनुसार इस साल यह तिथि 8 अप्रैल को रात 11 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगी और 9 अप्रैल को रात 8 बजकर 30 मिनट पर इसका समापन होगा।

उदया तिथि के अनुसार चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल से होगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि नवरात्रि में माता रानी घोड़े पर सवार होकर आती हैं तो इसे शुभ नहीं माना जाता है। यह किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक खास संकेत होता है। घोड़े पर सवार होकर मां का आना इस बात का संकेत है कि आने वाले समय में सत्ता में बड़ा बदलाव होने वाला है। इसके साथ ही युद्ध के भी हालात बन सकते हैं। साधकों को जीवन में आ रहे सभी संकटों से भी छुटकारा मिलेगा। यानि आने वाला समय बदलाव का होगा और ऐसे में आपको अपने आस-पास छोटे-बड़े कई बदलाव देखने को मिलेंगे। कहते हैं कि मां दुर्गा का घोड़े पर सवार होकर आने का मतलब है कि प्राकृतिक आपदा की सम्भावना रहती है।

**शुभ मुहूर्त में करें कलश स्थापना** : 9 अप्रैल को कलश स्थापना के लिए सबसे अच्छा मुहूर्त नीमच पंचांग के अनुसार 12 बजकर 14 मिनट से 1बजकर 5 मिनट तक रहेगा क्योंकि यह अभिजीत मुहूर्त है। विश्व पंचांग के अनुसार अभिजित मुहूर्त दिवा 11 बजकर 35 मिनट से 12 बजकर 25 मिनट तक व सुबह 6बजकर 11 मिनट से 10 बजकर 23 मिनट तक है।

## अच्छे स्वास्थ्य के प्रति लोगों की जागरूकता को बढ़ावा

**कन्नौज।** आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र विनोद दीक्षित अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ सुधान्शु द्वारा शिविर में द्वारा उपरोक्त शिविर में बताया गया कि हर साल 7 अप्रैल को स्वास्थ्य संगठनों द्वारा पूरे विश्व में स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य अच्छे स्वास्थ्य की महत्व की प्रति लोगों के जागरूकता को बढ़ावा देना है। पराविधिक स्वयं सेवक नितिन सक्सेना द्वारा आयोजित शिविर में ए0डी0आर0 भवन में स्थापित स्थायी लोक अदालत के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले विषयों, वायु, सडक, जलमार्ग द्वारा यात्रियों का माल के वहन के लिये यातायात सेवा, डाक तार टेलीफोन, सार्वजनिक वहन, या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल औषधालय सेवा, बीमा सेवा, शिक्षा रियल स्टेट के संबंधित विवादों के निस्तारण हेतु स्थाई लोक अदालत का गठन होने एवं उसकी कार्यप्रणाली के बारे में बताया गया।

## उपेक्षा से नाराज फतुआपुर, मानपुर, धीरा तालाब के लोग

» लोकसभा चुनाव में खिला सकते हैं गुल

संवाददाता





**कन्नौज।** कन्नौज के धीरा तालाब, हौदा पुरवा, फतुआपुर और मानपुर रोड के लोग काफी अरसे से जल भराव की समस्या से जूझ रहे हैं। पूरे साल तलाब से उफनाते पानी से पूरे साल लोग त्राहि त्राहि करते हैं। मानपुर की सड़क बनने के लिए घोषणाएं की गई लेकिन न तो सड़क बनी न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था बनी। धीरा तालाब के आसपास सड़कें भी काफी जर्जर हैं।

अपनी उपेक्षा को लेकर लोगों का आक्रोश पूरे शबाब पर है। हो सकता है उनका आक्रोश लोकसभा चुनाव में नजर आ सकता है क्योंकि पूरे पांच साल उन्हे सिर्फ आश्वासन ही मिला है जिसको लेकर काफी नाराजगी यहां के निवासियों में बनी हुई हैं।

ना सिर्फ बारिश के दौरान वल्कि पूरे साल मोहल्ले की गलियों में गंदा पानी और कीचड़ बजबजाता रहता है जो स्थिति बारिश में अत्यंत भयावह हो जाती है पानी घरों में भर जाता है।

तालाब के उफनाते पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। पिछले वर्ष तत्कालीन पालिकाध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री द्वारा मोटर लगाकर पाइप बिछाकर पानी निकालने का विकल्प बनाया गया लेकिन वह कार्य फिर राजनीति का शिकार हो गया और बीच में ही ठप हो गया।

मोहल्ले के लोगों ने शासन प्रशासन में प्रयास किया लेकिन दिखावे के लिए कुछ अधिकारियों ने स्थिति देखी लेकिन स्थिति जस की तस रही। तालाब में काफी बड़े क्षेत्र से पानी आता है तथा सरकारी ट्यूबवेल से चलने वाले पानी से तालाब में पानी कभी कम नहीं होता।

तालाब के किनारे बनी सी सी रोड पूरी तरह टूट चुकी है। एक दो जगह सिर्फ एक या दो फीट ही बची है साथ ही उससे लगा काफी गहरा तालाब का पानी बड़े हादसे को दावत देता है। उस रास्ते से होकर ना सिर्फ बड़ी संख्या में बस्ती के लोग बल्कि बच्चों से भरी स्कूली मैजिक और वैन भी निकलती हैं। जिसमे बड़ी घटना होने का डर लगा रहता है। मोहल्ले में घरेलू पानी निकलने के लिए उचित नालियां नहीं बनी हैं तथा गलियां भी टूटी फूटी हैं।

गोलकुआँ से मानपुर रोड की स्थिति अत्यंत खराब है। वहां की सड़क किनारे की बस्ती से निकला हुआ पानी सड़क पर ही भरता रहता है जिसकी अस्थाई व्यवस्था करके पानी निकाला जाता है किन्तु कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया।

सड़क इतनी टूटी फूटी है जिस पर चलना अत्यंत दूभर हो जाता है पिछले कई वर्षों में उसकी मरम्मत ना होने के कारण स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई है।

ये क्षेत्र लंबे समय से प्रशासन के साथ साथ राजनीतिक जन प्रतिनिधियों की ओर आस भरी निगाहों से देख रहा है लेकिन अभी तक उपेक्षा और निराशा ही हाथ लगी है।

## पति ने चंडीगढ़ ले जाकर पत्नी को बनाया बंधक

» बेटी के मायके आने पर पिता ने दामाद व ससुरालियों के खिलाफ दी तहरीर

संवाददाता

**कन्नौज।** चंडीगढ़ ले जाकर अपनी पत्नी को एक पति ने बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट करता रहा। महिला ने पति से जब बाहर जाने को कहा तो पति सहित अन्य ससुरालीजन उसे बुरी तरह पीटने लगते। महिला पति के चंगुल से भागकर चंडीगढ़ से कन्नौज अपने मायके पहुंची। पीड़िता ने सारी बात अपने परिजनों को बताई। पीड़िता के पिता ने दामाद व उसके परिजनों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

विवाहिता को प्रताड़ित करने का यह मामला कन्नौज के फिरोजपुर तारन गांव निवासी राजकुमारी के साथ हुआ। उसकी शादी 8 साल पहले उन्नाव के देवखारी निवासी साहब लाल के साथ हुई थी। शादी के एक साल बाद राजकुमारी के एक बेटी भी हुई। करीब 4 साल तक सब ठीक चलता रहा, उसके बाद पति साहब सिंह किसी निजी कम्पनी में काम करने चंडीगढ़ चला गया। यहीं से राजकुमारी के बुरे दिनों की शुरुआत हो गयी। पति महीनों घर नही आता। यह देख उसने कुछ दिन बाद घर मे बवाल शुरू कर दिया। यह देख पति उसे अपने साथ चंडीगढ़ ले गया। चंडीगढ़ में राजकुमारी के और दुर्दिन शुरू हो गये। पति उसे घर मे बंद रखता और ज्यादातर घर से बाहर रहता, जरा से सवाल पर ससुरालीजन व पति उसे पीटने लगते।

पीड़िता का कहना है कि पति किसी दूसरी महिला से शादी करने के लिये मुझे प्रताड़ित करता है और तलाक लेना चाहता है।

हजारों लोग मंदिरों में आकर माथा टेकते हैं और मनौती मांगते

# अपनी सिद्धता के लिए विख्यात हैं कन्नौज के देवी मंदिर

संवाददाता

**कन्नौज।** इत्र और इतिहास की नगरी एवं महर्षि विश्वामित्र की तपस्थली कन्नौज में देवी मंदिरों में सिद्धपीठ माता के सात रूप विराजमान है। इन सात रूपों की पूजा सात मंदिरों में स्थापित फूलमती देवी, क्षेमकली देवी, सिंहवाहिनी, मौरारी देवी, गोवर्धनी देवी, शीतला देवी और तपेश्वरी देवी के रूप में होती है। इन देवी मंदिरों की सिद्धता कन्नौज के समीपवर्ती जनपदों में विख्यात है जहां के हजारों लोग मंदिरों में आकर माथा टेकते हैं और मनौती मांगते हैं।

इतिहास में यह है कि यह सातों देवी सात बहनें है। जो कन्नौज के ÷ महाराजा वेणुचक्र ÷ की कन्याएं हैं। इन सातों देवियों की असीम कृपा इस सुगंध नगरी कन्नौज पर बरस रही है। जिस कारण सुगंध नगरी कन्नौज आज भी देश विदेशों में विख्यात है। इतिहासकारों की मानें तो माँ फूलमती देवी के पिता वेणु चक्र कन्नौज के एक महान राजा थे। वह साम्राज्य के राजा होने के बावजूद राजकोष का एक भी पैसा अपने व अपने परिवार पर खर्च नही करते थे। अपना व अपने परिवार का भरण पोषण वह खजूर के पत्तों से बने पंखों को बेचकर धन जुटाकर करते थे। उनके सात पुत्रियां थी, जिसमें माँ फूलमती देवी, माँ क्षेमकली देवी, माँ सिंहवाहिनी, माँ मौरारी देवी, माँ गोवर्धनी देवी, माँ शीतला देवी व माँ तपेश्वरी देवी हैं।

इसिहासकारो ने बताया कि जब राजा की यह सातों पुत्रियां बड़ी हुई तो राजा वेणु को इनकी शादी की चिंता सताने लगी, लेकिन राजा के पास इतना कुछ नहीं था, जिससे कोई अच्छा वर राजघराने से जुड़ सके। राजा की चिंता देख राजा वेणु की सातों पुत्रियों ने वैराग्य धारण कर अलग-अलग स्थानों जाकर समाधि में लीन हो गयी। जो आज उन्हीं स्थानों पर सातों देवियों के भव्य मंदिर बने हुए है, यह सभी मंदिर सिद्धपीठ कहलाते हैं।



कन्नौज जिले में सात बहनों के सात सिद्धपीठ बने हुए हैं। सिद्धपीठ स्टेशन से करीब चार किलोमीटर दूर है।

सिद्धपीठ मां फूलमती देवी मंदिर की मान्यता है कि नवरात्रि के दिनों प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगना शुरू हो जाती है। मान्यता है कि मंदिर में स्थापित माता फूलमती प्रतिमा का नीर (स्नान कराए गए पानी) आंखों की ज्योति को बढ़ाता है। जिससे श्रद्धालु माता के इस नीर को अपनी आंखों की ज्योति बढ़ाने के लिए लगाते हैं और माता का आर्शीवाद लेते हैं। माता की कृपा से कई ऐसे चमत्कार भी इस मंदिर में हुए है जिससे कि लोग काफी दूर-दूर से माता के दर्शन को इस मंदिर में पहुंचते है। जिन पर माता निकलती है उन पर यह जल छिड़का जाता है ऐसी मान्यता है जल छिड़कने से माता शांत हो जाती है।

माता क्षेमकली का मंदिर गौरीशंकर मंदिर के समीप काफी ऊंचाई पर स्थित है। यह मंदिर भी काफी सिद्ध है। यहां पर महाराज जयचंद्र की पुत्री संयोगिता पूजा करती थी। इसके अलावा आल्हा ऊदल भी क्षेमकली मंदिर में पूजा करते थे। सिंहवाहिनी देवी मंदिर कन्नौज का सबसे रमणीक स्थल है। शांत वातावरण में स्थित सिंहवाहिनी देवी का मंदिर काफी विख्यात हैं। यहा पर कुछ देर बैठने पर मन को मानसिक शांति प्राप्त होती है। मां मौरारी देवी का मंदिर कन्नौज सिटी रेलवे स्टेशन के समीप स्थित है। इसकी भी काफी मान्यता है।

माता गोवर्धनी देवी का मंदिर काफी ऊंचे चबूतरे पर स्थित है। गोधनी गांव में स्थित यह मंदिर काफी सिद्ध है। जहां चैत्र मास में मंगलवार को मेला लगता है।

शीतला देवी का मंदिर सियरमऊ जलालाबाद में स्थित है यहां भक्त अपने बच्चो का मुंडन व अन्नप्राशन संस्कार कराने आते हैं। इस मंदिर की भी काफी ख्याति है। कन्नौज के देवी मंदिरों की कृपा भक्तों पर बरस रही है और यह मंदिर सैकड़ों वर्षों के बाद भी आस्था के केंद्र हैं।

# वाइल्डलाइफ के शौकीन करें इन नेशनल पार्कों की करें सैर

अगर आपको प्रकृति से प्यार है और जंगलों में जानवरों के अलावा हरे-भरे नजारे देखना चाहते हैं। तो आप भी आप भी भारत के प्रसिद्ध जंगलों को घूमने जा सकते हैं। आइए जानते हैं देश के फेमस जंगलों और इनकी खासियत के बारे में।

वैसे तो भारत में कई बड़े घने और ऊंचे जंगल पाए जाते हैं। जो देश को हरा-भरा और सुंदर बनाते हैं। देश के मिजोरम राज्य में सबसे ज्यादा जंगल है। वहीं मध्य प्रदेश में भी सबसे ज्यादा जंगल वाली भूमि है। देश के अलग-अलग राज्यों में जंगल है, जो पर्यटकों के घूमने के लिए खोले गए हैं। वहीं हाल ही में देश के प्रधानमंत्री मोदी असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में जंगल सफारी का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे थे।

अगर आपको प्रकृति से प्यार है और जंगलों में जानवरों के अलावा हरे-भरे नजारे देखना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश के सबसे सुंदर और फेमस जंगलों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी आप भी भारत के प्रसिद्ध जंगलों को घूमने जा सकते हैं। आइए जानते हैं देश के फेमस जंगलों और इनकी खासियत के बारे में।



**जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क**

यह नेशनल पार्क भारत का सबसे मशहूर वाइल्ड लाइफ पार्क है। बता दें कि यह एशिया का पहला उद्यान है। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में बाघों की कई प्रजातियां देखने को मिल जाएंगी। ऐसे में बारिश का मौसम छोड़कर यहां कभी भी जा सकते हैं। मार्च से मई महीने में यहां पर जाना सबसे बेहतर होगा।

**काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान**

यह राष्ट्रीय उद्यान विश्व में एक सींग वाले गैंडे के लिए काफी फेमस है। यह असम का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान है। असम में स्थित इस नेशनल पार्क में सेंट्रल कोहोरा रेंज है। यहां पर आप मिहिमुख क्षेत्र में हाथी की सवारी और जीप सफारी का आनंद ले सकते हैं। हाल ही में पीएम मोदी ने काजीरंगा नेशनल पार्क में जंगल सफारी की थी। ऐसे में आप भी प्राकृतिकता के बीच एडवेंचर ट्रिप का लुत्फ उठा सकते हैं।

**सुंदरवन का जंगल**

पश्चिम बंगाल में सुंदरवन का जंगल स्थित है। इसको भारत के सबसे बड़े और खतरनाक जंगल के रूप में जाना जाता है। भारत और बांग्लादेश दोनों में ही यह जंगल पड़ता है। गंगा नदी के डेल्टा पर यह जंगल स्थित है। आपको बता दें कि यह जंगल रॉयल बंगाल टाइगर के लिए जाना जाता है। यहां के खारे पानी में बहुत सारे मगरमच्छ हैं। इसी स्थान पर भारत की पवित्र नदियां गंगा, पद्मा, ब्रह्मपुत्र और मेघना आदि समुद्र में मिलती हैं।

**कान्हा राष्ट्रीय उद्यान**

आपको बता दें कि मध्य प्रदेश अपने जंगलों और राष्ट्रीय पार्क के लिए फेमस है। एमपी में एक ऐसा ही फेमस नेशनल पार्क है। जिसका नाम कान्हा राष्ट्रीय उद्यान है। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान को साल 1955 में नेशनल पार्क का दर्जा मिला था। इस पार्क में आपको विलुप्त हो चुकी बारहसिंघा की प्रजातियां देखने को मिल जाएंगी। यह नेशनल पार्क जबलपुर से 175 किमी दूर स्थित है।

**रणथंबोर नेशनल पार्क**

रणथंबोर नेशनल पार्क रावली और विंध्य की पहाड़ियों में फैला है। इस नेशनल पार्क में चीते, सांभर, बाघ, जंगली सूअर, चिंकारा, हिरण और तेंदुए की तमाम प्रजातियां पाई जाती हैं। इसके अलावा आप यहां पर पक्षियों की करीब 264 प्रजातियां देख सकते हैं। वहीं रणथंबोर नेशनल पार्क में जीप सफारी का लुत्फ उठाने के लिए अक्टूबर से लेकर जून तक के बीच जाना चाहिए।

## प्रकृति की गोद में बसा है हिमाचल का यह खूबसूरत गांव

अधिकतर लोग हिमाचल का नाम सुनते ही शिमला या मनाली के बारे में सोचने लगते हैं। बता दें कि हिमाचल में इन जगहों के अलावा भी घूमने के लिए कई पर्यटक स्थल हैं। आप यहां पर तोष गांव एक्सप्लोर कर सकते हैं।

भारत अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पूरे विश्व में फेमस है। भारत की अद्भुत प्राकृतिक नजारों के दीदार करने के लिए किसी पहाड़ी जगह पर जरूर जाना चाहिए। भारत के पहाड़, झील, झरने और वनस्पतियों से समृद्ध घने जंगल पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। वैसे तो भारत में घूमने के लिए कई ऐसे जगहें हैं, जो आपके मन को मोह लेंगी। लेकिन हिमाचल प्रदेश का लगभग हर स्थल दार्शनिक है। यहां पर गांवों से लेकर घाटी तक पर्यटकों का जमावड़ा



लगता है। हर साल हिमाचल प्रदेश की सुंदरता को निहारने के लिए यहां पहुंचते हैं।

अधिकतर लोग हिमाचल का नाम सुनते ही शिमला या मनाली के बारे में सोचने लगते हैं। बता दें कि हिमाचल में इन जगहों के अलावा भी घूमने के लिए कई पर्यटक स्थल हैं। जहां पर शांत वातावरण में आप आराम और सुकून के पल बिता सकते हैं। साथ ही आपका अधिक पैसा भी खर्च नहीं होगा। हिमाचल में शिमला-मनाली के अलावा तोष गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। जो बेहद खूबसूरत और बजट फ्रेंडली है। यहां पर आपको कई हसीन और खूबसूरत जगह देखने को मिलेंगी।

**तोष में यहां घूमें**

अगर आपको भी प्राकृतिक सुंदरता को पास से देखने का मन है, तो आप हिमाचल प्रदेश के पार्वती घाटी पर तोष नामक गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। बता दें कि यह गांव समुद्र तट से करीब 7900 की ऊँचाई पर बसा है। शहर की भागदौड़ और शोर-शराबे से दूर इस गांव में आप सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं। यहां पर आप झरने, झील और बर्फ से ढके पहाड़ आपके मन को मोह लेंगी।

**तोष में ट्रेकिंग**

इसके अलावा इस गांव में आपको कई तरह की एक्टिविटी का भी मजा ले सकते हैं। यहां पर ट्रेकिंग कर सकते हैं, जो आपके बजट में होगा। पार्टी के लिए भी यह बेहतरीन जगह है। आप चाहें तो तोष की लोकल पार्टी में भी शामिल हो सकते हैं।

**तोष घूमने का खर्च**

हिमाचल के तोष गांव में स्टे के लिए आपको रुकने के लिए कोई बड़ा होटल नहीं मिलेगा। हांलाकि यहां पर रुकने के लिए रिजॉर्ट है। इसके साथ ही गांव वालों के घर पर भी आपको रुकने की व्यवस्था हो सकती है। यहां पर आपको प्रकृति को करीब से देखने का अनुभव मिल सकता है। यहां पर रहना और खाना अन्य जगहों से काफी सस्ता है।

**कब पहुंचे तोष**

अगर आप भी तोष जाने का प्लान बना रहे हैं, तो सर्दियों में यहां जा सकते हैं। तोष में स्नोफॉल और बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच आप बेहद अच्छा समय यहां पर बिता सकते हैं। हांलाकि तोष काफी ऊंचाई पर है, इसलिए यहां पहुंचने में थोड़ी सी मुश्किल हो सकती है।

# समर में ड्रैगन फ्रूट खाने से मिलते हैं गजब के फायदे

ड्रैगन फ्रूट एक स्वादिष्ट और पौष्टिक फल है जो कई संभावित स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है।यह फ्रूट में पोषक तत्वों का खजाना है अगर इसे सुपर फूड कहे तो गलत नहीं। ड्रैगन फ्रूट को कच्चा खाते है, लेकिम आप चाहे तो इससे कई तरह के व्यंजन बना सकते है। जानिए ड्रैगन फ्रूट खाने के कुछ स्वास्थ्य लाभ।

ड्रैगन फ्रूट को पिताया भी कहा जाता है और यह एक उष्णकटिबंधीय फल है जो अमेरिका के मूल निवासी कई प्रकार के कैक्टस से प्राप्त होता है। यह अपनी चमकीली गुलाबी या पीली सतह और काले बीज के स्पष्ट, सफेद-मांसल आंतरिक भाग द्वारा पहचाना जाता है। ड्रैगन फ्रूट न केवल शारीरिक रूप से बेहतर है, बल्कि संतुलित आहार के हिस्से के रूप में सेवन करने पर इसके कई संभावित स्वास्थ्य लाभ भी हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार, लाल ड्रैगन फ्रूट के गूदे में बेलाटिन होता है, जो कोलेस्ट्रॉल, एलडीएल और अन्य स्वास्थ्य जोखिम कारक को काफी कम करता है। जानिए ड्रैगन फ्रूट खाने के कुछ स्वास्थ्य लाभ-

**पोषक तत्वों से भरपूर**

ड्रैगन फ्रूट में कैलोरी कम होती है लेकिन यह आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह विटामिन सी का एक अच्छा स्रोत है, जो प्रति 100 ग्राम फल में 9 मिलीग्राम तक प्रदान



करता है, जो अनुशंसित दैनिक सेवन का लगभग 10-20त है। ड्रैगन फ्रूट में बीटालेन और फ्लेवोनोइड जैसे विभिन्न एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर में हानिकारक मुक्त कणों को बेअसर करने और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में मदद करते हैं। इसमें उच्च मात्रा में आहार फाइबर होता है, जो पाचन स्वास्थ्य का समर्थन करता है, तृप्ति को बढ़ावा देता है और शुगर के लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**इम्यून सिस्टम को सपोर्ट करता है**

ड्रैगन फ्रूट में विटामिन सी की उच्च मात्रा वाइट ब्लड सेल्स के उत्पादन को उत्तेजित करके, संक्रमण और बीमारियों से लड़ने की शरीर की क्षमता को बढ़ाकर प्रतिरक्षा समारोह का समर्थन करने में मदद करती है।

**पाचन स्वास्थ्य को इम्प्रूव करता है**

ड्रैगन फ्रूट में मौजूद फाइबर सामग्री मल में मात्रा जोड़कर, नियमित मल त्याग को बढ़ावा देकर और कब्ज को रोककर पाचन में सहायता करती है। इसके अलावा ड्रैगन फ्रूट के प्रीबायोटिक गुण लाभकारी आंत बैक्टीरिया को पोषण देने में मदद कर सकते हैं, जिससे गट हेल्थ को समर्थन मिलता है।

**डिस्क्लेमर :** इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### हार्ट हेल्थ को बेहतर करता है

ड्रैगन फ्रूट में एंटीऑक्सिडेंट और फाइबर जैसे हार्ट -हेल्थ पोषक तत्व होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके, रक्तचाप में सुधार और स्वस्थ रक्त वाहिका कार्य को बढ़ावा देकर हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। हाइड्रेशन प्राप्त होता है ड्रैगन फ्रूट में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो इसे हाइड्रेटिंग फल का विकल्प बनाता है, खासकर गर्म जलवायु में या शारीरिक गतिविधि के दौरान। अच्छी सेहत और कल्याण के लिए हाइड्रेटेड रहना आवश्यक है।

### गुड फॉर स्किन हेल्थ

ड्रैगन फ्रूट में विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देने, त्वचा की लचीलेपन में सुधार करने और यूवी विकिरण और पर्यावरण प्रदूषकों के कारण होने वाली समय से पहले उम्र बढ़ने से बचाने में मदद कर सकते हैं।

### वजन प्रबंधन में सहायता मिलती

अपनी कम कैलोरी और उच्च फाइबर सामग्री के कारण, ड्रैगन फ्रूट वजन घटाने या वजन प्रबंधन आहार के लिए एक सबसे बढ़िया और पौष्टिक अतिरिक्त हो सकता है। फाइबर समग्र कैलोरी सेवन को कम करके तृप्ति की भावना को बढ़ावा देने में मदद करता है।

## अक्षय को टाइगर से पंगा लेना भारी पड़ा, पंच मार बड़े मियां का चौड़ा किया सीना

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसे देखकर लगता है कि अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने मोबाइल फोन खरीदने के लिए अक्षय कुमार की अनोखी शर्त को कुछ ज्यादा ही गंभीरता से ले लिया। अभिनेता ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें अक्षय और टाइगर पंचिंग बैग पर बॉक्सिंग का अभ्यास करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद टाइगर अक्षय के पास जाते हैं। वह अक्षय कुमार से नया मोबाइल फोन मांगते हैं। यह सुनकर, बड़े मियां अक्षय कुमार छोटे मियां टाइगर से कहते हैं, जब तक तू मेरा सीना चौड़ा नहीं करेगा ना, मैं तुझे कोई फोन लेकर नहीं दूंगा। इसके बाद टाइगर, अभ्यास करने में व्यस्त अक्षय के पास से गुजरते हैं, तभी अचानक टाइगर ने उन्हें पीछे से मुक्का (पंच) मार दिया, जिससे अक्षय का सीना चौड़ा हो गया। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर शेयर किए वीडियो को कैप्शन दिया, हमारा तो ऐसा ही चलता रहेगा, पर अब टाइम आ गया है छोटे स्क्रीन से बड़े पर्दे पे आने का...। फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अलाया एफ, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल (बुधवार) को रिलीज होने वाली है।

## स्पॉटलेस स्किन व घने बालों के लिए रश्मिका मंधाना करती हैं घरेलू नुस्खों पर भरोसा

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी प्यारी स्माइल के अलावा अपनी स्पॉटलेस ग्लोइंग स्किन के लिए भी जानी जाती हैं। उनका नो मेकअप लुक तो कमाल का है ही और उनके घने बाल भी लाजवाब हैं। कई लड़कियां एक्ट्रेस की खूबसूरती का राज जानना चाहती हैं। तो चलिए आज एक्ट्रेस के जन्मदिन के मौके पर बताते हैं उनकी ग्लोइंग स्किन और हेल्दी बालों का राज...

**ग्लोइंग स्किन के लिए**

-रश्मिका दिन भर में 3 लीटर पानी पीती हैं ताकि शरीर के सारे जवझ्पदे निकल जाए और स्किन अंदर से क्लीन हो, वहीं वो ब्यूटी प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल करने में भी बहुत सावधानी बरतती हैं। सन प्रोटेक्शन पर भी वो बहुत फोकस करती है। इसके अलावा कोई भी ब्यूटी प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पहले वो उनके इंग्रीडिएंट्स के बारे में जानकारी लेती हैं, ताकि उन्हें कोई साइड- इफेक्ट न हो।

- स्किन का खास ख्याल रखने के लिए वो एलोवेरा जेल इस्तेमाल करती है। तेज धूप में दिनभर शूटिंग के बाद स्किन को कूल करने के लिए वो एलोवेरा जेल को सूदिंग फेस मास्क की तरह इस्तेमाल करती हैं। आंखों की थकान, सूजन दूर करने के लिए वे एलोवेरा जेल को आंखों के नीचे अप्लाई करती हैं। बालों में भी वे एलोवेरा का इस्तेमाल करती हैं। इससे बाल सिल्की, शाइनी और मुलायम बनते हैं। इसके अलावा वो अपनी स्किन पर चावल, हल्दी पाउडर से तैयार फेस पैक भी अप्लाई करती हैं।



**बालों का ऐसे रखती हैं ख्याल**

-हेयर ऑयलिंग बालों के लिए बहुत फायदेमंद है और रश्मिका हफ्ते में 1- 2 बार कोकोनट ऑयल से अपने बालों को चंपी करती हैं।

-गर्मी के मौसम में पसीना बहुत आता है तो एक्ट्रेस बालों को साफरखने में हफ्ते में 2-3 बार माइल्ड शैंपू से हेयर वॉश करती हैं। बालों में कड़ी धूप के चलते बहुत डैमेज होता है तो एक्ट्रेस हेयर मास्क और हेयर सीरम लगाती हैं। इससे उनके बाल घने और जड़ से मजबूत रहते हैं।

# सुबह घंटों बाथरुम में बैठने के बाद भी साफ नहीं होता पेट तो आजमाएं ये नुस्खे

गलत खान-पान और खराब लाइफस्टाइल के कारण आजकल कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन सब का असर सिर्फशरीर ही नहीं बल्कि पाचन क्रिया पर भी होता है। गलत खान-पान के कारण अक्सर कुछ लोगों को अपच, एसिडिटी और कब्ज का सामना करना पड़ता है। पेट संबंधी समस्याओं के चलते कुछ लोगों का सुबह उठकर पेट भी साफ नहीं हो पाता। सुबह घंटों तक बाथरुम में बैठने के बाद भी कब्ज रहती है ऐसे में वह परेशान हो जाते हैं। यदि आपके साथ भी ऐसा ही होता है और सुबह उठकर पेट साफ नहीं हो पाता तो आज आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताते हैं जिन्हें आजमाकर आप समस्या से राहत पा सकते हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।



### नींबू पानी

सुबह उठकर पेट साफ करने के लिए आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं। एक गिलास गुनगुना पानी लें और उसमें नींबू का रस निचौड़ लें। अब इसमें थोड़ा सा काला नमक मिलाएं। इस पानी को सुबह खाली पेट धीरे-धीरे करके पिएं। नींबू पानी पीने से आपका पेट आसानी से साफ होने लगेगा। खाली पेट नींबू पानी का सेवन करने से आपको कब्ज की समस्या से राहत मिलेगी।

### अंजीर

पोषक तत्वों से भरपूर अंजीर का सेवन करके भी आप पेट को साफ कर सकते हैं। इसमें फाइबर काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। रातभर अंजीर को गर्म पानी में भिगोकर रखें और अगले दिन सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। अंजीर खाने से आपकी कब्ज दूर होगी और पेट अच्छे से साफहो जाएगा।

### सेब का सिरका

यह भी स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। पेट साफ करने के लिए आप इसका सेवन कर सकते हैं। यदि सुबह उठकर आपका पेट जल्दी साफनहीं होता तो सेब का सिरका आपके काम आएगा। एक गिलास गुनगुना पानी लें फिर इसमें 2 चम्मच सेब का सिरका मिलाएं। फिर इस पानी का सेवन करें। इस पानी को पीने के 5 मिनट बाद ही आपका पेट पूरी तरह से साफहोने लगेगा। सेब का सिरका पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करता है। इसके अलावा यह कब्ज में भी बहुत फायदेमंद माना जाता है।

### मुलेठी और गुड़


सुबह उठकर यदि आपका पेट साफ नहीं होता तो मुलेठी पाउडर आप गुड़ के साथ मिलाकर खा सकते हैं। एक गिलास गुनगुना पानी लें और फिर इसमें मुलेठी पाउडर और गुड़ मिलाकर पिएं। मुलेठी और गुड़ से बना पानी पीने से आंतों और पेट का मल आसानी से साफहो सकता है। यदि आप रोज इस पानी का सेवन करते हैं तो इसके 5 मिनट बाद ही आपका पेट अच्छी तरह से साफहो जाएगा।

### सौंफऔर जीरा पानी

पेट साफकरने के लिए सौंफ और जीरा भी लाभकारी साबित हो सकता है। इससे बना पानी पीने से आपका पेट साफ होने लगेगा। रात को एक गिलास पानी में सौंफ और जीरा भिगोकर रखें। फिर अगले दिन इस पानी को उबालकर और छानकर पिएं। सौंफ और जीरे से बना पानी पीने के कुछ देर बाद ही आपका पेट साफहोने लगेगा। गुनगुने पानी के साथ सौंफऔर जीरा पाउडर भी मिलाकर आप पी सकते हैं।

## खून की कमी दूर करेगा खजूर, खाली पेट खाने के जान लें ये फायदे

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अच्छा खान-पान जरुरी है। डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर सब्जियां, ड्राई फ्रूट्स शामिल करने से शरीर कई तरह की बीमारियों से दूर रहता है। ड्राई फ्रूट्स की बात करें तो खजूर का सेवन भी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसमें ऐसे कई सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाते हैं। खजूर में आयरन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पौटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, शुगर, विटामिन-बी6 मौजूद होता है। सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से शरीर के कई तरह के फायदे मिलते हैं। आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे में इस खास दिन पर आपको बताते हैं कि खजूर खाने से शरीर को क्या-क्या फायदे होंगे। आइए जानते हैं।



### खून की कमी होगी दूर

खजूर में आयरन बहुत अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ती है। यह शरीर में से खून की कमी दूर करने में मदद करता है। रोज सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में आयरन मिलता है और खून की कमी दूर होती है।

### कमजोरी होगी दूर

इसका सेवन करने से थकान और कमजोरी भी दूर होती है। इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को एनर्जी देने में मदद करते हैं। सुबह के समय इसका सेवन करने से शरीर सारा दिन एनर्जेटिक और दुरुस्त रहता है।

### मांसपेशियां बनेगी मजबूत

खजूर में प्रोटीन पाया जाता है ऐसे में इसका सेवन करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह हड्डियों को मजबूती देने में मदद करता है। बढ़ती उम्र में होने वाली हड्डियों से जुड़ी समस्याओं को दूर रखने के लिए आप खजूर को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल रहेगा कंट्रोल

इसमें मिनरल्स और पौटेशियम पाया जाता है ऐसे में इसका सेवन करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। इसमें पौटेशियम बाकी ड्राई फ्रूट्स की मुकाबले ज्यादा होता है ऐसे में यह ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद करता है।

### दिल रहेगा स्वस्थ

खजूर हार्ट के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। इसमें ऐसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो दिल को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। नियमित इसका सेवन करने से हार्ट मजबूत बनता है और दिल संबंधी बीमारियों का जोखिम भी कम होता है।

### कब्ज से मिलेगी राहत

इसमें मौजूद फाइबर पाचन को स्वस्थ रखने में मदद करता है। यदि आपको पेट संबंधी कोई समस्या है तो आप इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। रोजाना सुबह इसका सेवन करने से आपको कब्ज से राहत मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पेरिस के अपार्टमेंट में विस्फोट के बाद भीषण आग

**पेरिस।** पेरिस में एक आठ मंजिला अपार्टमेंट में विस्फोट के बाद आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। यह विस्फोट रविवार शाम को हुआ। हालांकि, विस्फोट के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। यह इमारत पेरिस के एरॉन्डिसमेंट में स्थित है। प्राथमिकी जांच के अनुसार, रू डी कैरोन की सातवीं मंजिल पर आग लगने से पहले एक विस्फोट हुआ। 11वें एरॉन्डिसमेंट के डिप्टी मेयर लुक लेबन ने कहा, पड़ोसियों को समझ नहीं आया कि यह विस्फोट कैसे हुआ, क्योंकि इमारत में गैस है ही नहीं। इस मामले की जांच आग या नुकसान पहुंचाने और जान से मारने के पहलु से भी की जा रही है। विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए राजधानी के दूसरे न्यायिक पुलिस जिले के जासूसों को नियुक्त किया गया है। विस्फोट के बाद आसपास के इमारतों में रहने वालों को घरों से बाहर निकाला गया। बाद में वे सुरक्षापूर्वक अपने घरों में वापस लौट आए। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में यह तीसरी बार है, जब फ्रांस की राजधानी में ऐसा विस्फोट हुआ है। इससे पहले 2019 में रू डी ट्रेविस में ऐसा विस्फोट हुआ था, जिसमें चार लोगों की मौत हुई थी। पिछले साल जून में 277 रू सेंट जैक्स में भी धमाका हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी।

### आदिवासी विद्रोही समूह का शीर्ष कमांडर गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की सुरक्षा एजेंसियों ने एक इस्लामिक आतंकवादी संगठन से संदिग्ध रूप से जुड़े एक आदिवासी विद्रोही समूह के एक वरिष्ठ कमांडर को रविवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि इस गिरफ्तारी से कुछ दिन पहले इस समूह ने दक्षिणपूर्वी पर्वतीय क्षेत्र में सरकारी बैंकअपराध रोधी त्वरित कार्रवाई बटालियन (रैब) ने बताया कि उन्होंने कुकी-चिन नेशनल फ्रंट (केएनएफ) के एक अहम समन्वयक चियोसिम बोम को गिरफ्तार किया है। रैब के क्षेत्र कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल एचएम सज्जाद ने बंदरबन में पत्रकारों को बताया, ''हमने बंदरबन शहर के बाहरी इलाके में उसके घर पर छापे के दौरान उसे एक बंद अलमारी में छिपे हुए पाया।''यह गिरफ्तारी ऐसे वक्त में की गयी है जब सेना प्रमुख जनरल शफीउद्दीन अहमद ने बंदरबन का दौरा किया जहां उन्होंने कहा कि सैन्य नेतृत्व ने केएनएफ को खत्म करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। खबरों के अनुसार, बैंक प्रबंधक को मध्यस्थता के जरिए तीन दिन बाद रिहा कर दिया गया लेकिन केएनएफ के इस कृत्य से आदिवासी जिला परिषद के प्रमुख को शांति वार्ता निलंबित करनी पड़ी।

### कुवैत के अमीर ने मंत्रिमंडल का इस्तीफा स्वीकार किया

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने रविवार को मंत्रिमंडल का इस्तीफा स्वीकार करते हुए एक डिक्री जारी की और नेशनल असेंबली को 17 अप्रैल को अपना पहला सत्र बुलाने के लिए कहा। सरकारी समाचार एजेंसी कुना द्वारा जारी पहले आदेश में कहा गया है कि अमीर ने प्रधानमंत्री और अन्य मंत्रियों के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है, साथ ही कहा कि वे नए मंत्रिमंडल के गठन तक अपने संबंधित पदों के जरुरी मामलों को संभालना जारी रखेंगे।

### म्यांमार में कार दुर्घटना में चार की मौत, आठ घायल

**यांगून।** पूर्वी म्यांमार के शान प्रान्त में कार दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी और आठ अन्य घायल हो गये। अग्निशमन सेवा विभाग के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना शान प्रान्त के ताउन्ग्यी टाउनशिप के पास रविवार को स्थानीय समयानुसार शाम करीब सात बजे उस समय हुई , जब एक 22-पहिए वाले ट्रक का ब्रेक फेल हो गया और वह टौंगयी-अयेथरयार सड़क से नीचे की ओर आने के दौरान कार से टकराया गया। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

# मोजाम्बिक में नौका पलटने से 90 लोगों की मौत

**देश के उत्तर में स्थित नामपुला प्रांत के लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जा रही थी नौका**

एजेंसी



**हरारे।** मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर रविवार को एक अस्थायी नौका पलट जाने से उसमें सवार बच्चों समेत 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय ऑनलाइन प्रसारणकर्ता 'टीवी डियारियो नामपुला' की खबर के अनुसार, नाव में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। उसने बताया कि नौका में 130 लोग सवार थे और डूबने वालों में कई बच्चे थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नौका देश के उत्तर में स्थित नामपुला प्रांत के लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जा रही थी और तभी वह पलट गई। ऐसा बताया जा रहा है कि कई लोग अब भी लापता है। बचाव प्रयास सोमवार को भी जारी रहा। 'टीवी डायरियो नामपुला' की खबर के अनुसार, कुछ लोग एक मेले में भाग लेने के लिए यात्रा कर रहे थे, जबकि अन्य लोग ''हैजा के संक्रमण से बचने के लिए लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जाने की कोशिश कर रहे थे।'' अन्य समाचार रिपोर्ट में नामपुला प्रांत के राज्य सचिव जैमे नेटो के हवाले से कहा गया कि कथित हैजा फैलने के बारे में गलत सूचना के कारण लोग घबरा गए और भागने की कोशिश में नाव पर चढ़ गए। यह नौका आमतौर पर मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल की जाती थी। मोजाम्बिक और उसके पड़ोसी दक्षिण अफ्रीकी देशों जिम्बाब्वे और मलावी हालिया महीनों में हैजा के प्रकोप से प्रभावित हुए हैं। मोजाम्बिक के कई स्थानों तक केवल नौकाओं के जरिए ही पहुंचा जा सकता है और इन नौकाओं में अकसर क्षमता से अधिक लोग सवार रहते हैं। देश में सड़क नेटवर्क खराब है और कुछ क्षेत्रों तक जमीन या हवाई मार्ग से पहुंचा नहीं जा सकता।

### अब राफा में अटैक करेंगे : इजराइली डिफेंस मिनिस्टर

**गाजा/तेल अवीव।** इजराइली सेना साउथ गाजा के खान यूनिस शहर से पीछे हट गई है। इजराइली सेना ने इजराइली मीडिया हारेत्ज से कहा, हमने सेना को वापस बुला लिया है। अब वहां सेना की जरूरत नहीं है। हमने वहां हजारों हमास आतंकियों को मार गिराया है। अब विस्थापित हुए लोग वापस जा सकते हैं वहीं, इजराइली के रक्षा मंत्री योव गैलेंट का कहना है कि इजराइली सैनिक खान यूनिस से हटने के बाद, राफा शहर में जमीनी हमले की तैयारी कर रहे हैं। यहां जंग शुरू होने के बाद से हवाई हमले हो रहे थे। अब सैनिक शहर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे। अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइल की सेना ने खान यूनिस पर 4 महीने पहले हमला किया था। वहीं, शहर लौटे लोगों का कहना है कि चारों तरफ सिर्फ मलबा दिखाई दे रहा है। सेना के पीछे हटने के बात खान यूनिस लौटीं माहा थाएर ने न्यूज एजेंसी-स्न्नक को बताया,यहां शहर तो बचा ही नहीं है, सिर्फ मलबा है। मैंने कुछ लोगों को मलबे से लाशों को निकालते देखा, यहां खून की बदबू है। मैं खुद को रोने से नहीं रोक पाई। सब तबाह हो गया। कतर के मीडिया हाउस अल जजीरा के मुताबिक, राफा में इस वक्त करीब 15 लाख लोगों हैं। इनमें ज्यादातर वो लोग हैं जो इजराइली हमले शुरू होने के बाद गाजा के अलग-अलग हिस्सों से भागकर यहां पनाह लेने पहुंचे। इजराइल डिफेंस फोर्सेस का दावा है कि गाजा के राफा इलाके में हमास की चार बटालियन मौजूद हैं और ढ्ढष्ठस्न इन्हें खत्म करके रहेगी। इसके बाद राफा के इलाके को खाली कराया जाएगा। सेना ने कहा है कि हमारी कोशिश है कि वहां जो भी सिविलियन्स मौजूद हैं, उन्हें नुकसान न पहुंचे। 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया था। 1200 लोगों की मौत हुई थी। हमास ने दावा किया था कि उसने इजराइल पर 5 हजार से ज्यादा रॉकेट दागे। कुछ घंटों बाद ही इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान कर दिया।जंग को 6 महीने हो गए हैं। गाजा में 33 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। इसमें 13 हजार से ज्यादा बच्चे हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, हर दिन करीब 180 लोगों की मौत हो रही है। 75 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं।

### सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती कारोबार में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी कोषों के प्रवाह के बीच घरेलू सूचकांक में सोमवार को शुरुआती कारोबार में तेजी आई। सेंसेक्स और निफ्टी अपने-अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स 307.22 अंक उछलकर 74,555.44 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर और एनएसई निफ्टी 79.6 अंक चढ़कर 22,593.30 पर रहा। निफ्टी शुरुआती सौदों के बाद 22,623.90 अंक के अपने सर्वकालिक शिखर पर और बीएसई 74,658.95 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों में से टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील कंपनियों के शेयर फायदे में रहे। विप्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयरों को नुकसान हुआ। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की225 फायदे में रहे।

# अमेरिका में सूर्य ग्रहण देखने जेल से छूटेंगे कैदी

एजेंसी




**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको में आज सुबह 11 बजते ही दिन में अंधेरा छा जाएगा। इसी के साथ साल के पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत होगी। पूर्ण सूर्य ग्रहण का असर मैक्सिको के साथ-साथ अमेरिका में भी होगा। जहां ग्रहण के रास्ते में प?ने वाले कम से कम 12 राज्यों में करीब 4 मिनट 28 सेकेंड तक दिन में अंधेरा रहेगा। ग्रहण को लेकर अमेरिका में क्रेज इतना है कि न्यूयॉर्क शहर में 6 कैदियों को इसे देखने के लिए रिहा किया जाने का फैसला लिया गया है। इन कैदियों ने अर्जी डाली थी कि इन्हें ग्रहण देखने दिया जाए।

टाइम मैग्जीन के मुताबिक अमेरिका में सूर्य ग्रहण को लेकर 13 हजार करो? रुपए का कारोबार होने की संभावना है। सूर्य ग्रहण के रूट में प?ने वाले विमानों में टिकट की मांग 1500त्न तक ब? गई है। इससे पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण 7 साल पहले 2017 में लगा था। तब 2 मिनट तक दिन में अंधेरा छाया रहा था। इस बार के सूर्य ग्रहण का असर ज्यादा होगा ये ज्यादा इलाकों में दिखाई देगा। अमेरिका में अगला पूर्ण सूर्य ग्रहण 2045 में लगेगा। गुरुत्वाकर्षण बल की वजह से पृथ्वी और सभी दूसरे ग्रह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 365 दिनों में एक चक्कर लगाती है। चंद्रमा एक उपग्रह है, जो पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाता है।

पृथ्वी के चारों ओर एक चक्कर लगाने में चंद्रमा को 27 दिन लगते हैं। चंद्रमा के चक्कर लगाने के दौरान कई बार ऐसी स्थिति बनती है जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच आ जाता है, तो सूर्य की रोशनी धरती तक नहीं पहुंच पाती है। इसे सूर्यग्रहण कहते हैं। ज्यादातर सूर्य ग्रहण अमावस्या के दिन होते हैं, क्योंकि तब चंद्रमा पृथ्वी के करीब होता है। हर 18 महीने में दुनिया के किसी न किसी हिस्से में सूर्य ग्रहण जरूर लगता है।

लुइजियाना युनिवर्सिटी में एस्ट्रोनॉमी के प्रोफेसर ब्रेडली शेफर कहते हैं कि हजारों सालों से इंसान ने आसमान को या तो डर या सम्मान से देखा है। पहले के समय में लगभग हर सभ्यता में सूरज को भगवान का दर्जा मिला है। इसलिए सूर्य ग्रहण से जुड़ी घटनाओं के कई किस्से और कहानियां हैं। करीब 2,622 साल पहले 28 मई 585 ईसा पूर्व की बात है। तुर्किये में हेलिस नदी के किनारे मेडेस और लिडिया नाम के 2 ताकतवर साम्राज्यों के बीच जंग छिड़ थी। ग्रीक इतिहासकार हीरोडोटस के मुताबिक मेडेस के राजा ने कुछ शिकारियों का अपमान किया था।

बदला लेने के लिए शिकारियों ने राजा के बेटे की हत्या कर दी और भागकर पड़ोसी साम्राज्य लिडिया में पनाह ले ली। जब मेडेस के राजा ने बेटे के हत्यारों को सौंपने को कहा तो लिडिया के राजा ने इनकार कर दिया। इस बात पर नाराज होकर मेडेस ने लिडिया के खिलाफ जंग छेड़ दी। 6 साल गुजरने के बावजूद जंग रुकने का नाम नहीं ले रही थी। ग्रीक इतिहासकार हीरोडोटस लिखते हैं, एक रोज जब दोनों सेनाएं कत्लेआम में जुटी थीं कि अचानक दिन में ही अंधेरा छाने लगा। वो दिन पूर्ण सूर्य ग्रहण का था। इस बदलाव को देखकर मेडेस और लिडियंस हैरान रह गए।

# ब्राजील के न्यायाधीश ने एलन मस्क के खिलाफ जांच शुरू की

एजेंसी

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के शीर्ष न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' के मालिक एलन मस्क के खिलाफ कुछ खातों को ब्लॉक करने के अदालत के आदेश को चुनौती देने तथा न्याय में बाधा डालने और कई पूर्व खातों पर असंवैधानिक प्रतिबंध हटाने की घोषणा के बाद जांच शुरू कर दी है।

एक अदालती दस्तावेज़ के हवाले से कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि ब्राज़ीलियाई शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश अलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने रविवार को अपनी सोशल मीडिया कंपनी एक्स से जुड़े न्याय में बाधा डालने के लिए श्री मस्क के खिलाफ जांच शुरू की। श्री मस्क ने पिछले साल आठ जनवरी के दंगों के अपराधियों से संबंधित कुछ खातों को ब्लॉक करने के न्यायाधीश मोरेस के फैसले को चुनौती दी। इन दंगों में ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के दूर-



दक्षिणपंथी हजारों समर्थकों ने देश की कांग्रेस, शीर्ष न्यायालय और राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया था। इससे पहले रविवार को श्री मस्क ने पोस्ट किया था कि एक्स प्रतिबंध हटा देगा, क्योंकि वे असंवैधानिक थे। उन्होंने न्यायाधीश मोरेस से इस्तीफा देने या महाभियोग चलाने का भी आह्वान किया। न्यायाधीश मोरेस ने अपने आदेश में लिखा कि श्री मस्क ने शीर्ष अदालत के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाया है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार यदि एक्स आदेश का पालन करने में विफल रहता है, तो उस पर प्रति दिन 100,000 रियास (19,774 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया जाएगा।

# खत्म हो रहीं हैं यूक्रेन की मिसाइलें : जेलेंस्की

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि देश के पास मौजूद मिसाइलें खत्म होने वाली हैं। उन्होंने कहा, अगर रूस लगातार यूक्रेन पर तेज हमले करता रहा तो हमारे पास मिसाइलें खत्म हो जाएंगी। रूस यह बात जानता है फिर भी हमला कर रहा है। हमारे पास अभी लड़ने के लिए मिसाइलें और ड्रोन हैं लेकिन ये जल्द खत्म हो जाएंगे। रूस ने 6 अप्रैल की रात यूक्रेन के खार्कीव शहर पर हमला किया।

8 लोगों की मौत हो गई। रूसी सेना ने बम और मिसाइलों का इस्तेमाल किया। हालांकि यूक्रेन ने दावा किया कि हमला ड्रोन से किया गया। खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि यहां रात भर मिसाइल हमले हुए, जिसमें 6 लोग मारे गए। वहीं कई लोग घायल हुए, जिसमें दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस बीच, खार्किव के मेयर इगोर तेरेखोव ने भी मौते के आंकड़े की पुष्टि की और कहा कि करीब 10 लोग घायल हुए हैं। कतर के मीडिया हाउस अल जजीरा के



मुताबिक, तेरेखोव ने कहा, ÷हमले रेसिडेंशियल एरिया में किए गए। 9 इमारतों, 3 रेफ्यूजी कैंप शयनगृह, कई कारें तबाह हो गईं। यूक्रेनी वायुसेना कमांडर के मुताबिक, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर ईरान में बने ड्रोन और छह मिसाइलें दागीं। लेफ्टिनेंट जनरल मायकोला ओलेशचुक ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन ने तीन क्रूज मिसाइल और 28 ड्रोन को मार गिराया। जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश में कहा कि यूक्रेन सेना के पास मिसाइलें खत्म होने वाली हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हालात बिगड़ते जा रहे हैं। सैनिकों को यह मुश्किल विकल्प चुनना पड़ रहा है कि किसकी रक्षा की जाए। हमें अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की जरूरत है। 24 फरवरी 2022 को रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद अमेरिका ने यूक्रेन को पैट्रियट एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम दिए थे। ये आसमान से आने वाले किसी भी खतरे को भांप कर मार सकता है।

एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के अलावा भी यूक्रेन अमेरिका से सैन्य पैकेज चाहता है। दरअसल, पिछले एक साल से अमेरिका की तरफ से यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद रुकी हुई है। इसकी वजह अमेरिकी संसद में मदद प्रस्ताव को बहुमत नहीं मिलना है। बाइडेन ने यूक्रेन की मदद के लिए 4.97 लाख करोड़ रुपए के मिलिट्री पैकेज का प्रस्ताव दिया था। इस पर ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी अड़ंगा लगा रही है। फरवरी 2024 में रूस-यूक्रेन जंग को 2 साल पूरे हो गए। अमेरिका के मुताबिक जंग में अब तक रूस के 1 लाख 80 हजार और यूक्रेन के 70 हजार सैनिक मारे जा चुके हैं। यूक्रेन के 5 बड़े शहरों पर रूस का कब्जा है। दोनों देश समझौते को तैयार नहीं है। यूक्रेन का कहना है कि जब तक रूस उनके राज्यों से कब्जा नहीं हटा लेता है वो हमले जारी रखेंगे। जबकि रूस यूक्रेनी राज्यों से कब्जा नहीं छोड़ना चाहता।

# खत्म नहीं हो रही विस्तारा एयरलाइंस की मुश्किल, कम की 10 प्रतिशत उड़ानें

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कुछ दिनों से विस्तारा एयरलाइंस में पायलट्स की कमी का असर साफ तौर पर दिख रहा है। रविवार को विस्तारा ने कहा कि वह अपनी क्षमता में 10 प्रतिशत या लगभग 25-30 उड़ानें प्रतिदिन कम कर रही है। दरअसल विस्तारा एयरलाइंस पायलट्स की कमी से जूझ रही है और उड़ानों को स्थिर करने का प्रयास लगातार जारी है। बता दें कि विस्तारा एयरलाइंस को 31 मार्च से हर दिन 300 से अधिक उड़ानें संचालित करनी थीं।

विस्तारा का कहना है कि हम सावधानीपूर्वक प्रतिदिन लगभग 25-30 उड़ानों तक कम कर रहे हैं। यानी लगभग 10 प्रतिशत उड़ानें कम की जा रही हैं। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि रोस्टरों में बहुत लचीलेपन और बफर देने करने की आवश्यकता है। रद्दीकरण का असर ज्यादातर घरेलू नेटवर्क में देखा जा रहा है। विस्तारा का कहना है कि ग्राहकों की असुविधा कम करने के लिए उन्हें समय से पहले ही सूचित किया जा रहा है। सभी प्रभावित यात्रियों को पहले ही अन्य उड़ानों में समायोजित कर दिया गया है। बता दें कि इस सप्ताह की शुरुआत में कई पायलटों की तबीयत खराब होने के कारण कंपनी को बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

शुक्रवार को विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन ने कहा कि उड़ानें रद्द होने का मुख्य कारण बढ़ा हुआ रोस्टर है। बीते गुरुवार को विस्तारा एयरलाइंस के पायलट्स ने थकान की शिकायत की थी और इसका सीधा असर सुरक्षा पर पड़ता है। पायलट्स का कहना है कि वह अधिकतम फ्लाइट ड्यूटी की सीमा तक पहुंच गए हैं और थकान की वजह से वे जल्दी जल्दी बीमार हो रहे हैं। विस्तारा एयरलाइंस के कई पायलट बीमार बताए जा रहे हैं। वहीं कई एयर इंडिया के साथ विस्तारा के विलय के बाद लाए जाने वाले सैलरी स्ट्रक्चर से खुश नहीं हैं और इसका विरोध कर रहे हैं।

# नियमों का पालन नहीं करते चीनी : मरियम

**प्रोटोकॉल के नाम पर भड़क जाते हैं चीनी इंजीनियर**

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान में पूर्व क्क्रू नवाज शरीफ की बेटी और पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने कहा है कि देश में रह रहे चीनी नागरिक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते हैं। लाहौर में एक हाई-लेवल कमेटी की बैठक में मरियम ने कहा, ÷चीन के नागरिकों से जब सुरक्षा प्रोटोकॉल को मानने के लिए कहा जाता है तो वे भड़क जाते हैं। वे किसी भी तरह के अनुशासन का पालन करने में चिढ़चिढ़ाते हैं।

दरअसल, 25 मार्च को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में चीन के इंजीनियरों पर हमला हुआ था। इस आत्मघाती हमले में 5 चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। जियो न्यूज के मुताबिक हमले के वक्त गाड़ी बिशम शहर से गुजर रही थी। पंजाब की ष्टरू मरियम नवाज ने इसी सिलसिले में बैठक की। इसमें लाहौर के कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आमेर रजा



और फौज के कई अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान मरियम ने आश्वासन दिलाया कि उनकी सरकार हर हाल में चीनी कामगारों की मदद करेगी। साथ ही खैबर में हुए हमले की निंदा भी की। मरियम ने कहा, ÷आज आतंकी भी डिजिटलाइज्ड हो गए हैं। ऐसे में हमें उनसे आगे निकलने की जरूरत है। आतंकियों के पास नए जमाने की तकनीक और हथियार हैं। उनके पास अमेरिका के वो हथियार हैं जिन्हें वे अफगानिस्तान में छोड़ गए थे। अफगानिस्तान से आतंकियों तक पहुंच रहे ये हथियार हमारी पुलिस फोर्स और एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती हैं। ÷ पंजाब की मुख्यमंत्री ने कहा, ÷आतंकी अब युवाओं को भी चालाकी से अपने संगठनों में भर्ती कर रहे हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है।÷ दूसरी तरफ, शुक्रवार को सामने आए एक स्टेटमेंट के मुताबिक, अब क्क्रू शहबाज शरीफ खुद चीनी नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ी बैठकों को रिव्यू करेंगे। पाकिस्तान में कई बार चीनी नागरिकों को टारगेट करके आतंकी हमले होते रहे हैं। 26 मार्च को हुए अटैक में विस्फोटकों से भरे आतंकियों के वाहन ने इंजीनियरों की गाड़ी में टक्कर मार दी थी। आतंकी हमले के घंटे भर बाद ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ इस्लामाबाद पहुंच गए थे और चीन के राजदूत से मुलाकात कर सफाई दी थी। शरीफ ने राजदूत को आश्वासन दिलाया था कि पाकिस्तान आतंकवाद के अंत तक इसके खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा। जापान के अखबार 'निक्केई एशिया' ने पाकिस्तान में मौजूद चीनी नागरिकों और उनके कारोबार पर खतरे को लेकर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन किया था। इसकी रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के तमाम आतंकी संगठन चीनी नागरिकों और उनके कारोबार या कंपनियों को ही निशाना बनाने की साजिश रच रहे हैं। इसकी वजह यह है कि बीते 5 साल में यहां उनकी ताकत और रसूख बहुत तेजी से बढ़ा है।

# बर्खास्त मालदीव मंत्री ने तिरंगे के अपमान पर माफी मांगी

एजेंसी

**माले।** मालदीव की बर्खास्त मंत्री मरियम शिउना ने एक बार फिर भारत का अपमान किया और फिर माफी भी मांगी है। उन्होंने विपक्षी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (स्ठ्ठक्क) को निशाना बनाने के लिए भारतीय तिरंगे का इस्तेमाल करते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया। इस पर विवाद होने लगा। विवाद को बढ़ता देख मरियम ने बाद में इसे हटा दिया और माफी मांगी। दरअसल, शिउना ने स्ठ्ठक्कपर निशाना साधने के लिए ङ्ग पर एक फोटो शेयर की थी। इसमें स्ठ्ठक्कके कैंपेन पोस्टर पर तिरंगे का अशोक चक्र और भारत की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (क्चछ्वक्क) का चुनाव चिन्ह लगाया गया था। पोस्ट में मरियम में लिखा, ÷स्ठ्ठक्क रास्ता भटक रही है। मालदीव के लोग उनके साथ गलत रास्ते पर नहीं जाना चाहते।÷ इसके पहले मरियम शिउना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में क्क्रू मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। इसी विवाद के बाद उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त किया



गया था। मरियम ने इस मामले पर माफी मांगी है। उन्होंने ङ्ग पर लिखा, मैं पोस्ट से फैले भ्रम के लिए माफी मांगती हूं। मुझे पता चला कि स्ठ्ठक्क के लिए इस्तेमाल तस्वीर भारतीय ध्वज से मिलती-जुलती है। गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ।

मुझे खेद है। कुछ भी जानबूझकर नहीं किया गया। मालदीव, भारत के साथ संबंधों को बहुत महत्व देता है। मैं ध्यान रखूंगी कि भविष्य में मेरी तरफ से इस तरह की गलत न हो। पोस्ट करने से पहले सब वेरिफाई करूंगी। यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब भारत ने कहा कि वो मालदीव को दी जाने वाली मदद जारी रखेगा। अब सोशल मीडिया पर लोग इसका विरोध कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- भारत जरूरी सामान जैसे चावल, शक्कर, प्याज मालदीव को देगा।

भारतीय तिरंगे का अपमान दिखाता है कि भारत को मदद नहीं करनी चाहिए। दरअसल, पीएम मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें खूबसूरती के लिहाज से लक्षद्वीप अब मालदीव को टक्कर देता नजर आया। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं।

इससे मालदीव के मंत्री और नेता नाराज नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में क्क्रू मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। साथ ही कहा कि भारत सर्विस के मामले में मालदीव का मुकाबला नहीं कर सकता। 15 नवंबर 2023 को मालदीव के नए राष्ट्रपति और चीन समर्थक कहे जाने वाले मोहम्मद मुइज्जू ने शपथ ली थी।

इसके बाद से भारत और मालदीव के रिश्तों में खटास आई है। इसकी 4 वजह हैं- मोदी-भारत पर आपत्तिजनक टिप्पणी, सेलेब्रिटीज लक्षद्वीप पर्यटन को बढ़ावा दे रह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाली मालदीव की महिला मंत्री मरियम शिउना को कैबिनेट से सस्पेंड कर दिया गया। शिउना के अलावा दो और डिप्टी मिनिस्टर्स माल्शा शरीफ और अब्दुल्ला महजूम माजिद को भी सस्पेंड किया गया।

### जापान के मियाज़ाकी प्रान्त में भूकंप के झटके

**टोक्यो।** जापान के मियाज़ाकी प्रांत में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। जेएमए ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10:25 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र पूर्वी ओसुमी प्रायद्वीप से 31.6 डिग्री उत्तर अक्षांश और 131.5 डिग्री पूर्व देशांतर पर 40 किलोमीटर की गहराई पर था1 जेएमए ने कहा कि मियाज़ाकी और कागोशिमा प्रांतों के कई क्षेत्रों में भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर चार दर्ज की गई। भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं होने के कारण अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### आकाश एजुकेशनल ने दीपक मेहरोत्रा को एमडी और सीईओ किया नियुक्त

**नयी दिल्ली।** शिक्षण प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू समूह की कंपनी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने दीपक मेहरोत्रा को अपना प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सितंबर 2023 में अभिषेक माहेश्वरी के कंपनी से इस्तीफा देने के बाद से आकाश में सीईओ का पद रिक्त था। कंपनी ने एक बयान में कहा, मेहरोत्रा ने तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभाल लिया है। बायजू के संस्थापक एवं चेयरमैन बायजू रविन्द्रन ने कहा, '' पियर्सन इंडिया के प्रबंध निदेशक के रूप में उनका व्यावसायिक कौशल व शानदार रिकॉर्ड आकाश बायजू के विकास का आगे बढ़ाने में मदद करेगा...'' मेहरोत्रा के पास एफएमसीजी (दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं) , दूरसंचार और शिक्षा क्षेत्र में काम करने का अनुभव है।

# गोदरेज प्रोपर्टीज ने तीन दिन में बेचे 1,050 लक्जरी मकान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने हरियाणा के गुरुग्राम में अपनी नई परियोजना पेश करने के तीन दिन के भीतर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 1,050 से अधिक मकान बेचे हैं। यह आवासीय क्षेत्र में मजबूत बिक्री गति को दर्शाता है। पिछले 18 महीने में गुरुग्राम में पेश की गई आवासीय परियोजनाएं सफल रही हैं। वहां अपार्टमेंट बिक्री के लिए पेश किए जाने के कुछ दिन के भीतर ही बिक जाते हैं।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया, '' मूल्य और बिक्री के मामले में यह गोदरेज प्रॉपर्टीज की अभी तक की सबसे सफल परियोजना रही।'' यह परियोजना गुरुग्राम में जीपीएल का सबसे बड़ा आवासीय विकास है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी गौरव पांडे ने कहा, '' गुरुग्राम गोदरेज प्रॉपर्टीज के लिए एक बेहद



महत्वपूर्ण बाजार है। हम आने वाले वर्षों में गुरुग्राम में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की कोशिश करेंगे।'' जीपीएल ने कहा, ''कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में गुरुग्राम में बिक्री में सालाना आधार पर 473 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक मजबूत आधार पेश करती है...'' गोदरेज प्रॉपर्टीज व्यवसाय समूह गोदरेज ग्रुप का हिस्सा है। यह देश के अग्रणी डेवलपर्स में से एक है। यह मुख्य रूप से मुंबई महानगर क्षेत्र, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पुणे और बेंगलुरु में आवासीय परियोजनाओं का विकास करता है। इसने हाल ही में हैदराबाद बाजार में प्रवेश किया है।